वर्ष- 11 अंक-229
लखनऊ, सोमवार 08 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



चाहे जीजा आएं या दीदी, खिलेगा कमल ही : ब्रजेश पाठक 03

140 करोड़ लोगों के विकास के लिए मोदी जरूरी : धामी 12

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के नवादा में जनसभा के दौरान विपक्षियों पर साधा निशाना, कहा

# इंडी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना

▸ राम मंदिर सरकारी तिजोरी से नहीं बल्कि लोगों के चंदे से बना

एजेंसी

**पटना/नवादा।** लोकसभा चुनाव के माहौल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार के नवादा पहुंचे। यहां जनता को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन मतलब भ्रष्टाचारियों का ठिकाना। इंडी गठबंधन यानी देशविरोधी नफरती ताकतों का ठिकाना। इंडी गठबंधन के पास न कोई विजन है, न विश्वविसनीयता। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नवादा के कुंती नगर में भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया।



उन्होंने कहा कि बिहार में इंडी गठबंधन एक उम्मीदवार खड़ा करता है, तो दूसरा नेता कहता है कि वो असली नेता है। यहां तो घमासान मचा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लोग दक्षिण भारत अलग करने की बात कहते हैं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग के विचार हैं। ये घोषणा पत्र नहीं तुष्टिकरण का पत्र है। भ्रष्टाचारियों को छुड़ाने के लिए इंडी गठबंधन बना है। हम कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। कांग्रेस-राजद एक भी वोट पाने के हकदार नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राम मंदिर सरकारी तिजोरी से नहीं बना, बल्कि लोगों के चंदे से बना है। किसी ने 5, किसी ने 10 रुपये दिए। विपक्ष ने कहा कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे। क्या ये शोभा देता है। और जब उनकी पार्टी के कुछ लोग राम मंदिर आ गए, तो पार्टी से 6 साल के लिए निकाल दिया। ये पाप करने वालों को भूलना मत। मोदी ने कहा कि बिहार के लोगों को लंबे समय तक जंगलराज में जीवन गुजारना पड़ा। बिहार में एक वह भी समय था कि हर मां अपनी बेटियों के घर से बाहर निकलने पर डरती थीं। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। नीतीश कुमार और सुशील मोदी के प्रयासों से बिहार उन परिस्थितियों से बाहर निकला है। अब हर बहन के पास मोदी की गारंटी भी है। अब मोदी की गारंटी है कि गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि मोदी देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में जुटा है। मैं भी आपकी तरह ही गरीबी को जी कर यहां आया हूं। मैं कभी भूल नहीं सकता कि 2014 के पहले देश की क्या स्थिति थी, करोड़ों देशवासियों के पास न घर था, न शौचालय था और न पीने के लिए स्वच्छ पानी। अस्पताल में इलाज के लिए गरीबों को दर-दर भटकना पड़ता था। गरीबी का बेटा मोदी गरीब का सेवक है। मैं जब तक गरीबी दूर नहीं कर लूंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। बीते दस वर्षों में जो काम हुआ वह आजादी के छह दशकों में भी नहीं हुआ था। जब नीयत सही होती है और हौसले बुलंद होते हैं तो नतीजे भी मिलते ही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साथियों मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है और सही समय है। हमलोग मिलकर काम करें तो भारत विकसित हो सकता है। अपनी गरीबी दूर कर सकता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं है। इसलिए 2024 का लोकसभा चुनाव काफी अहम हो गया है। बीते 10 साल में बिहार के लोगों ने देशहित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं।

## गरीबों को ध्यान में रखकर व योजनाएं बनाकर कार्य कर रही केंद्र सरकार : योगी

**भरतपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान की चुनावी सभा में पहुंचे। उनकी पहली जनसभा भरतपुर लोकसभा क्षेत्र में हुई। यहां से पूर्व सांसद व भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार रामस्वरूप कोली के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि अबकी बार 400 पार के लिए रामस्वरूप कोली को भी विजयी बनाना होगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र की मोदी व राज्य की भजनलाल सरकार के कार्यों के बलबूते भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया तो वहीं कांग्रेस को निशाने पर रखा। साथ ही राजस्थान विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने के लिए राजस्थान वासियों के प्रति आभार जताया। सभा में कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निशाने




पर रही। उन्होंने कहा कि एक तरफ द गार्डियन की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुन कर आतंकवादी मारे जा रहे हैं। दुनिया आतंकवाद को बोझ मान रही है। समाज के बोझ यह आतंकवादी मारे ही जाने चाहिए। यह सबकी सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार के समय गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी। वहीं मोदी जी चार साल से 80 करोड़ गरीबों को फ्री राशन की सुविधा दे रहे हैं। केंद्र सरकार किसानों, गरीबों, महिलाओं, युवाओं को ध्यान में रखकर अपनी योजनाओं को बनाते हुए कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया की ताकत बन रहा है। दो-तीन दिन पहले इंग्लैंड के प्रतिष्ठित समाचार द गार्डियन की रिपोर्ट ने बताया कि पाकिस्तान के अंदर 20 दुर्दांत अपराधी मारे गए हैं।

# भ्रष्टाचारियों को बचाना चाहता है विपक्षी गठबंधन : जेपी नड्डा

▸ बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा को किया संबोधित

एजेंसी

**चेन्नई (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के अरियालुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन के कई नेता या तो जमानत पर हैं या जेल में हैं। एक तरफ भ्रष्ट लोगों को बचाने की कोशिश हो रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए संकल्पित हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को यहां अपने चुनाव प्रचार के दौरान एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसे नेता जेल गए, जबकि सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल सहित कांग्रेस नेता जमानत पर हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि मैं भ्रष्टाचार खत्म कर दूंगा, लेकिन इंडी गठबंधन के नेता कहते हैं कि भ्रष्ट लोगों को बचाएंगे। यह उनकी कार्यशैली है।



नड्डा ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु में डीएम की वंशवाद की कार्य शैली अपनाकर ठगी कर अपना महल खड़ा किया है और उसकी सहयोगी कांग्रेस भी अपने परिवारों और वंशज को लेकर खुद को भ्रष्टाचार से बचाने की कोशिश कर रही है। नड्डा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में विपक्षी नेताओं की पारिवारिक पार्टियां हैं और अपने वंशवाद और अपनों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट द्रमुक शासन के तहत तमिलनाडु में भी विकास खतरे में है। लोगों को भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए द्रमुक और उसके सहयोगियों को उखाड़ फेंकना चाहिए। यहां कार्यकर्ताओं और आमजन में उत्साह, जोश और जोश देखने को मिला, उससे उन्हें विश्वास है कि लोग भाजपा उम्मीदवारों को संसद में भेजेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी स्टेशन पर ट्रेन में बम की अफवाह से हड़कंप

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार को ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की एक बोगी में बम की अफवाह से हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस के मुताबिक ट्रेन के एक यात्री ने सूचना दी कि ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन की बोगी में एक गठरी में संदिग्ध वस्तु है, जो बम भी हो सकती है। इसके बाद जीआरपी, आरपीएफ, बाराबंकी सीओ सदर, सीओ सिटी के साथ एडिशनल एसपी चिरंजीवी नाथ सिन्हा फोर्स एवं बम डिस्पोजल स्क्वाड के साथ स्टेशन पहुंचे। टीम ने ट्रेन के प्रत्येक डिब्बे की सघन तलाशी ली। एडिशनल एसपी सिन्हा ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलते ही फोर्स स्टेशन पर पहुंच गई और बम डिस्पोजल स्क्वाड एवं डॉग स्क्वाड ने ट्रेन के प्रत्येक डिब्बे की चेकिंग की, लेकिन उसमें कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर से रवाना किया गया।

### समाज की सज्जनशक्ति मिलकर करे काम : भागवत

**वडोदरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव का जागरण और अपने नागरिक कर्तव्यबोध के आधार पर समाज की सज्जनशक्ति संगठित होकर काम करे तो सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होगा। डॉ. भागवत ने दो दिवसीय गुजरात प्रवास के अंतिम दिन रविवार को वडोदरा में आयोजित प्रबुद्धजन गोष्ठी में कहा कि समाज में व्याप्त जाति-पाति के भेद को दूर करने के लिए सज्जन शक्ति का नेटवर्क बनाने जैसे विशेष प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश जोशी उपाख्य भैयाजी जोशी ने कहा कि दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति और परंपरा के वाहक हमलोग हैं। समय के साथ समाज जीवन में आए दोषों के कारण पैदा होने वाली समस्याओं का समाधान भी समाज की सज्जन शक्ति के प्रयास में निहित है।

### एनसीपी शरद गुट के नेता एकनाथ भाजपा करेंगे जॉइन

**नई दिल्ली।** एनसीपी शरद गुट के नेता एकनाथ खडसे भाजपा में शामिल होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि मेरी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई। मेरी कोशिश होगी कि 15 दिन के अंदर भाजपा जॉइन कर लूं। खडसे ने ये भी कहा कि मैं चंद्रपुर सभा के दौरान भाजपा में प्रवेश नहीं करूंगा। मैं दिल्ली में पार्टी में शामिल होऊंगा। किस दिन भाजपा में शामिल होंगे, इस सवाल पर खड़से ने कहा कि जिस दिन पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से तारीख मिलेगी, उस दिन शामिल हो जाऊंगा। खडसे के मुताबिक, पार्टी में कई वरिष्ठ नेताओं से चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि मुझे बीजेपी में रहना चाहिए।

## पीएम की सभा में शामिल होने जा रहे समर्थकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 18 घायल

**जलपाईगुड़ी।** धुपगुड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। वाहन में सवार 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर है। घायलों को जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. जयंत कुमार राय के समर्थन में रविवार को प्रधानमंत्री धुपगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। राजगंज ब्लॉक के मंतादारी ग्राम पंचायत अंतर्गत टाकीमारी इलाके से 18 भाजपा कार्यकर्ता एक चार पहिया वाहन से मोदी की सभा में शामिल होने के लिए निकले थे।

# संयुक्त टीम ने 95 लाख के गांजे के साथ पांच तस्कर किए गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** झांसी नारकोटिक्स टीम एवं सजेती थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने रविवार को गांजा की तस्करी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। टीम ने तस्करों के कब्जे से एक कुंटल 91 किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद किया। जिसकी कीमत लगभग 95 लाख बतायी जा रही है।

सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर रंजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में बांदा जनपद के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के जवाहर नगर निवासी अवधेश कुमार, इसी जनपद के नरैनी थाना क्षेत्र के लोधिन पुरवा बरकोला कला निवासी रामयश, नगर कोतवाली क्षेत्र के रघुवंशी डेरा कनवारा गांव निवासी वेद प्रकाश सिंह उर्फ मोनू, जसपुर थाना क्षेत्र के गौरा कला निवासी रमेश, इसी जनपद के पपरेदा थाना क्षेत्र के चिल्ला निवासी शिवम सिंह है। शिवम सिंह जो वर्तमान में चकेरी थाना क्षेत्र के रामा देवी अहिरवा में रह रहा है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे सघन वाहन चेकिंग के दौरान नारकोटिक्स टीम झांसी की सूचना पर चकेरी थानाध्यक्ष चंदन पांडेय और उनकी टीम ने एक ट्रैक्टर में भूसा लेकर जाते हुए देखा तो रोककर गहन जांच पड़ताल करने लगी। इसी बीच कार में सवार अन्य लोग पहुंचे तो पूरा मामला खुल गया और भूसे के बीच में गांजा छिपा कर ले जा रहे थे। तस्करों के कब्जे से कुल एक कुंटल 91 किलोग्राम एवं 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला में तीन आतंकवादियों की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बारामुला जिले में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने वाले तीन कथित आतंकवादियों की संपत्तियां कुर्क की। आरोपियों की पहचान सुल्तानदाकी निवासी मोहम्मद लतीफ; मदियान के सदर दीन; और सिंगटुंग गौहालन के अजीज दीन के रूप में हुई है, जो पुलिस द्वारा पीओके में घुसपैठ करने के आरोप में भगोड़ा घोषित किये गए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा, ÷उप न्यायाधीश उरी से आदेश प्राप्त होने के बाद क्रमशः 18 कनाल और 6 मरला, 9 मरला और 12 कनाल संपत्ति कुर्क की गई है। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि ये संपत्तियां घोषित अपराधियों से संबंधित है।

# मुख्तार अंसारी के परिजनों से मिले अखिलेश

▸ पैतृक निवास पर पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना

समृद्धि न्यूज

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को बाहुबली नेता और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के यहां स्थित पैतृक निवास पर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और शोकसंवेदना प्रकट की। इस दौरान अखिलेश यादव द्वारा मुख्तार के मौत को असामान्य बताते हुए हत्या और साजिश बताया।

उन्होंने सरकार द्वारा गठित किसी भी न्यायिक जांच टीम पर अविश्वास जताते हुए इस घटना कि जांच सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज की निगरानी में



कराए जाने की मांग उठाई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश रविवार को हेलीकॉप्टर से यूसूफपुर मोहम्मदाबाद स्थित शहीद इंटर कॉलेज के मैदान पहुंचे, जहां से वह सड़क मार्ग द्वारा मुख्तार अंसारी घर पहुंचे। जहां मृतक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी व मुख्तार अंसारी के पुत्र उमर अंसारी सहित सभी परिजनों से मिलकर अखिलेश ने शोक संवेदना प्रकट की। इस दौरान मुख्तार अंसारी के भतीजे व सपा विधायक शोएब अंसारी 'मन्नू भी अखिलेश के साथ रहे। अखिलेश के यूसूफपुर मोहम्मदाबाद पहुंचने पर समाजवादी पार्टी के सभी विधायक व संगठन के लोग भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत करते हुए सपा प्रमुख ने मुख्तार अंसारी की मौत को दुर्भाग्यपूर्ण व हत्या बताया। सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहाकि इस सरकार में सबसे ज्यादा भेदभाव अन्याय हो रहे हैं। बलिया में सूदखोर के दबाव में व्यवसाई की लाइव मौत, न्याय के लिए न्यायालय के सामने आत्मदाह जैसी तमाम घटनाएं हो रही है लेकिन सरकार को कोई परवाह नहीं है। उन्होंने सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना सरकार का पहला काम होता है। जो सरकार जनता को न्याय नहीं दे सके वह सरकार जनता की नहीं हो सकती।

# एनआईए अफसरों पर एफआईआर दर्ज

▸ अफसरों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ का लगा आरोप

एजेंसी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक के परिवार ने अधिकारियों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए जवाबी प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मोनी जना ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास




में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की।

एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। उन्होंने बताया, एनआईए अधिकारियों पर मारपीट करने का आरोप लगाने संबंधी एक महिला की शिकायत मिलने के बाद हमने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 शिकायत में जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर भूपतिनगर में ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में महाराष्ट्र और हरियाणा में अनशन

**नई दिल्ली।** आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता और पार्टी कार्यकर्ता केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में एक-दिवसीय अनशन के लिए रविवार को कुरुक्षेत्र में एकत्र हुए। इस मौके पर गुप्ता ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि ''वह तानाशाही रवैया अपना रही है।'' आप कार्यकर्ता अपना विरोध जताने के लिए दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में एकत्र हुए। पुणे समेत महाराष्ट्र के अन्य शहरों में भी आप कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थानों पर दिनभर विरोध प्रदर्शन किया। पुणे में विपक्षी कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के कुछ नेता भी आप के विरोध में शामिल हुए।

# सपा प्रत्याशी रुचि की बढ़ी मुश्किलें आचार संहिता उल्लंघन में रिपोर्ट दर्ज

समृद्धि न्यूज

▸ फ्लाइंग स्क्वायड टीम-द्वितीय के प्रभारी उमेश त्रिवेदी ने की रिपोर्ट

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी रुचि वीरा समेत दो लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में विधानसभा नगर क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वायड टीम-द्वितीय के प्रभारी उमेश कुमार त्रिवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार को दर्ज एफआईआर में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रुचि वीरा और सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के डिप्टीगंज चौराहा निवासी उमाकांत गुप्ता नामजद हुए हैं। आरोप है कि शुक्रवार देर शाम बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज डिप्टीगंज चौराहा के पास उमाकांत गुप्ता के मकान में रुचि वीरा द्वारा बिना अनुमति जनसभा का आयोजन किया गया। एफएसटी द्वितीय के प्रभारी की ओर से कहा गया है कि जानकारी मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। देखा कि मकान के अंदर बरामदे में प्रत्याशी रुचि वीरा 40-50 व्यक्तियों को संबोधित कर रही थीं। बरामदे के बाहर जलपान की व्यवस्था भी थी जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है।

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पांच को किया नामजद

**लखनऊ।** निगोंहा थाना अंतर्गत जमीन कब्जाने के नियत से युवकों ने एक वृद्धा को अर्धनग्न कर गांव में घुमाया। वृद्धा के विरोध करने पर आरोपी धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। सम्बन्धित में शिकायत देने पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद वृद्धा ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर निगोंहा पुलिस ने पांच लोगों को नामजद किया है। प्रभारी निरीक्षक अनुज तिवारी के मुताबिक, क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली वृद्धा (62) ने चंद्र प्रकाश तिवारी, मोहित तिवारी, सोहित तिवारी उर्फ गोलू, अतुल तिवारी और सत्यम तिवारी उर्फ राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# 11 जून को होगी यूपी कैटेट 2024 की प्रवेश परीक्षा, कार्यक्रम घोषित

समृद्धि न्यूज

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा वर्ष 2024 हेतु स्नातक छात्र छात्राओं की प्रवेश परीक्षा 11 जून को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक (3 घंटे) होगी। यह जानकारी रविवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलसचिव डॉ पी के उपाध्याय ने दी।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा वर्ष 2024 हेतु स्नातक छात्र छात्राओं की प्रवेश परीक्षा 11 जून को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक (3 घंटे) होगी। उन्होंने बताया कि परास्नातक की प्रवेश परीक्षा 12 जून को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 तक (3 घंटे) संपन्न होगी।

इसी तरह पीएचडी की प्रवेश परीक्षा 12 जून 2024 को प्रातः 9ः00 बजे से 11 बजे (2 घंटे) तक संपन्न होगी। जबकि एमबीए की प्रवेश परीक्षा 12 जून को सायं 3 बजे से 5 बजे तक (2 घंटे) प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन तिथि 17 मार्च से 7 मई 2024 तक है। जबकि ऑनलाइन फीस जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई 2024 है। डा.खान ने बताया कि आवेदन पत्र संशोधन तिथि 9 से 14 मई तक है। और परीक्षार्थी प्रवेश पत्र 27 मई 2024 से डाउनलोड कर सकते हैं।

लोकसभा चुनाव

## सुविधा पोर्टल पर उत्तर प्रदेश में चुनाव संबंधी अनुमति के लिए मिले 3273 अनुरोध

# पारदर्शी तरीके से दलों व उम्मीदवारों को दी जा रही अनुमति

▸ राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों को मिल रहे समान अवसर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकार नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की घोषणा और आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद से सुविधा पोर्टल पर राजनैतिक पार्टियों और प्रत्याशियों की ओर से बड़ी संख्या में रैलियों, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, डोर टू डोर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने



और पम्फलेट वितरण के लिए अनुमति के अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में सुविधा पोर्टल पर 3273 अनुरोध प्राप्त हुए हैं। अनुरोधों का अध्ययन करने के बाद पारदर्शी तरीके से अनुरोधों को स्वीकृत किया जा रहा है। सुविधा पोर्टल के माध्यम से अब तक 2453 अनुरोधों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को समान अवसर प्रदान किए जाने हेतु सुविधा पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से राजनैतिक पार्टियों और प्रत्याशियों के द्वारा अधिक से अधिक अनुरोध किया जा रहा है। अनुमतियों और सुविधाओं के लिए प्राप्त होने वाले अनुरोधों को समयबद्ध रूप से कार्रवाई कर प्रक्रिया को सुगम बनाया जा रहा है। सुविधा पोर्टल पहले आओ, पहले पाओ के सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से अनुमति अनुरोध निस्तारित करता है। सुविधा पोर्टल रैलियों का आयोजन करने, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, डोर टू डोर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और पम्फ्लेट वितरण की अनुमति प्रदान करता है। सुविधा पोर्टल ीजजचेरूध्ध्ेनअपकीं.मबप.हवअ.पद के माध्यम से राजनैतिक पार्टियां और उम्मीदवार सहजता से किसी भी स्थान से, किसी भी समय ऑनलाइन अनुमति अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, समावेशिता और सभी हितधारकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ऑफलाइन सबमिशन विकल्प भी उपलब्ध हैं। सुविधा एप आवेदकों को उनके अनुरोधों की स्थिति को रियल टाइम ट्रैक करने की सुविधा प्रदान करता है और प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता को जोड़ता है। यह एप आईओएस और एंड्रायड प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# खेत पर काम कर रहे युवकों पर बाघ ने किया हमला, तीन घायल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**



थाना हैदराबाद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोरैया में बाघ ने दो लोगो को घायल कर दिया,जैसे तैसे होहल्ला कर युवकों ने अपनी जान बचाई। शोर सुनकर बाघ पुनः गन्ने के खेत में भाग गया। शोर गुल सुनकर तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को गोला इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

गोला वन रेंज के अंतर्गत ग्राम कोरैया निवासी मनोज पुत्र गिरजा दयाल 35 वर्ष और कमलेश कुमार पुत्र नंदलाल गौतम 28 वर्ष रविवार को सुबह करीब सात बजे अपने खेत में गन्ने का बीज काटने गए थे। बताते है तभी गन्ने में बैठे बाघ ने हमला कर दिया। अचानक हुए बाघ के हमले से बचने के लिए उक्त दोनो लोग शोर मचाने लगे। जैसे तैसे उनकी जान बची लेकिन तब तक बाघ के हमले से दोनो लोग गंभीर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

सूचना मिलते ही वन विभाग टीम मौके पर पहुंची लेकिन बाघ को जंगल की तरफ खदेड़ने में कामियाब नही हो पाई वही वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया हमारे पास हिंसक पशु पकड़ने की परमिशन नही है हमने उच्च अधिकारियों को जानकारी दे दी है, जब तक हमे पकड़ने की परमिशन नहीं मिलती तब तक हम इसे नहीं पकड़ सकते बाकी हम इसको जंगल की तरफ भगाने की पूरी कोशिश कर रहे है। लेकिन वन विभाग की सारी व्यवस्था धरी की धरी रह गई और बाघ ने करीब 2 बजे एक और व्यक्ति को अपना निशाना बनाया।बांकेगंज रोड पर स्थित चिल्ड्रन एकेडमी के पास से गुजर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोला नगर के सह कार्यवाहक व योगा मास्टर शशिकांत दीक्षित पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। वन विभाग की टीम मूक दर्शक बनी देखती रही। घायल को तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से वन विभाग की टीम खाक छान रही है अगर बाघ को पकड़ लेते तो ये तीसरी घटना न होती। वही बाघ की दहशत इतनी है लोगो ने इधर उधर रोड पर निकलना बंद कर दिया और क्षेत्रीय लोग पशुओं के लिए चारा लाने के लिए अपने खेतो में जाने से भी डर रहे हैं।

> कुल तीन लोग घायल हुए हैं, बाघ को जंगल में खदेड़ दिया गया है और सभी घायलों का इलाज चल रहा है। करीब 2 बजे गांव वालो ने बाघ को दौड़ा दिया शशिकांत वहीं पर थे किसी ने पीछे से धक्का दे दिया तब ये बाघ के सामने आ गए तभी इनको भी बाघ ने घायल कर दिया।
> *संजीव तिवारी, रेंजर, गोला।*



## विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**उधौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यकारिणी बैठक उधौलिया में आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रांगण में अवध प्रांत सहसंयोजक संत कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई जिसमें सभी प्रखंडों की कार्यकारिणी उपस्थित रही। सभी समितियां को जिम्मेदारी दी गई। संगठन के प्रखंडों के एवं जिले के कई दायित्वों की घोषणाएं भी की गई। बैठक में धर्मांतरण,लव जेहाद,जमीन जेहाद,धार्मिक स्थलों की सुरक्षा, सत्संग ,समरसता एवम सेवा आदि विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नए दायित्व भी दिए गए जिनमें सरबजीत को जिला विभाग, युवा प्रमुख सुखदेव को जिला कृषि प्रशिक्षण प्रमुख, अमित जिला उपाध्यक्ष जिला गांव संपदा प्रमुख प्रखंड, सहसंयोजक बजरंग दल शिवम, प्रखंड सहसंयोजक गौ रक्षा प्रमुख गौरव मिश्रा ? आदि को दिया गया। बैठक में जिला गौ रक्षा प्रमुख नितिन, विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष चंदन गुप्ता, सत्संग प्रमुख अतुल राजू सिंह, राहुल राठौर, विष्णुपद मंडल, मनीष मुखर्जी, पवन आशीष सिंह, हीरालाल राजू डाली आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर दोपहर बाद हुई सड़क दुर्घटना में एक 45 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजने की तैयारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय कोतवाली के बहुता गांव निवासी दुग्ध व्यवसायी संतोष शुक्ला किसी कार्य से अपनी मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ आए हुए थे, वापसी के दौरान लखनऊ सुल्तानपुर रोड पर नहर कॉलोनी के पास पड़ने वाले कट के पास मोटरसाइकिल मोड़ने के दौरान किसी अज्ञात कार द्वारा टक्कर मार देने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक संतोष शुक्ला परिवार के पांच भाइयों में सबसे बड़े भाई थे उनके दो पुत्र एक पुत्री थी अभी हाल ही में उन्होंने अपनी पुत्री की शादी तय की थी, नवरात्र में शादी की तारीख पक्की की जानी थी उसके पहले इस हादसे से परिवार में मातम का माहौल छा गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### विशाल भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम गंगापुर संसारा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर प्रेमदास कुटी के महंत श्री लालता दास जी महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमें हिंसा ना करने की प्रेरणा देती है इसलिए हम सभी को जीवों के प्रति हिंसा का भाव ना रखते हुए उनसे प्रेम करना चाहिए उन पर किसी भी प्रकार की हिंसा नहीं करनी चाहिए। वृक्षारोपण पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी को प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर ओम प्रकाश अवस्थी रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी प्रलयंकर सिद्धनाथ तिवारी रवि सिंह रत्नेश शर्मा रामकुमार मिश्र सहित सैकड़ो भक्तों ने आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### कच्ची शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जैदपुर पुलिस द्वारा बीस लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर कार्रवाही की गयी ।ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गये अभियान के अन्तर्गत जैदपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर बीबीपुर मार्ग पर रारी पुलिया के पास सवारी की राह देख रहे संदीप वर्मा पुत्र श्रीराम वर्मा निवासी डीहा रहीमपुर थाना कोठी को गिरफ्तार किया गया जिसके पास दस लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद की गयी? ।वही गुलहरिया जैदपुर आने वाले रास्ते पर बब्लू रावत पुत्र श्यामलाल रावत निवासी टारपुरवा मजरे गोठिया थाना जैदपुर को दस लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया ।पकड़े गये दोनो आरोपियो के विरुद्ध जैदपुर पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की गयी है।

### 105 ग्राम मारफीन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये अभियान के अन्तर्गत जैदपुर पुलिस द्वारा आज 105 ग्राम मार्फीन के साथ एक अभियुक्त को घेराबंदी कर गिरिफ्तार कर जेल भेजा गया है ।जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए अभियान के अन्तर्गत जैदपुर पुलिस को फिर मिली कामयाबी थाना जैदपुर क्षेत्र के पनिहल बाड़ा तिराहे के पास से एक अभियुक्त को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया ।जिसकी तलाशी लेने पर 105 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया गया ।पुलिस के हाथ लगे युवक ने अपना नाम मो उबैद पुत्र मो जमील निवासी टिकरा उस्मा थाना जैदपुर बताया है।

### छेड़छाड़ के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जैदपुर पुलिस द्वारा मारपीट व छेड़छाड़ करने वाले दबंग आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में शुरू कर दी गयी है ।मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है ।जहां पीड़िता लगभग दो वर्षों से पति के निधन हो जाने बाद अकेली निवास करती थी और पति का साथी भानु यादव पुत्र भागीरथ खानपुर थाना सतरिख जनपद बाराबंकी उसका ट्रक्टर चालक था ।जिसके चलते घर मे आता जाता था ।दिनांक 14-3-2024 की रात में चालक उसके घर आया और अकेली महिला को घर मे देख जबरन छेड़छाड़ करने लगा ।जिसका विरोध करने पर जमकर मारापीटा और थाने पर सूचना देने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया ।भयभीत अकेली महिला ने हिम्मत जुटाकर उक्त आरोप लगाते हुए इस मामले मे थाना जैदपुर में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग पर जैदपुर पुलिस द्वारा भानु यादव पुत्र भागीरथ ग्राम खानपुर थाना सतरिख के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया गया है।

### ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी, बच्ची की मौत

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में चल रही रासलीला को देखने के लिए टैक्टर ट्राली पर सवार होकर आ रहे लोगो की ट्राली कस्बे के बाहर एक भट्ठे के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गेहूं के खेत में पलटने से एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई वही करीब 17 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने घायलो को सीएचसी धौरहरा में भर्ती कराया व मृतक बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। क्षेत्र में रामबट्टी के नाम से प्रसिद्ध श्रीरामवाटिका धाम में चल रहे 27 लक्ष श्रीरामनाम महायज्ञ व रासलीला मेला को देखने के लिए पड़ोसी ग्राम पंचायत सुजई कुण्डा निवासी पहुना भार्गव शनिवार की रात 11.30 बजे अपने टैक्टर ट्राली से मेला देखने आ रहे थे कि गांव से दूसरा टैक्टर भी साथ हो लिया। बताया जाता है कि दोनो चालको द्वारा आगे निकलने की होड में धौरहरा मार्ग पर कस्बे से 2 किमी दूर ट्रेक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सडक किनारे गेहूं के खेत में पलटने से मोहिनी 5 वर्ष पुत्री मोती लाल की मौके पर ही मौत हो गई। वही करीब 17 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने घायल शिवानी 17 पुत्री दूबर,साहब लाल 13 पुत्र प्रेम लाल,रुबी 8 पुत्री कमलू,सीमा 25 पत्नी बंधु, मनोज 15 पुत्र राजाराम,गीता 16 पुत्री मंगरे, रामकुमार 45 पुत्र रामलाल,दूबर 48 पुत्र देवीदयाल, पूजा 17 पुत्री भरोसे, लक्ष्मी 30 पत्नी श्यामू,सुनीता 17 पुत्री मंगरे, बेचेलाल 20 पुत्र मदन, रामदुलारी 30 पत्नी रामू, पिंकी देवी 20 पत्नी राजाराम, चांदनी 40 पत्नी रामा व सुनीता 23 पत्नी अच्छे लाल को सीएचसी धौरहरा में भर्ती कराया गया जहा चिकित्सकों द्वारा गंभीर रूप से घायल पिंकी देवी, चांदनी,सुनीता व रामदुलारी को जिला मुख्यालय रेफर के दिया। अन्य घायलों का इलाज सीएचसी मे चल रहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धौरहरा दिनेश सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक पवन प्रताप सिंह,चौकी प्रभारी रामजीत यादव, उप निरीक्षक मोहन सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# ईद को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

खुशियों के महा पर्व ईद की तैयारियों को लेकर घरों व दुकानों की सफाई करने के साथ रविवार की आखरी साप्ताहिक बाजार में काफी भीड़ भाड़ देखने को मिली। भीड़ इतनी थी कि लोगों का निकलना मुश्किल था। खूब जमकर बिकती रहे सिवाईयों के साथ मेवे मसाले।

बताते चले कि आगामी ईद को लेकर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी का माहोल बना हुआ है जिसे लेकर लोग अपने घरों की साफ सफाई करने के साथ जैदपुर कस्बे में लगने वाली रविवार की साप्ताहिक आखरी बाजार में सिवाई शकर मेवा लच्छे टोपी कुर्ता पैजामा चूड़ी मैकप रिडीमेड सिवाई सेट,डिनर सेट चाय सेट,दस्तरखान गिलाश जग बर्तन लुंगी रूपट्टे गम्छे रूमाल सहित विभिन्न प्रकार की सजी दुकानों पर काफी भीड़ भाड़ बनी रही। जिससे चलते लोगों का बड़ी बाजार व छोटे इमाम के पास से निकलना बहुत ही मुश्किल से होता रहा। मां बाप के साथ छोटे छोटे मासूम बच्चें कुर्ता टोपी चश्मा घड़ी आदि पाकर खिले खिले नजर आये।जबकि कस्बे के मोहल्ला मुक्खिन में दिनों रात लगने वाली अमीनाबाद नामक बाजार को सजाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। जहां विभिन्न प्रकार की समाग्री खरीदने हेतु कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आमद शुरू हो गयी है। जबकि भीड़ को लेकर जैदपुर पुलिस भी बाजार व आस पास देख रेख करती रही।

# नाबालिग बालिका के साथ लड़कों ने की छेड़खानी, पिता ने दी तहरीर

**पसगवॉ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना पसगवां क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बरवर के एक मोहल्ले की नाबालिग लड़की को गैर संप्रदाय के कुछ लड़कों ने छेड़खानी करते हुए सड़क पर खींचने की कोशिश की। शोर शराबा होने पर आरोपी भाग निकले। बालिका के पिता ने तहरीर दी है।



जानकारी के अनुसार घटना दिनांक 6 अप्रैल 2024 को बरवर चौकी से चंद कदमों की दूरी पर लगभग 2ः00 बजे दिन की है। जब बरवर के मोहल्ला कोट निवासी एक व्यक्ति ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री अपनी ताई तथा चचेरी बहन के साथ होली मिलने के लिए अपने घर से अपने ताऊ के घर पर (जो चौकी से चंद कदमों की दूरी पर, तथा उसके घर से काफी दूरी पर है) गई थी। वहां उसकी पुत्री अपनी चचेरी बहन के साथ अपने ताऊ के घर के बाहर रोड के किनारे बैठी थी, जहां पर कुछ लड़के उसकी पुत्री के साथ जबरदस्ती छेड़खानी करने लगे तथा सड़क पर खींचने लगे। शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले। मामले की जानकारी होने पर बालिका के परिवार के लोग महिलाओं सहित तथा कस्बा के सैकड़ो लोग एवं भाजपा पदाधिकारी बरवर चौकी पर पहुंच गए। लोक सभा इलेक्शन और अलग-अलग समुदाय का मामला होने के चलते तत्काल अलर्ट हुई। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग के साथ तहरीर दी गई है। ज्ञात हो कि कुछ आरोपियों पर इसी बालिका को कुछ माह पहले बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का गंभीर आरोप है तथा आरोपी जमानत पर बाहर है।

> इस संबंध में पसगवॉ कोतवाली प्रभारी दीपक राठौर से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि पीड़िता के पिता की ओर से तहरीर मिली है एक आरोपी हस्सान पर छेड़ छाड़ की धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेजा गया है।

# जनप्रतिनिधि के पद पर जिले में नारियों की रही अहम भूमिका

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

हमारे धर्म में हर देवता के साथ नारी एक नारी है जिन्हें हम उनकी शक्ति कहते है -नारी का नाम हमेशा पुरुष से पहले लिया जाता है लक्ष्मी नारायण, शिव पार्वती , उनकी नारी शक्ति का नाम पहले लिया लिया जाता है-जैसे लक्ष्मी नारायण- शिव पारवती व राधाकृष्ण आदि । नारी हमारे समाज की एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन अभी भी हमारे समाज के कुछ लोग हमारी नारी को बहुत ही कमजोर और दुर्बल समझते है। महिला, जो जिद पर अड़ी रहती है सपनों को साकार करती है, और अपने हर कदम से राह बनाती है।

लखीमपुर खीरी में अभी तक नारियों ने बड़े बड़े युद्ध जीतकर व उच्च पद पर रहकर देश की सेवा की है । जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूषों से बहुत ज्यादा कम नहीं है। संसदीय सीट पर ज्यादा



महिला वोटर हैं और वह भी आम चुनाव में किसी भी सांसद को चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं।

अस्सी के दशक में जब ऊषा वर्मा को कांग्रेस ने उनके पति बालगोविंद वर्मा का निधन हो जाने के कारण मौका दिया तो खाली हुई सीट पर उनको उतारा गया तो वह एक नहीं लगातार तीन बार1980,1985 एवं 1989 खीरी संसदीय सीट से सांसद बनीं। 2019 में गठबंधन से डॉ. पूर्वी वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव तो जरूर लड़ीं लेकिन उनको हार का मुंह देखना पड़ा। इसके साथ ही लखीमपुर नगर की महिलाओं नीरू पूरी, डॉ इरा श्रीवास्तव, निरुपमा बाजपेयी नगर पालिका अध्यक्ष व गोला से मीनाक्षी अग्रवाल के पद पर भी आसीन रही , डॉ इरा श्रीवास्तव तो वर्तमान में भी नगर पालिका अध्यक्ष के पद पर भी आसीन है।

## धौरहरा सीट पर दिलचस्प होगा त्रिकोणीय मुकाबला

भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए सपा-बसपा ने उतारे दिग्गज प्रत्याशी साल 2009 में सीतापुर और खीरी को जोड़ कर बनाया। संसदीय क्षेत्र धौरहरा इस बार अपना चौथा सांसद चुनने जा रहा है। नई संसदीय सीट बनने के बाद यहां कांग्रेस ने अपना खाता खोला और युवा नेता जितिन प्रसाद को इस सीट पर मैदान में उतारा। उन्होंने पहले चुनाव बसपा के राजेश वर्मा को 184539 से बुरी तरह हराकर जीत लिया । उसके बाद दो बार के चुनाव लगातार रेखा वर्मा भाजपा ही जीत हासिल की । पुरुष को हराकर सीट धौरहरा में मिथक भाजपा ने तोड़ा हैं और वहां से रेखा वर्मा लगातार दो बार से सांसद चुनी गई हैं । रेखा वर्मा का ही इस सीट पर दबदबा है और तीसरी बार वह फिर से भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं। भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए यहां विपक्षी पार्टियों ने भी कमर कस ली है इस सीट पर दूसरी बार समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी व पार्टी मुखिया के नजदीकी आनंद सिंह भदौरिया दस साल बाद दूसरी बार गठबंधन से चुनाव मैदान में है जबकि बहुजन समाज पार्टी ने यहां भारतीय जनता पार्टी के ही एक बागी उम्मीदवार श्याम किशोर अवस्थी को लोकसभा प्रभारी बनाया है। इस क्षेत्र की विधानसभा मोहम्मदी और धौरहरा में ब्राह्मण वोट सबसे ज्यादा हैं ब्राह्मण बाहुल्य इलाका होने के कारण इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिलता रहा है। सीतापुर की दो विधानसभा हरगांव और महोली में भी सवर्ण मतदाता हर बार भाजपा की झोली में जाते रहे हैं। अब देखना है की इस विजय यात्रा के लिए सभी प्रमुख दल एड़ी चोटी का जो जोर लगा रहे हैं उसका के पड़ाव कहाँ होता है।

# समाज सेवक युवती को बहला फुसलाकर फरार, गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में समाजसेवा करने वाले एक संगठन के पदाधिकारी ने खमरिया थाना क्षेत्र से एक युवती को बहला फुसला कर रफूचक्कर होकर शर्मनाक हरकत कर दी जिसको लेकर उस पर गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस अब उसकी तलाश में जुट गई है। बताया जाता है कि युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती को 24 घंटे के अंदर ही बरामद कर समाजसेवक की तलाश में जुट गई है।

जनपद के एक समाजसेवी संगठन के पधाधिकारी देव जुनेजा नामक व्यक्ति निवासी कोतवाली सदर ने बीते शुक्रवार को खमरिया थाना क्षेत्र से एक युवती को बहला फुसलाकर उसको लेकर रफूचक्कर हो गया जिसकी जानकारी होते ही पिता ने थाने में प्रार्थना




पत्र देकर बेटी को खोजने की गुहार लगाई जिसको गम्भीरता से लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी ने मुक़दमा दर्ज कर पुलिस की टीमो के साथ युवती की खोजबीन शुरू कर दी। जिनको 24 घंटे के अंदर की बड़ी कामयाबी मिल गई। उन्होंने युवती को बरामद कर आरोपी देव जुनेजा की तलाश शुरू शुरू कर दी। फिलहाल समाजसेवक देव जुनेजा की इस शर्मनाक हरकत से पूरे क्षेत्र में उसको लेकर लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# श्रद्धा पुनिया को जिताने की किया अपील



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया की पत्नी श्रद्धा पुनिया ने सिरौलीगौसपुर ब्लाक क्षेत्र के सैदनपुर काशीपुरवा, हातापुरवा ददरौली भवानीपुर मौजा बरदरी रसूलपुर आदि गांवों में अपने दर्जनों समर्थको के साथ भ्रमण कर तनुज पुनिया को जिताने की अपील किया है।रविवार को इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया की पत्नी श्रद्धा पुनिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमित त्रिवेदी पिन्टू बदरुद्दीन इरफान,ओंन मियां आदि के साथ आधा दर्जन से अधिक गांवों में जनसम्पर्क कर लोक तंत्र एंव भारत के संविधान को बचाने गरीब किसान नौजवान बेरोजगार लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया को आर्शीवाद देकर भारी बहुमत से जिताने की अपील किया।इस अवसर पर गौरी यादव, आशा चौहान, मीरादेवी विजय पाल गौतम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# जनता ने भाजपा सरकार की विदाई का मन बना लिया : गोप

- कार्यकर्ता बैठक कर तनुज पुनिया को जिताने की किया अपील

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

किसानों नौजवानों महिलाओं बेरोजगारों की आवाज निरंतर नजरअंदाज करना इस लोकसभा चुनाव में भारी पड़ेगा भाजपा को, 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार दिल्ली में बनने जा रही है देश की जनता ने मौजूदा सरकार की विदाई करने का पक्का मन बना लिया है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने नगर के बड़ेल वार्ड में सोनू यादव एवं सराय अकबराबाद ÷सरैंया÷ मे ग्राम प्रधान उमेश यादव, अवधेश यादव के आवास पर आयोजित



कार्यकर्ता बैठक उपस्थित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के बीच में कहीं

राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि जनता भाजपा सरकार के झूठे वादों से तंग आ चुकी है इस बार जनता ने पूरा मन बना लिया है इस जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का, खासकर गोप ने नौजवानों से अपील करते हुए कहा नौजवानों की चुनाव में जिम्मेदारी बढ़ गई है क्योंकि सबसे ज्यादा नुकसान इस सरकार ने नौजवानों का ही किया है इसलिए आप सबको दुगनी ताकत से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए मेहनत करनी होगी तनुज पुनिया भी नौजवान है और वह आपकी समस्याओं को समझते हैं इसलिए आज से ही आप सब जी जान से लगकर तनुज को लोकसभा पहुंचाने और अखिलेश यादव राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करते हुए गठबंधन को मजबूत करने का काम करना होगा तभी नौकरियों के द्वार खुलेंगे किसने की समस्याएं कम होगी महिलाओं की सुरक्षा बढ़ेगी महंगाई पर लगाम लगेगी। पूर्व सांसद डॉक्टर पीएल पुनिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा यह चुनाव अपने हक अधिकारों को बचाने का चुनाव है अखिलेश यादव और राहुल गांधी ने जनता की दुश्वारियां को समाप्त करने के लिए एक साथ लड़ने का निर्णय लिया है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि हम सब पूरी ताकत से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताकर दिल्ली मे गठबंधन की सरकार बनाने का कम करें। पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने कहा देश की जनता त्राहि त्राहि कर रही है और यह सरकार झूठे वादों पर वादे अब इस सरकार को हटाकर इंडिया गठबंधन को दिल्ली की कुर्सी पर बिठाना ही होगा तभी हम सब की समस्याएं और दुश्वारियां खत्म होगी और बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा।

## जनता का मांगा समर्थन

पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू कार्यकर्ताओं को बताया की बाराबंकी लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी तनुज पुनिया चुनाव लड़ रहे हैं इस बार ईवीएम पर साइकिल चुनाव निशान नहीं पंजा चुनाव निशान होगा हम सबको पंजे वाले बटन को दबा कर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना है।

# होली मिलन समारोह में कई प्रधान हुए भगवाधारी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

गुरेला ग्राम प्रधान पूजा वर्मा द्वारा रविवार को आयोजित होली मिलन समारोह मे क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधानों , क्षेत्र पंचायत सदस्यों एव ग्रामीणों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए मिशन चार सौ पार का संकल्प लिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, हैदरगढ़ विधायक दिनेश कुमार रावत ने भाजपा मे शामिल होने वालो को भगवा गमछा एव माला पहनाकर स्वागत किया।

होली मिलन समारोह मे उपस्थित लोगो को बधाई देते हुए विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है इसी तरह इस पंजे वाली पूर्ववती सरकारों ने देश के लोगो पर बड़ा नुकसान किया है आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार गांव गरीब के लिए कल्याणकारी योजनाएँ चला रही है। चुनावी महासमर मे धर्म की जीत होगी अधर्म की राजनीति करने वालो का वर्ष 2024 के चुनाव मे नामोनिशान खत्म हो जाएगा।

विधायक श्री वर्मा ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी का नाम लिये बगैर कहा कि जिला प्रदेश छोड़ दूसरे प्रदेश से आने वालो ने जैदपुर क्षेत्र को अपना चरागाह बनाना चाहते है लेकिन यहां के मतदाताओं ने इन्हे पुरी तरह से नकार दिया है तीन बार चुनाव हारने की हैट्रिक लगाने वाले गठबंधन प्रत्याशी चुनाव मे कही नजर नही आ रहे हैं । उन्होंने



समाजवादी पार्टी के प्रति नरम रुख अपनाते हुए कहा कि आज सपा के कार्यकर्ता एव नेता असमंजस मे है कि यादी कांग्रेस प्रत्याशी यहां से चुनाव जीत गया तो हम लोगो का पता गोल होने वाला है इसलिए सपा कार्यकर्ताओं मे इस बात को लेकर अंदर अंदर हताशा है जिसका फायदा हमारी उम्मीदवार को मिलेगा क्योकि हमारे नेताओं पर लोगो को भरोसा है। हैदरगढ़ विधायक दिनेश कुमार रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आज विकास की राह पर चल रही है आज समाज के सभी वर्गो मे खुशी का महोल है केंद्र एव प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओ से लोगो का विश्वास भाजपा की ओर बढ़ा है। कार्यक्रम मे भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले जनप्रतिनिधियों से भाजपा को मजबूत करने की अपील की। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे सक्रिय भूमिका निभाने वाले पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत वर्मा एव ग्राम प्रधान पूजा वर्मा का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता डा0 हरिनाम् सिंह वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश, अंबरीश रावत, सरोज रावत, रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा अमित कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष राम केवल वर्मा, जवाहरलाल वर्मा, आशीष कुमार वर्मा, सतीश विश्वकर्मा, अरुण कुमार रावत, डा0 प्रभाकर सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार से रोष

- पीडब्ल्यूडी के मानकों के विपरीत मजदूरी लगाकर सरकारी कार्यों में हो रहा बंदरबांट

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद लखीमपुर की विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत में पीडब्ल्यूडी द्वारा जारी दरों के निर्धारण में परिवर्तन होने के बावजूद वहां तैनात अवर अभियंता एमआई व कंसलटिंग इंजीनियर द्वारा निजी स्वार्थ के लिए पुरानी दरों को लगाकर सीधे प्रधानों सहित ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 6 माह पूर्व निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री व श्रमांश के निर्धारण हेतु दिशा निर्देश निर्गत किए गए थे, जिनको दरकिनार करते हुए विकास खंड बेहजम में अवर अभियंता एमआई व कंसलटिंग इंजीनियर द्वारा कूटरचित करके निजी स्वार्थ हेतु पुराने शेड्यूल रेट पर कार्य का आकलन बनाकर कार्य करवाया जा रहा है, प्रधानों द्वारा नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अवर अभियंता एमआई द्वारा जो आंकलन तैयार किए जाते हैं उनकी लागत अवर अभियंता आर ई एस से कम होती है, इससे यह स्पष्ट होता है कि एक ही विकासखंड में अपने चहेतों को स्वार्थ देने के लिए दो भिन्न-भिन्न दरें लगाकर कार्य कराए जाते हैं, जिनकी तकनीकी जांच जिला स्तरीय अधिकारियों क्लास 2 व क्लास फर्स्ट से कराने की अत्यंत आवश्यकता है।

## बिना कार्य कराए मनरेगा योजना का किया जा रहा है फर्जी भुगतान

विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत हरैय्या में मनरेगा योजना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वॉल में मानकों के विपरीत कार्य किया जाने का मामला सामने आया है, जहां मौके पर बाउंड्री वाल को कम लंबाई में बनाकर अधिक लंबाई दिखाकर फर्जी भुगतान किया गया है, जिसका तकनीकी सहायक के द्वारा बिना कार्य की पैमाइश किये ही फर्जी एमबी करके सीधे प्रधानों को लाभ भी पहुंचाया गया है, वहीं सत्यापन/जांच के नाम पर अवर अभियंता एमआई से सत्यापन कराकर भुगतान भी किया जा चुका है। विकासखंड बेहजम में अवर अभियंता एमआई सहित कंसलटिंग अभियंता के द्वारा ठेकेदारों और प्रधानों से मिलकर सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग कर बंदरबांट जा रहा है।

# लोकसभा चुनाव : कमिश्नरेट पुलिस ने सत्रह लोगो के असलहे निरस्त करने की भेजी रिपोर्ट

## अपराधिक रिकार्ड वालो के हाथों में असलहे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना प्रभावी होने के बाद भी अपराधिक रिकार्ड वाले लोगो के हाथों में असलहे आज भी बरकरार है। इनके पास असलहे न रहे इसको लेकर पुलिस ने सम्पूर्ण जिले में आज सत्रह लोगो के शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी गई है।इसके अलावा निरोधात्मक कार्रवाई भी हुई है।

लखनऊ कमिश्नरेट के सभी थानों में चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रत्येक दिवस पुलिस कार्रवाई कर रही है। राजधानी के थाना गुडम्बा पुलिस ने एक कुंतल एक कुंतल एक सौ पच्चास ग्राम नाजायज गांजा के साथ मो 0 राहीदुल हक उर्फ राही निवासी बेहटा बाजार मुशीर प्लाजा के पीछे बरामद कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । थाना मोहनलालगंज पुलिस ने दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ हुलास खेड़ा के रहने वाले सुनील कुमार और दुखीलाल को गिरफ्तार किया। वही थाना माल पुलिस ने दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ बाजार गांव के रहने वाले लक्ष्मण रावत को गिरफ्तार किया। लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस के थाना इन्दिरानगर व थाना गुडम्बा पुलिस ने छह आरोपियों पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की है। आपराधिक प्रवृत्ति रखने वाले साजन उर्फ अयान निवासी चौधरी टोला थाना अलीगंज और सतीश सोनी उर्फबब्लू सोनी निवासी ग्राम विजयीपुर थाना विभूतिखण्ड और राम मनोज निवासी सुमन सदन संजय गांधी पुरम थाना गाजीपुर और मनोज कश्यप निवासी सीतापुर रोड कृष्णालोक कालोनी फैजुल्लागंज निरालानगर थाना मडियाव और लाल मोहम्मद निवासी रजौली थाना गुडंबा के विरूद्ध गुण्ड एक्ट की पुलिस ने रिपोर्ट भेजी है।

# मोदी के नेतृत्व में चल रहा देश को विकसित भारत बनाने का कार्य

## ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने की चुनावी जनसभाएं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अबकी बार 400 पार,फिर एक बार मोदी सरकार और फिर एक बार जगदम्बिकाल पाल के उद्घोष के साथ नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा नेडुमरियागंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और तीन बार सांसद जगदम्बिका पाल के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुवात की।

श्री शर्मा ने आज सिद्धार्थनगर डुमरियागंज और बांसी विधानसभा में जनसभाओं को संबिधित करते हुए कहा कि जगदम्बिका पाल का सम्मान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राक्षमंत्री के साथ ही पूरा शीर्ष नेतृत्व करता है। देश की नौकरशाही में पाल की हर एक बात का बड़ा सम्मान है। श्री शर्मा ने कहा कि सिद्धार्थनगर में पिछले वित्तीय वर्ष में नगर विकास विभाग से लगभग 200 करोड़ रूपये के कार्य कराये गए हैं। यह सब आपके कर्मठ और ऊर्जावन सांसद श्री पाल कि वजह से सम्भव हुआ है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि दुनिया में 17 देश ऐसे हैं जिनकी आबादी के बराबर तो भाजपा के कार्यकर्त्ता हैं।

भाजपा आपने हर एक कार्यकर्त्ता के साथ ही प्रदेश की जनता के सम्मान, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए हमेशा तत्पर रहती है। देश को विकसित भारत बनाने का कार्य मोदी के नेतृत्व में जोरो चल रहा है। और यह निरंतर चलता रहे इसके लिए आप सभी को अपनी लोकसभा सीट से जगदम्बिका पाल और 4 लाख से अधिक वोट से जीत दिलाकर लोकसभा भेजना है और मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य करना है। जगदम्बिका पाल का प्रदेश ही नहीं, देश में बहुत सम्मान और प्रतिष्ठा है। ऊर्जावान जगदम्बिका पाल को हमेशा अपने पास संभाल कर रखियेगा। इनके रहते क्षेत्र का विकास सम्भव है। सांसद हर उम्र के लोगों का बड़ा सम्मानित करते हैं और आश्चर्य यह है कि वे सभी को उनके नाम से ही बुलाते हैं। यह आप सभी के प्रति उनके प्रेम से ही संभव है। पाल को आपके विकास के लिए किस योजनाओं में कितना पैसा किस गांव में और किस ब्लॉक और किस पंचायत गया है, यह सारा हिसाब उँगलियों पर रहता है।

सुविधाओं का आभाव दिखता है तो तुरंत उसकी पूर्ती के पूरी ऊर्जा से लग जाते हैं, और जब तक काम करा नहीं लेते, तब तक पीछे नहीं हटते। अपने मंत्रीकाल में पिछले दो साल में आपके जिले को 200 करोड़ नगर विकास विभाग से दिया है। यह सांसद जगदम्बिका पाल की वजह से संभव हुआ है। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आप डुमरियागंज लोकसभा सीट से इतने कर्मठ सांसद को चुनकर लोकसभा भेजते हैं। भाजपा ने हर सामान्य आदमी की सेवा की है। पिछली सरकारों में जो लाखों टन अनाज सड़ जाता था गोदामों में उससे देश के 60 करोड़ लोगों में मुफ्त वितरित कर उनके जीवन को सुदृढ़ बनाने का काम किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड का लाभ देते हुए 30 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षित किया गया है। धुएँ से महिलाओं को मुक्ति दिलाने के लिए 10 करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर दिए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### ऐशबाग ईदगाह पर ईद की तैयारियां जोरो पर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया ने कहा कि इस्लाम धर्म में ईद सबसे बड़ा खुशी और जश्न का दिन है और यह दिन खुदा पाक की तरफसे उन लोगों को विशेष तौर पर इंआम के तौर पर दिया गया है जिन्होने रमजान में रोजे रखे और पूरा महीना खुदा पाक की इबादत में गुजारा। उन्होने कहा कि इस्लामी शरीअत यह चाहती है कि ईद के दिन कोई भी मुसलमान ऐसा न हो जो ईद की खुशी न मना सके। इस लिए सद्का फित्र का निजाम रखा गया है। जिन लोगों ने अभी तक सद्का फित्र अदा न किया हो वह जल्द से जल्द गरीबों में सद्का फ़ित्र अदा करदें ताकि वह भी ईद की खुशियों में सबके साथ शामिल हो सकें। मौलाना ने कहा कि ईद उल फित्र की नमाज़ ईदगाह लखनऊ में सुबह 10 बजे होगी। जिस के लिए तमाम तैय्यारियॉ को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। सफ़ाई, पानी की उचित व्यवस्था की गयी है ताकि नमाजियों को किसी प्राकर की कठिनाई न हो। उसके लिए सफें भी बनवायी गयी हैं जहॉ इन्क्रोचमेन्ट था उसको भी हटवा दिया गया है जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग नमाज अदा कर सकें।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप का उपवास

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आज पूरे भारत में आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एक दिन का उपवास रहे हैं। इस क्रम में यूपी की राजधानी लखनऊ में स्थित आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आप कार्यकर्ताओं और नेताओं ने एक दिन का सामूहिक उपवास रखा है। बता दें कि रविवार को दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के प्रदेश महामंत्री दिनेश सिंह पटेल के नेतृत्व में आप के नेता और कार्यकर्ता एक दिवसीय उपवास पर बैठे हुए है। प्रदेश महामंत्री दिनेश सिंह पटेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल से डरे हुए है। बीजेपी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके विपक्ष के नेताओं को डराने का काम करती है। उन्होंने कहा कि अजीत पवार जैसे नेता विपक्ष में होते है तो बीजेपी के लिए भ्रष्टाचारी होते है लेकिन वो बीजेपी में शामिल होते ही सदाचारी हो जाते हैं। बीजेपी की वाशिंग मशीन में एक तरफसे भ्रष्टाचारी नेता डालिए दूसरी ओर से सदाचारी निकलेंगे।

### पेट्रोल पंप के पास फायरिंग कर रहे शख्स का वीडियो वायरल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रही है। यह वायरल वीडियो गोसाईगंज स्थित संकल्प पेट्रोल पंप का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में एक सख्स फायरिंग करते आ रहा नजर। फायरिंग करने वाले नाम अरविंद सिंह बताया जा रहा इसका नाम। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता है लागू। ऐसे में फायरिंग करने वाला शख्स आयोग के निर्देशों की उडा रहा माखौल।

### वरिष्ठ सहायक पर दुष्कर्म का आरोप, नशीला पदार्थ खिलाकर किया रेप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आशियाना के निजी विश्वविद्यालय में कनिष्क सहायक पद पर कार्यरत महिला ने हेमवती राजकीय महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक पर यौन शोषण का आरोप लगाकर सुशांत गोल्फसिटी में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक, पीड़िता ने नैनी के हेमवती राजकीय महाविद्यालय में वरिष्ठ सहायक महाबीर प्रसाद शर्मा पर दुष्कर्म की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि कोरोना काल में उसे पति की मौत हो गई थी। वह सहायक पद पर कार्यरत थे। पति की मौत के बाद नैनी के हेमवती राजकीय महाविद्यालय में वरिष्ठ सहायक महाबीर प्रसाद शर्मा ने मृतक आश्रित कोटे में नौकरी दिलाने के नाम पर दोस्ती की। जुलाई 2021 को महिला की नौकरी नैनी के विवि में कनिष्क सहायक पर लग गयी। पीड़िता का कहना है कि एक दिन महाबीर ने उससे ज्यादा काम होने की बात कहकर रोक लिया और नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया, विरोध करने पर वह वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने लगा। परेशान होकर महिला ने अपना ट्रांसफर लखनऊ करवा लिया, जिसके बाद भी आरोपी उसे परेशान करता रहा। डर-धमका कर उसने पीड़िता को एक होटल में बुलाया। उसके बाद दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अपना दल एस महानगर इकाई की डिप्टी सीएम के साथ बैठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपना दल (एस) लखनऊ महानगर के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर लखनऊ लोकसभा प्रभारी संजीव सिंह राठौर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार जी, नगर अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, सुधांशु वर्मा, दिव्यांशु वर्मा, महेश शर्मा, रमन पटेल, श्री हरिकेश वर्मा एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। बैठक में अपना दल एस ने एनडीए प्रत्याशी को पाँच से अधिक वोट से जिताने का संकल्प लिया।

### 51 शक्तिपीठ में हुआ संतों का आगमन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नंदना बख्शी तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ तीर्थ में रविवार को पूज्य संत चिन्मय मिशन पीठाधीश्वर ब्रम्हचारी महंत कौशिक चौतन्य महाराज, एवं मनकामेश्वर मन्दिर की महंत देव्या गिरी सहित सामाजिक संस्था लोकभारती के तत्वावधान में अनेक गणमान्य मनीषियों द्वारा अद्वितीय व्यक्तित्व एवं मानव-धर्म प्रतिपालक,51 शक्ति पीठ तीर्थ के परिकल्पनाकार ब्रम्हलीन पूज्य पं रघुराज दीक्षित को अपनी प्रार्थना अर्पित की साथ ही उनकी सामर्थ्यवान धैर्य-धनी सुपुत्री पीठासीन अध्यक्षा तृप्ति तिवारी को कुलकीर्तिवर्धक के रूप में सम्मानित किया गया।

# चाहे जीजा आएं या दीदी, खिलेगा कमल ही

## कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चा पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया पलटवार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने की चर्चा पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा, चाहे राहुल गांधी के जीजा आएं या दीदी आएं, लेकिन अमेठी और रायबरेली में कमल खिल चुका है, यहां पर कमल ही खिलेगा।केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि,



क्योंकि अमेठ्ठी ने पिछली बार जिसे (स्मृति ईरानी) अपना सांसद चुना था, वह केवल गांधी परिवार पर हमला करने के बारे में चिंतित है, क्षेत्र के विकास और अपने लोगों की भलाई सुनिश्चित करने के बारे में नहीं। अमेठी के लोग अपने सांसद से परेशान हैं। उन्हें लगता है उन्होंने वर्तमान सांसद को चुनकर गलती की है। जब अमेठी के लोगों को लगेगा कि उन्होंने गलती की है, जब उन्हें लगेगा कि वे चाहते हैं कि गांधी परिवार का कोई सदस्य वापस आए या वे चाहेंगे कि मैं उनका प्रतिनिधित्व करूं।

बीजेपी के लिए अमेठी और रायबरेली में कोई चौलेंज नहीं है। ये लोग इन दोनों क्षेत्रों को अपनी जागीर समझते थे। यूपी के युवाओं को नशेड़ी कहते थे, लेकिन

अब युवाओं ने ही राहुल गांधी का नशा उतार दिया है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का नशा पूरी तरह उतर जाएगा। अमेठी की सीट पर तो कमल ही खिलेगा। बता दें कि प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने हाल ही में अपने राजनीतिक पदार्पण का संकेत दिया था। उन्होंने उत्तर प्रदेश में कभी कांग्रेस पार्टी के गढ़ रहे अमेठी को चुना है। उन्होंने कहा, अमेठी के लोग मुझसे उम्मीद करते हैं कि अगर मैं सांसद बनने का फैसला करता हूं तो मैं उनका प्रतिनिधित्व करूं।

### पहले दंगों से होती थी अलीगढ़ की पहचान : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ/अलीगढ़।** भाजपा की सरकार लगातार देख में विकास करने का काम कर रही है। हर जिले को पहचान दिलाने क लिए भाजपा ने 'वन ड्रिस्ट्रिक, वन प्रोडक्ट' की स्कीम लागू की। लेकिन समाजवादी की सरकार में 'वन ड्रिस्ट्रिक, वन माफिया' की स्कीम लागू थी। यह बात प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रविवार को कही। सूबे के उप मुख्यमंत्री अलीगढ़ में रविवार को जीटी रोड स्थित एक पैलेस में बूथ सम्मेलन करने आए थे। उन्होंने सांसद प्रत्याशी को जिताने की अपील की और बूथ अध्यक्षों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में जब से भाजपा सरकार आई है, सिर्फविकास करने का काम कर रही है। हर व्यक्ति को साथ लेकर विकास की योजनाओं में शामिल किया जा रहा है। यह काम विपक्ष भी कर सकता था, लेकिन उन्होंने सिर्फ माफियाराज को बढ़ावा दिया। डिप्टी सीएम ने दवा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस बार का चुनाव जीत चुकी है। आम मतदाता विपक्ष की नीति और सोच को अच्छी तरह से पहचान रहा है। इसलिए सभी कार्यकर्ता पूरे जोर शोर से



जुट जाएं और देखे कि अलीगढ़ में भाजपा भारी मतों से जीते और विपक्ष की जमानत भी जब्त हो जाए। भाजपा के बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बूथ कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। कोई भी कमी न छोड़ें, क्योंकि जब बूथ जीतेंगे तभी चुनाव भी जीतेंगे। हर एक व्यक्ति से संपर्क करें और उसे भाजपा की नीतियों के बारे में बताते हुए पार्टी को वोट देने की अपील करें। उन्होंने अलीगढ़ वालों से अपील करी कि वह विपक्ष को करारा जवाब दें। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले अलीगढ़ की पहचान दंगों के रूप में होती थी। लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद दंगाइयों पर नकेल कसी गई और अब फिर से अलीगढ़ की पहचान ताले के लिए होने लगी है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में अमन और भाईचारा कायम किया और आज हर व्यक्ति सुकून से जी रहा है। अलीगढ़ में तेजी से औद्योगिक करण हो रहा है और डिफेंस कॉरीडोर यहां की पहचान बनेगा। यहां रक्षा उत्पाद तैयार होंगे, जिससे देश के जवान सीमा पर आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में बिजली नहीं आती थी, अगर बिजली कट गई तो एक सप्ताह तक उसके आने का ठिकाना नहीं होता था। आज शहर से लेकर गांव तक में बिजली है। किसानों को कृषि कनेक्शन मिले हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले गुंडे माफियाओं को खुली छूट मिली हुई थी। महिलाओं से छेड़छाड़, व्यापारियों से मारपीट आम बात थी। बच्चे स्कूल जाने से डरते थे और उन्होंने स्कूल जाना भी बंद कर दिया था। लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद हर जगह कानून व्यवस्था कायम है। उन्होंने सांसद सतीश गौतम को वोट करने की अपील की और कहा कि भाजपा सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि सोच है। देश को विकास और तरक्की तक ले जाने के लिए भाजपा लगातार काम कर रही है।

## कानून व्यवस्था पर फोकस, आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कोताही नहीं

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन हो रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1825 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 06 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3916 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 19,54,003 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिसमें से 12,35,924 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

# अर्जुनगंज में चलेगा बुलडोजर, 60 से ज्यादा घर और दुकान टूटेंगे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लोक निर्माण विभाग 8 अप्रैल से मकान और दुकान तोड़ने का अभियान चलाएगा। अर्जुनगंज से सुलतानपुर रोड को जाने वाली 1820 मीटर लम्बी सड़क को चौड़ा किया जाएगा। इसको लेकर पुलिस प्रशासन से भी बात हो गई है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के लिए तीन टीमें बनाई गई है। पीडब्ल्यूडी अर्जुनगंज मरी माता मंदिर से यह अभियान चलाएगा। हालांकि कई लोगों ने निर्धारित डेट से पहले ही खुद अपना निर्माण तोड़ना शुरू कर दिया है। इसमें कई लोगों की जमीन भी आ रही है, उनको विभाग की तरफ से उचित मुआवजा मिलेगा।

करीब 60 से ज्यादा लोगों पर कार्रवाई हो सकती है। यहां रहने वाले स्थानीय लोगों को पीडब्ल्यूडी दो बार नोटिस जारी कर चुका है। नोटिस के बाद भी कई लोगों ने अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा हैं। इसे लेकर अफसरों जिला प्रशासन से ध्वस्तीकरण चलाने की अनुमति मांगी थी। पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने बताया कि अर्जुनगंज की सड़क अलग-अलग हिस्सों में 20 से 26 मीटर चौड़ी हैं। कुछ लोगों ने सिर्फ 15 मीटर की सड़क छोड़ कर बाकी के हिस्से पर निर्माण कर लिया है। ऐसे में राजस्व अभिलेखों से आवासों का मिलान किया गया। इस दौरान जो भी सड़क पर निर्माण मिल उसको ध्वस्त करने का नोटिस जारी किया गया। इसके बदले में उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलेगा।

लोक निर्माण विभाग ने करीब दो महीने पहले यहां के स्थानीय लोगों को नोटिस भी जारी कर चुका है। 31 मार्च को इसकी अंतिम सीमा खत्म हो चुकी है। बताया जा रहा है कि कई लोगों ने अपने मकान और दुकान के निर्माण के दौरान आगे की जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस दौरान 5 मीटर तक कब्जा किया गया है। उन सभी लोगों का निर्माण तोड़ा जाएगा। लोक निर्माण विभाग के नोटिस के बाद भी कब्जेदार अपनी दलील में कोई ऐसा सबूत नहीं दे पाए हैं जिसमें यह साबित हो पाए कि उनकी तरफ से कब्जा नहीं किया गया है।

## बंद मकान सहित कार में लगी आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में एक बंद मकान और एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर कुछ देर में आग पर काबू पा लिया । लेकिन कार और मकान में रखा कीमती सामान जलकर राख हो चुका था। मिली जानकारी के मुताबिक, कृष्णानगर थाना क्षेत्र के पुरानी विजय नगर पुलिस चौकी के पास स्थित सुरेंद्र राम परिवार संग रहते हैं। वह परिवार संग घर में ताला बंद कर कही बाहर गए हुए हैं। रविवार सुबह करीब साढ़े पांच उनके मकान में अचानक आग लग गई और कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। मकान से धुआ निकलता देख पड़ोसियों ने फायर स्टेशन सहित स्थानीय पुलिस को सूचना देने के बाद पानी की मदद से कड़ी मशक्कत कर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची लेकिन तब तक पड़ोसियों ने घर का ताला तोड़कर आग पर काबू पा लिया था। आग लगने की सूचना घर मालिक को हुई तो उन्होंने इंदिरा नगर में रहने वाले रिश्तेदार संजय कुमार को दी, जिससे वह मौके पर पहुंचे।

# क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा विधिक सेवाएं वैकल्पिक विवाद समाधान : प्रो. बंशीधर

## लविवि के विधि संकाय में द्वितीय नेशनल लॉ फेस्ट का भव्य समापन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेसी सोसाइटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल लॉ फ़ेस्ट का समापन रविवार को हुआ, समापन समारोह में मुख्य अतिथि चीफ़ स्टैंडिंग काउंसिल प्रशांत सिंह अटल एवं विशिष्ट अतिथि महिला कल्याण विभाग के डिप्टी डायरेक्टर लखनऊ मंडल प्रवीण त्रिपाठी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह ने बताया कि वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) विवादों को शीघ्र हल करने के लिए उपयोग की जाने वाली कई प्रक्रिया हैं, यह निष्पक्ष तीसरे पक्ष की मदद से अदालत कक्ष के बाहर विवादों को निपटाने की पेशकश करता है। यह विवाद समाधान का एक तंत्र है जो गैर प्रतिकूल है, यानी सभी के लिए सर्वोत्तम समाधान तक पहुंचने के लिए सहयोगात्मक ढंग से मिलकर काम करने वाला, इसमें प्रक्रियात्मक लचीलेपन से बहुमूल्य समय एवं धन की बचत होती है और पारंपरिक परीक्षण का तनाव भी नहीं होता है। आने वाले समय में विधिक सेवाएं वैकल्पिक विवाद समाधान एक क्रांतिकारी परिवर्तन के रुप में स्थापित होगा, टीचर कोऑर्डिनेटर प्रो. हरिश्चंद्र राम ने प्रतियोगिता के फाइनल राऊंड में निर्णायक की भूमिका में रहे सीनियर एडवोकेट प्रशांत चंद्रा एवं संजय भसीन का स्वागत किया। देश भर के 70 से अधिक विश्वविद्यालयों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में क्राइस्ट यूनिवर्सिटी, दिल्ली एवं जम्मू विश्वविद्यालय, क्लाइंट काउंसलिंग में महाराष्ट्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी नागपुर एवं एनएमआईएमएस, लीगल क्विज में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ एवं जोधपुर विश्वविद्यालय व निगोसिएशन में सेंट जोसेफ लॉ कॉलेज बंगलोर एवं पंजाब विश्वविद्यालय की टीम क्रमशः विजेता एवं उपविजेता रही। प्रथम राउंड के आधार पर जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की टीम सर्वश्रेष्ठ रही।

क्लाइंट काउंसलिंग में पंजाब विवि ने बेस्ट काउंसेल का अवार्ड प्राप्त किया, इस कार्यक्रम के समापन पर स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने कुशल मार्गदर्शन हेतु विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सोसाइटी के सदस्यों की सराहना की। एडीआर ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसाइटी की प्रेसिडेंट आरज़ू नायाब ने सभी सम्मानित अतिथिगण, शिक्षकों, प्रतिभागियों एवं सोसाइटी के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तृतीय नेशनल लॉ फेस्ट को और अधिक शानदार बनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई।

बैठक

श्री राम लीला समिति ऐशबाग में आयोजित प्रेसवार्ता में समिति के सचिव पं. आदित्य द्विवेदी ने बताया

# भारतीय नववर्ष मेला व चैती महोत्सव नौ अप्रैल से

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** तुलसी शोध संस्थान उत्तर प्रदेश के अंतर्गत श्री राम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में आगामी 9 अप्रैल से 18 अप्रैल तक श्री राम लीला परिसर ऐशबाग, लखनऊ में दस दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चौती महोत्सव-2024 का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी आज श्री राम लीला समिति ऐशबाग के सभागार में आयोजित एक प्रेसवार्ता में समिति के सचिव पं. आदित्य द्विवेदी ने दी।



उन्होने बताया कि 9 अप्रैल 2024 से आरम्भ हो रहे चौती महोत्सव 2024 के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नवयुग पी.जी. कालेज का स्तुति नृत्य, अमृत सिन्हा के नृत्य निर्देशन में रिदम डिवाइन इंस्टीटयूट के कलाकारों का स्वरान्जलि, रिना श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में नृत्या डांस अकादमी के कलाकारों का समूह नृत्य माला, मंदाकिनी के नृत्य निर्देशन में हार्ट एण्ड सोल के कलाकारों का समूह नृत्य माला और भास्कर बोस के निर्देशन में मां मंशा देवी की कथा नाटक का मंचन होगा।

इसी प्रकार 10 अप्रैल को बाल निकुंज स्कूल के बच्चों का नृत्योत्सव, विक्की राज के नृत्य निर्देशन में वर्व डांस स्टूडियों के कलाकारों का समूह नृत्य माला, शशांक जादूगर का हैरतअंगेज जादू, वंदना शुक्ला का संस्कार नृत्योत्सव और भास्कर बोस के निर्देशन में कथा वैद्यनाथ धाम नाटक का मंचन होगा। इसी क्रम में 11 अप्रैल 2024 को आर के डी सेकेंडरी स्कूल का नृत्योत्सव, हर्षित चौहान के निर्देशन में फर्स्ट मूव डांस एकेडमी के कलाकारों का समूह नृत्य माला, विपिन निगम के निर्देशन में कृष्णम एकेडमी के कलाकारों का राम आनन्दम, देवांशी तिवारी के निर्देशन में पुंजस्थला नृत्य कला केन्द्र के कलाकारों का नृत्यायन प्रभा, स्वाति श्रीवास्तव के निर्देशन में कॉमर्स स्पेयर एण्ड डांस स्पेयर के कलाकारों का राधिका नृत्य माला और भास्कर बोस के निर्देशन में गंगा अवतरण नाटक का मंचन होगा। 12 अप्रैल 2024 को पायनियर मांटेसरी स्कूल के बच्चों का नृत्योत्सव, शैलेन्द्र सक्सेना के नृत्य निर्देशन में सुरभि कल्चरल ग्रुप के कलाकारों का समूह नृत्य माला, अनुष्का श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में अनुरुप डांस एकेडमी के कलाकारों का समूह नृत्य माला, डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में पद्दमजा कला संस्थान के कलाकारों का कथक नृत्य माला और भास्कर बोस के निर्देशन में धन्ना भगत नाटक का मंचन होगा। इसी प्रकार 13 अप्रैल 2024 को सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल के बच्चों का अमित गुप्ता और सुगंध बख्शी के नृत्य निर्देशन में नृत्योत्सव, नेहा वर्मा के नृत्य निर्देशन में वैष्णवी डांस एकेडमी के कलाकारों का समूह नृत्य माला, आरती शुक्ला के नृत्य निर्देशन में आंचल समाज उत्थान सेवा समिति के कलाकारों का समूह नृत्य माला, रतन सिस्टर्स का नृत्यांजलि, राघवेन्द्र प्रताप सिंह के दल का रघुराई राम और भास्कर बोस के निर्देशन में सन्त तुलसीदास नाटक का मंचन होगा।

# राजनैतिक दलों को प्रचार-प्रसार के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी के केंद्रों पर प्रसारण का समय आवंटित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा प्रदेश की विधानसभा उप निर्वाचन में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय तथा राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों को दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के केन्द्रों पर प्रसारण समय आवंटित किया गया है।

06 राष्ट्रीय दलों तथा उत्तर प्रदेश के 02 राज्य स्तरीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर प्रचार-प्रसार के लिए समय की न्यायसंगत हिस्सेदारी का आवंटन किया गया है। यह सुविधा पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों या किसी स्वतंत्र अभ्यर्थी को उपलब्ध नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश की लोकसभा निर्वाचन तथा विधानसभा उप चुनाव के लिए राष्ट्रीय दलों एवं राज्य स्तरीय दलों को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए समय निर्धारित कर दिया गया है।

इसमें राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल पर प्रचार-प्रसार हेतु लगभग 10 घंटे का समय आवंटित किया गया है। इसमें भारतीय जनता पार्टी को 241 मिनट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 148 मिनट, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्सवादी) को 54 मिनट, आम आदमी पार्टी को 47 मिनट, नेशनल पीपुल पार्टी को 45 मिनट, बहुजन समाज पार्टी को 64 मिनट का समय आवंटित किया गया है। इसी प्रकार राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के क्षेत्रीय केन्द्रों पर प्रचार-प्रसार हेतु कुल 15 घंटे का समय आवंटित किया गया है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी को 362 मिनट, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 222 मिनट, कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (मार्क्सवादी) को 81 मिनट, आम आदमी पार्टी को 71 मिनट, नेशनल पीपुल पार्टी को 68 मिनट, बहुजन समाज पार्टी को 96 मिनट समय आवंटित किया गया है। इसी प्रकार दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के क्षेत्रीय केन्द्रों और राज्य राजधानी केन्द्र पर प्रचार-प्रसार के लिए राज्य स्तरीय पार्टियों में समाजवादी पार्टी को 53 मिनट तथा अपना दल (सोनेलाल) को 27 मिनट आवंटित किये गये हैं।

# एक हफ्ते में ही उखड़ गई इंटरलॉकिंग

**मनकापुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

▸ ग्राम पेरी पोखर का मामला

एक तरफ जंहा डबल इंजन की सरकार गाँव गाँव तक विकास पहुंचाने के दावे कर रही है और लाखों रुपये ग्राम पंचायतों के विकास पर खर्च करने की बात कर रही है लेकिन धरातल पर इन दावों का कोई असर दिखाई नही दे रहा है। जंहा सफेद पोश डकैतों का डाका सरेआम सरकार के इन योजनाओं पर हावी है और योजनाओं का लाभ आम नागरिक तक पहुचने से पहले ही बड़े भ्र्ष्टाचार के भेट चढ़ने की अक्सर सूत्रों से पुष्टि होती है वही कमीशन खोरी के चलते योजना की गुणवत्ता पर भी सवाल उठते देखे जा रहे फिर भी कमीशन खोरी के खेल में जिम्मेदार अधिकारी की अधिकांश योजनाओं में संलिप्त होने की बात से इनकार नही किया जा सकता।

अभी ताजा मामला की बात की जाय तो कार्य के आवंटन से लेकर कार्य करवाने तक कमीशन का खेल होने की बात सामने आ रही है। ऐसा ही ताजा मामला प्रकाश में आ रहा है मनकापुर ब्लॉक के ग्रामसभा पेरीपोखर का जहां पर इंटरलॉकिंग का निर्माण कार्य में मानक की बड़ी अनदेखी हो रही है बल्कि अगर सूत्रों की माने तो अधिकारी से ग्राम पंचायत



जेई प्रधान तक का हिस्सा फिक्स होता है और कमिशन लेने के बाद ही कार्य करवाने की बात की जाती है।

बड़ा प्रश्न यह उठता है की क्या विकास कार्यो को लेकर कमीशन सिर्फ विकासखंड अधिकारी तक सीमित है या फिर अन्य तमाम अधिकारियों तक जिनके माध्यम से कार्ययोजनाओं पर कार्य किया जाता है। जिसमे ठेकेदार से लेकर जेई तक का हिस्सा होता है जिसके कारण कार्यो की गुणवत्ता प्रभावित होती है और कमीशन के चलते ठेकेदार भी कार्यो में मानक का पालन न करने को मजबूर है। जिसकी ताजी मिसाल ब्लाक मनकापुर के ग्रामसभा पेरिपोखर में देखने को मिलेगा जंहा इंटरलॉकिंग कार्य मे जम कर कमीशन का खेल खेला गया और इसके चलते गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया जा रहा जिसमे मिट्टी पर ही जुडाई की गई और जुड़ाई दो दिन बीतते ही उखडने की नौबत आ गई है जिसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा निर्माण को लेकर घटिया सामग्री के प्रयोग की बात बताई जा रही है जिसमे पीले ईंट व मिट्टी युक्त बालू के प्रयोग के साथ सीमेंट के प्रयोग में भी खेल की बात सामने आ रही है। जिसके कारण जो निर्माण हुआ वह धराशाई हो जाता है जिसमे यही अधिकारी जांच और कार्यवाही की बात तो करते है लेकिन कार्यवाही कब और किस पर होती है इसका पता ही नही चलता जो अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि क्या विभागीय भ्र्ष्टाचार पर अंकुश लगेगा य यह सब ऐसे ही चलता रहेगा और भ्रष्ट अधिकारी अपनी जेब भरते रहेंगे इस मामले को लेकर जब खण्ड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नही उठा।



## मेंहदी प्रतियोगिता में दिखा उत्साह

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** शहर के आईसीआईटी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर गोण्डा में एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के विभिन्न कोर्स ओ लेवल, सीसीसी, टैली में अध्ययन करने वाली कुल 27 छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान भूमिका तिवारी, दूसरा स्थान रिनी श्रीवास्तव, तीसरा स्थान अंजलि मौर्या और प्रिन्सी सिंह और चौथा स्थान अनामिका को मिला। विजई छात्राओं को प्रतियोगिता के अतिथियों ने ट्राफी और प्रमाण पत्र दें कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सपना तिवारी, स्वाति मिश्रा, रजनी मिश्रा, स्वाति शुक्ला रही। प्रतियोगिता के प्रारम्भ में संस्थान की उप निदेशिका ऊषा गुप्ता ने अतिथियों को बैच लगा कर सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक संतोष कुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार वक्त किया और सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद स्वरुप सन्देश दिया द्य इस प्रतियोगिता में अंजलि मौर्या, अफसा बानो, शिवांगी सिंह, रिनी श्रीवास्तव, भूमिका, अनामिका, प्रिन्सी, माधुरी, स्वप्निल, रूचि, शिवांशी, राशि गुप्ता आदि छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर संस्थान के शिक्षक शिवम् सिंह, माया राम, ह्रितिक अवस्थी आदि उपस्थित रहें।

## खबरें एक नजर में

### फूलमती माता देवी स्थान पर कथा सुन झूमे श्रोता



**कौड़ियां /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** एक बार भूपति मनमाही, भै ग्लानि मोरे सूत्र नहीं। उक्त बातें नैमिषारण के कथावाचिका परम पूज्य देवी गौरी बाजपेई जी महाराज ने टनटनावापुर के फूलमती माता देवी स्थान पर चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कहीं। कौडिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरैना के मजरा टनटनवापुर में स्थित फूलमती माता देवी स्थान पर आयोजित साप्ताहिक ज्ञान महायज्ञ के पांचवें दिन कथावाचिका परम पुज्य देवी गौरी बाजपेई जी महाराज ने स्रोतों को संबोधित करते हुए कहा कि राजा दशरथ ने गुरु वशिष्ठ के घर जाकर अपने पुत्र न होने का दुख सुनाया। गुरुदेव ने समझाते हुए कहा कि राजन धैर्य रखो तुम्हारे घर में एक नहीं बल्कि चार-चार बेटे जन्म लेंगे। गुरुदेव के मार्गदर्शन से पुत्रोष्ठी यज्ञ का आयोजन किया। जिसके बाद प्रसाद ग्रहण करने के बाद माताओं ने सुंदर से बालकों को जन्म दिया। माता कौशल्या के राम, कैकेई ने भारत, सुमित्रा के लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया।विप्र धेनु सुर संतान हित, लीन्ह मनुज अवतार।निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गोपाल। कथा को सुनकर सभी श्रोता मां मुक्त हो गए इसमें सत्यनारायण शुक्ला, मुन्नालाल शुक्ला, कृष्ण गोपाल, बाल्मिक दुबे, शिव वरदान पांडे, शिवकुमार पांडे, दादा शुक्ला, अवधेश शुक्ला, आलोक शुक्ला, महेश शुक्ला, मुंशी लाल दूबे,त्रियुगी नारायण शुक्ला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### अभियुक्त को पकड़ने में असफल नगर पुलिस

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** करीब 11 माह पहले मारपीट कर छिनैती की गई मोबाईल वीवो वाई 56 को सर्विलांस टीम द्वारा बरामद तो की गई परन्तु अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित को मोबाइल न मिल पाने से वह अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। विदित हो कि कोतवाली नगर अंतर्गत मोहल्ला रानीजोत निवासी अमन कुमार दिनाँक 31.5.2023 को करीब रात्रि साढ़े 08 बजे घोसियाना मार्ग से होकर अपने घर जा रहा था। रास्ते में दो अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट व धमकी देते हुए मोबाईल व 170 रुपए नकदी छीन लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली नगर में दिनाँक 29.6.2023 को मुअसँ-528/23 की धारा 392,323,506 दर्ज की गई। सर्विलांस टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए मोबाईल फोन को बरामद कर लिया गया परन्तु अभियुक्त को अभी तक न पकड़े जाने के चलते पीड़ित को मोबाईल नही मिल पा रहा है। बताया जाता है कि अभियुक्त नानबाबू वर्तमान में मो0 न0-9170870081 का उपभोग कर रहा है जो थाना इटियाथोक अंतर्गत ग्राम पंचायत बेनीपुर,तेलियन पुरवा का निवासी है। प्रकरण की विवेचना बड़गांव पुलिस चौकी को सौंपे जाने के बावजूद अभियुक्त पकड़ से दूर है। जिसकी शिकायत 30 मार्च 2024 को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के वॉट्सऐप पर किया व 05 अप्रैल 2024 को अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी को शिकायती पत्र देने के बावजूद भी पुलिस द्वारा अभियुक्त को अभयदान दिए जाने से पुलिसिया कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं।

### युवक का मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के किंधौली गांव में बांध के किनारे एक युवक का शव रविवार सुबह बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत किंधौली के लोग रविवार सुबह आवागमन कर रहे थे। तभी गांव के लोगों को सरयू नदी पर बने बांध के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव देखने से उसके मानसिक विक्षिप्त होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए उसे जिला मुख्यालय स्थित मर्चुरी में रखवा दिया गया है।

### बैठक में शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की मुख्य समस्याओं के दृष्टिगत राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, इटावा की जिला संयुक्त कार्यसमिति की बैठक प्रदेशीय मंत्री/जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में संपन्न हुई। शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा करते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष देश दीपक तिवारी ने संगठन के विस्तार पर बल देते हुए संगठन की सकारात्मक विचारधारा के परिप्रेक्ष्य में सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया। ब्लॉक से आईं विभिन्न समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण हेतु अग्रिम कार्य योजना तैयार करने को कहा। जिला इकाई की बैठक में निर्णय लिया गया कि मासिक बैठकों पर जोर दिया जाए जिससे कि शिक्षकों की बुनियादी समस्याओं का निस्तारण ससमय ही सके। जिला संयुक्त कार्यसमिति के पदाधिकारियों एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष की उपस्थिति में पर्यवेक्षक जिला महामंत्री जितेन्द्र यादव एवं संगठन मंत्री नवनीत पाण्डेय द्वारा सर्वसम्मति से जिला प्रवक्ता विकास कुमार शुक्ल, जिला मंत्री विनय वर्मा, जिला संयुक्त मंत्री शिवम कुमार मिश्र, संयुक्त मंत्री आदिराम को नियुक्त किया गया। जिला कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक के संयोजक संजय त्रिपाठी, मण्डल महामंत्री एवं जिला कोषाध्यक्ष रहे। विकास शुक्ला को जिला प्रवक्ता, विनय वर्मा को जिला मंत्री, शिवम कुमार मिश्र एवं आदिराम संयुक्त मंत्री नियुक्त हुए।

## एसपी के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज



**रुपईडीह/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

ठडक्कीपुरवा में कुछ लोगों द्वारा गेहूं की फसल पर दवा के छिड़काव करने पर फसल नष्ट हो जाने की शिकायत कुलदीप तिवारी पुत्र घनश्याम तिवारी ने पुलिस अधीक्षक से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम ने मौका का निरीक्षण कर एसओ कौड़ियां को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया।

कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरैना के मजरा ठडक्कीपुरवा के निवासी कुलदीप तिवारी पुत्र घनश्याम तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर गांव के ही कुछ लोगों ने करीब एक माह पहले रात्रि में गेहूं की फसल पर दवा का छिड़काव कर दिया। जिससे फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई पर कार्रवाई न होने पर इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम को देते हुए जांच व कार्रवाई का निर्देश दिया। जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष कौडिया को प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## पुनः मौका मिला तो किया जाएगा और भी विकास कार्य : सांसद

▸ सांसद राजा भैया ने ग्राम सभा देवरिया चूड़ामणि में जनसभा कर जनता को किया संबोधित

▸ दस सालों का दिया अपने कार्यों का लेखा-जोखा



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

ग्रामसभा देवरिया चूड़ामणि में श्रीमती रेखा श्रीवास्तव संयोजिका विश्व हिंदू मातृ संघ के यहां गोंडा लोकसभा के भारतीय जनता पार्टी के सांसद कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम मोदी के परिवार हैं और विकास कार्य करने की गारंटी लेते हैं उन्होंने अपने लोकसभा में तीन ओवर ब्रिज जो लगभग तैयार हैं उसके बारे में बताया कि हमने जनता की सुविधा के लिए सरकार से मांग किया और सरकार ने हमारी मांगों को पूरा किया वही मोदी जी ने जो भी कार्य किया उसमें हिंदू मुसलमान और सिख इसाई की कभी बात नहीं की आज अगर मुफ्त राशन सरकार दे रही है तो उसमें सभी तरह के लोग इसका लाभ ले रहे हैं चाहे किसी पार्टी के हो या किसी जाति विशेष के मोदी जी ने कभी किसी भी मामले में भेदभाव नहीं किया वहीं उन्होंने हमेशा यही नारा दिया सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास उन्होंने जनसभा में इतना जरूर कहा कि हम जो भी वादा करेंगे उसे पूरा करने की कोशिश करेंगे और लोगों की तरह हम नहीं कर पाएंगे उन्होंने तमाम शिलान्यास कर दिया ना काम पूरा हुआ और ना ही उसका उद्घाटन हुआ ऐसा कार्य हम नहीं कर पाएंगे हम वही वादा करेंगे जो पूरा कर सके जनसभा में मौजूद मंशा राम सेक्टर संयोजक, अमित शुक्ला मंडल कार्य समिति, शिव यादव मंडल अध्यक्ष, विद्या भास्कर मिश्रा महामंत्री, रमेश पांडे महामंत्री, रोहित जायसवाल मंडल कार्य समिति, सुमित श्रीवास्तव प्रधान, सुधीर श्रीवास्तव प्रधान ,वीरेंद्र मिश्रा, दिनेश मिश्रा, संजय सिंह एवं ग्राम सभा के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# रेलवे ने बंद किया रास्ता तो भड़की जनता

▸ सांसद प्रत्याशी का किया घेराव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे और प्रशासन ने शहर के नईबस्ती बख्शीपुरा जाने वाले मुख्य मार्ग को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया है। जिससे मोहल्ले के 50 हजार लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

बीमारों को अस्पताल, बच्चों को स्कूल व आमजन को बाजार जाने में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन तक लगातार मोहल्ले के हितों की उपेक्षा कर रहा है। इस कारण रविवार को मोहल्ले के सभासद अखिलेश यादव के नेतृत्व में हजारों आक्रोशित लोग सड़क पर उतर आये। सभी मोहल्ला वासियों ने सबसे



भाजपा सांसद प्रत्याशी आनंद गोंड के आवास पर जाकर उनका घेराव किया और लगातार मोहल्ले की समस्या के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया इसके बाद सभी ने भाजपा एम एल सी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी का भी घेराव कर उन्हें भी समस्या बताई।

मोहल्ले वासियों का नेतृत्व कर रहे समाजसेवी मनीराम वर्मा ने बताया कि रेलवे क्रासिंग बंद होने से मोहल्ला बहुत समस्या में है। इसलिए अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए वह जनप्रतिनिधियों के पास जा रहे हैं। हलांकी सभी जनप्रतिनिधि समस्या से अवगत हैं और समस्या समाधान का आश्वासन भी देते हैं। लेकिन 2017 से न नाला बन सका न क्रासिंग खुल पायी। उस पर भी रेलवे व प्रशासन ने मिलकर जो वैकल्पिक मार्ग बनाया था उसे भी बंद कर दिया। यह अन्याय की पराकाष्ठा है। लोकतंत्र में आमजन पर यह अन्याय स्वीकार नही है। अगर हमारी समस्याओं का समाधान नही किया गया तो हम सभी मतदान बहिष्कार करेंगे। मोहल्ले के सभासद प्रतिनिधि अखिलेश गोले ने कहा कि मोहल्ले की समस्याओं को लगातार बोर्ड बैठक में उठाया जाता है पर नगरपालिका की उदासीनता के कारण अभी तक किसी भी समस्या का समाधान नही हो पाया है। आंदोलनकर्ता समाजसेवी पी के सिंह ने बताया कि हमारे मोहल्ले ने सांसद से सभासद तक भाजपा का जिताकर भेजा है हमारे बूथों से हमेशा भाजपा जीतती है। लेकिन हमारे मोहल्ले की समस्याओं का कोई समाधान नही हो रहा है। इससे मोहल्ले में भारी आक्रोश है और सभी मतदान न करने का मन बना रहे हैं।

इस अवसर पर सुभाष चंद्र पांडेय, श्यामलाल दूबे, दद्दू मिश्र, सत्यदेव मिश्र, महेश पाठक, दीपू सिंह, बड्डू पांडेय, अंकुरेश श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, वंदना शुक्ला, दीपा श्रीवास्तव, ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर हजारों की संख्या में मोहल्ले के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## रिया के हत्यारोपी पिता को फांसी देने की मांग, निकाला कैंडल मार्च

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ कैंडल मार्च में मृतका के मां और मामा भी हुए शामिल

▸ मामा बोले- बुरी नीयत में असफल होने पर कर दी हत्या

शहर के मोहल्ला वजीरबाग निवासी रिया के हत्यारोपी सौतेले पिता को फांसी देने की मांग को लेकर शनिवार को सभी ने कैंडल मार्च निकाला।

आरोपी को फांसी देने की मांग परिवार के लोगों ने की। कोतवाली नगर के मोहल्ला वजीरबाग निवासी रिया (15) की 31 मार्च को उसके सौतेले पिता संतोष वाल्मीकि ने चाकू मार कर हत्या कर दी थी। बचाने दौड़े रिया के छोटे भाई पर भी हमला किया था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी सौतेले पिता को जेल भेज दिया था। रिया हत्याकांड के विरोध में शनिवार शाम को सात बजे उसके मामा मनीष की अगुवाई में सभी ने नगर पालिका से शहीद उद्यान पार्क तक कैंडल मार्च निकाला। हाथ में स्लोगन लिखे तख्तियां लेकर सभी ने मार्च निकालते हुए हत्या रोपी सौतेले पिता को फांसी देने की मांग की। कैंडल मार्च में रिया की मां के साथ अन्य नगर पालिका के कर्मचारी शामिल हुए। मामा का कहना है कि गलत नियत में असफल होने पर भांजी की हत्या सौतेले पिता ने की थी।

## शॉर्ट सर्किट से फूस के मकानों में लगी आग

▸ दमकल कर्मियों ने पाया काबू

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के हंसुवापारा गांव निवासी दो ग्रामीणों के फूस के मकान में रविवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पाकर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हसुवापारा के मजरा रंकीपुरवा निवासी सुखराम पुत्र राम समुझ के मकान में रविवार दोपहर में शार्ट सर्किट से आग लग गई।ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन उठ रही तेज लपटों ने पड़ोसी उमेश उर्फ नानमून के मकान को भी आगोश में ले लिया। इस पर सभी ने दमकल विभाग को सूचना दी।



दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। लेकिन दो मकानों की पूरी गृहस्थी आग की भेंट चढ़ गईं। आग लगने से कपड़ा, अनाज और अन्य सामान जल गया। एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग लगने की सूचना मिलने पर थाने की पुलिस ने मौके का मुआयना किया। एसडीएम दिनेश कुमार ने बताया राजस्व टीम की रिपोर्ट मिलने के बाद पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

## एसपी ने किया थाना सुजौली व थाना मुर्तिहा का औचक निरीक्षण

▸ पूर्व में आए प्रार्थना पत्रों में हुई कार्रवाई को जानने के लिए फोन कर लिया फीडबैक

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने थाना सुजौली व थाना मुर्तिहा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान निरीक्षक महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की। तथा पूर्व में आए प्रार्थना पत्रों में हुई कार्यवाही को जानने के लिए कुछ नंबरों पर कॉल कर फीडबैक लिया व सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर चढ़ाकर उन पर विधिसम्मत कार्यवाही के उपरांत स्वयं



थाना प्रभारी द्वारा फीडबैक लेने के लिए आदेशित किया। साथ ही फरियादियों /आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने और बैठने, पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया। मालखाने के निरीक्षण के दौरान मालो को क्रमवार तथा वर्षवार लगाने के लिए बताया गया।

मेस की साफ सफाई रखने, फिक्स मेनू के तहत गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने के लिए कहा गया। साथ आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत थाना प्रभारी को आदेशित किया कि थाना क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों व पुलिस बल के ठहरने के लिए चिन्हित स्थानों का मौके पर जाकर निरीक्षण करे।

मुर्तिहा एवं सुजौली थाने जो जर्जर स्थिति में थे हाल ही में उनको पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा मरम्मत कार्यों के लिए धनराशि प्रदान की गई थी इन दोनों ही थानों द्वारा जो मरम्मत कार्य कराए गए हैं उनकी समीक्षा की। दोनो थाना प्रभारी द्वारा किए गए कार्यो की प्रशंसा की तथा उन्हें निर्देशित किया कि इस कार्य के उपरांत थानों को इसी अवस्था में बनाए रखने का प्रयास करें तथा कुछ अन्य कार्य भी चिन्हित किए गए जिन्हें स्थानीय स्तर पर कराना सुनिश्चित करें जिसके लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा धनराशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

एसपी ने मुर्तिहा थाना के मालखाना हवालात का निरीक्षण कर हवालात में साफ सफाई रखने और हवालात में सीसीटीवी लगवाए जाने के लिए प्रभारी को निर्देशित किया। थाना प्रांगण में सी.सी.टी.वी. कैमरो की दशा व दिशा दुरस्त कराने हेतु आदेशित किया। एसपी ने रजिस्टरों की व्यवस्थित रख रखाव एवं माल खाने में माल को क्रमवार रख रखाव सुनिश्चित करने के लिए आदेशित किया गया।

## 50 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

▸ राजा मील चौराहे के पास जांच के दौरान बाइक की डिक्की से बरामद हुई स्मैक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



राम गांव थाने की पुलिस ने जांच के दौरान बाइक सवारों को 50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रूपये बताई जा रही है।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में राम गांव थाने के प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा पुलिस टीम के उप निरीक्षक नरेंद्र चौधरी, हेड कांस्टेबल विजय शंकर सिंह, सिपाही विकास यादव और जय प्रकाश के साथ आने जाने वालों की तलाशी ले रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शनिवार शाम को थाना क्षेत्र के राजा मील चौराहे के पास एक बाइक सवार को रोक कर जांच की गई तो बाइक की डिक्की से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई जिस पर बाइक सवार खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर थैलिया निवासी अभिषेक पाठक उर्फ भोलू पुत्र संजय पाठक और राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुआपारा निवासी सतीश मिश्रा पुत्र अजय कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद स्मैक और बाइक को पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि दोनों तस्करों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रूपये है।

## वृद्ध की हत्या का खुलासा, पूर्व ग्राम प्रधान और प्रधान प्रत्याशी समेत तीन गिरफ्तार

▸ चार अब भी फरार

▸ प्रधानी चुनाव की रंजिश में हुई थी हत्या, खेत में बने कमरे में मिला था शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान के ससुर की दो दिन पूर्व हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने पूर्व ग्राम प्रधान और ग्राम प्रधान प्रत्याशी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अभी भी चार अपराधी फरार चल रहे हैं।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नेठिया की ग्राम प्रधान आरती चौहान हैं। ग्राम प्रधान के ससुर राम प्रसाद चौहान की बुधवार रात को चुनावी रंजिश में हत्या कर दी गई थी। ग्राम प्रधान के जेठ प्रधान प्रतिनिधि बच्चन चौहान ने प्रधानी के रंजिश में गांव निवासी पूर्व प्रधान श्री चंद शुक्ला महिला प्रत्याशी परमा देवी समेत 7 लोगों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कराया था। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान श्रीचन्द शुक्ला, नरेन्द्र शुक्ला उर्फ मोटे पुत्र जगदम्बा शुक्ला निवासी बभनपुरवा नेठिया और परमा पत्नी रामविलास चौहान, निवासी भागीरथपुरवा नेठिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## दुष्कर्मी को बीस साल कारावास की सजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

▸ विशेष न्यायाधीश पाक्सों ने अभियुक्त को दोषसिद्ध कर 80 हजार के अर्थदंड से किया दंडित

नाबालिग बिटिया का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में शनिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मुकदमें में अभियुक्त को 80 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है।विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक पाक्सो संतोष सिंह ने बताया कि थाना रामगांव के ग्राम जुलाहनपुरवा निवासी अभियुक्त निजामुद्दीन के खिलाफ पिता ने 11 मई 2021 को थाने में तहरीर दिया था। तहरीर में पिता ने कहा था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बिटिया को निजामुद्दीन द्वारा अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। थाने की पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। घटना में विवेचनाधिकारी द्वारा पीड़ित नाबालिग बिटिया का सक्षम मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए नक्शा नजरी तैयार किया था। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि विवेचनाधिकारी द्वारा पांच जून 2021 को आरोपपत्र सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया था। मुकदमें का 22 जून 2021 को प्रसंज्ञान न्यायालय द्वारा लिया गया था। इसके बाद विशेष लोक अभियोजक पाक्सो की टीम ने उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के विवरण का उल्लेख करते हुए मुकदमें में सत्र परीक्षण प्रारंभ किया था। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि शनिवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो वरूण मोहित निगम की कोर्ट ने मुकदमें सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त को अधिकतम बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने अभियुक्त को 80 हजार के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थदंड की धनराशि अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि कोर्ट ने पीड़िता को नियमानुसार प्रतिकर की धनराशि देने की संस्तुति भी की है।

# सेल्फी विद गार्बेज अभियान से खुली सफाई व्यवस्था की कलई

- सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी ने शुरू किया सेल्फी विद गार्बेज अभियान
- अन्य सभासदों से नगर की स्वच्छता और सुन्दरता के लिये अभियान में जन-भागीदारी की अपील की



**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत प्रशासन की आंखे खोलने के लिये जिला योजना समिति सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने सेल्फी विद गार्बेज अभियान की शुरूआत कर पहली पोस्ट सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। अन्य सभासदों ने कहा कि नगर की स्वच्छता और सुन्दरता के लिये अभियान में जन भागेदारी जरूरी है।

गन्दगी से पटे और बजबजाते नाले के साथ फोटो खींचकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर, इस्टाग्राम व ट्वीटर पर पोस्ट की गई है। पोस्ट को स्वच्छ भारत मिशन, पीएमओ आफिस, मुख्यमंत्री कार्यालय, नगर विकास विभाग और जिलाधिकारी रायबरेली को भी टैग किया गया है। अब देखना है कि सफाई के नाम पर भारी भरकम बजट खर्च करने वाली नगर पंचायत लालगंज कानों में तेल डालकर बैठी रहती है या फिर सफाई व्यवस्था को गम्भीरता से लेती है। नगर पंचायत लालगंज के तेज तर्रार सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने कहा कि सम्पूर्ण नगर की जल निकासी व सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। इस सम्बन्ध में उन्होने अधिशासी अधिकारी से कई बार व्यक्तिगत रूप से अनुरोध भी किया लेकिन अधिशासी अधिकारी द्वारा रूचि ना लेने पर सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने सोशल मीडिया का सहारा लिया है और बजबजाते व गन्दगी से पटे नाले की पहली तस्वीर सेल्फी विद गार्बेज से सम्बोधित किया है। श्री सूर्यवंशी ने बताया कि यही नहीं कूड़ा करकट के साथ ही, अतिक्रमण और आवारा पशुओं के साथ सेल्फी भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की जायेगी और उच्चाधिकारियों को टैग किया जायेगा। सेल्फी विद गार्बेज अभियान की शुरूआत पर सभासद दीपक मिश्रा, अतुल शर्मा व बबलू तिवारी ने कहा कि नगर की स्वच्छता और सुन्दरता के लिये अभियान में जन भागेदारी आवश्यक है।

## गर्म चाय से मासूम झुलसी



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र की राघवपुर निवासी मासूम जया यादव 3 पुत्री मनोज कुमार रविवार सुबह घर के किचन में खेलते वक्त पहुंच गई। किचन में गैस के उपर चाय उबल रही थी। इतने में मासूम जया का हाथ चाय के बर्तन में लग गया। जिससे पूरी चाय मासूम के शरीर में जा गिरी। परिजन घायल बेटी को लेकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार कर उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# हाईवे पर दिखा दबंगों का आतंक

- अस्थि विसर्जन कर लौट रहे लोगों की कार की टक्कर होने पर दबंगों ने पीटा

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रविवार सुबह लगभग ग्यारह बजे लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर कस्बा अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास दो कारों की टक्कर हो गई। घटना के बाद इनोवा पर सवार लोगो ने वैगनआर कार चालक की धुनाई कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटे आई हैं। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की खखरा भगवंतपुर जनपद लखनऊ के रहने वाले सतीश पाल पुत्र श्यामलाल उम्र लगभग 26 वर्ष, राम गोपाल पुत्र भिखारी उम्र लगभग 53 वर्ष, अक्षय पाल पुत्र राम प्रसाद उम्र लगभग 13 वर्ष, राम बहादुर पुत्र महादेव उम्र लगभग 35 वर्ष, योगेश पुत्र सहजराम उम्र लगभग 26 वर्ष प्रयागराज में अपने दादा की अस्थियों का विसर्जन कर वापस अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दरमियान लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास वह चाय पीने के लिए रुक गए। जब चाय पीकर वह वापस कार से बढ़े, तो उनकी कार की पीछे से आ रही इनोवा कार से टक्कर हो गईद्य टक्कर के बाद उन्होंने अपनी कार दौड़ा दी, पर इनोवा कार सवारों ने उन्हें आगे पकड़ लिया। इसके बाद आक्रोशित इनोवा कार सवारो ने चालक सतीश पाल की धुनाई शुरू कर दी। उसे बचाने जो भी आया उसे भी पीटा। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

# खबरें एक नजर में

## दो बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के उन्नाव से लालगंज मुख्य मार्ग पर लच्छी पुर के पास रविवार को समय करीब 12 बजे दो बाइको की आमने सामने की भिड़ंत में तीन महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप घायल ।सूचना पर पहुंची सेमरी चौकी इंचार्ज ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने सभी घायलों को डायल 108 द्वारा सीएचसी लालगंज पहुंचाया। सेमरी चौराहा के राजू नगर निवासी अंकित 27 वर्ष पुत्र नन्हकाऊ अपने बहन अलका 23वर्ष,पत्नी रुची 24 वर्ष को किसी काम से बाइक up 33 AE 3641 द्वारा लालगंज जा रहा था। जैसे ही वह उन्नाव से लालगंज मुख्य मार्ग में लच्छी पुर के पास पहुंचे थे ।तभी सामने से बाइक से बिहार जा रहे रघुनाथ गंज थाना लालगंज निवासी अंतू पुत्र रामनाथ,अपने भाभी गुड़िया पत्नी जगदीश को बाइक up 33 BH 7841 से दोनो बाईको में आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गईं ।भिड़ंत में दोनो बाईकों के परखच्चे उड़ गए ।पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी ।सूचना पर पहुंचे सेमरी चौकी इंचार्ज ब्रजेंद्र सिंह ने सभी घायलों को डायल 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी लालगंज पहुंचाया। जहा हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, भैंस की जलकर मौत

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे राना मजरे नरसवा गांव में मकान के सामने बने जानवरों के तबेले में अज्ञात कारण से लगी आग से हजारों रुपए की संपत्ति के साथ बधी पांच भैंस और एक गाय में एक भैंस की जलकर मृत्यु हो गई वहीं दूसरी भैंस गंभीर रूप से झुलस गई जिसका उपचार किया जा रहा है। तहसीलदार डलमऊ ध्रुव यादव ने बताया कि डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे राना मजरे नरससा ग्राम निवासी रमेश कुमार पुत्र माता प्रसाद रविवार को प्रातः परिजनों के साथ गेहूं काटने खेत गए थे तभी घर के सामने बने जानवरों के तबेले में दोपहर के समय अज्ञात कारण से आग लग गई और देखते ही देखते छप्पर दूदू कर जलने लगे लोगों की चीख पुकार सुनकर एकत्रित ग्रामीणों द्वारा छप्पर के नीचे बंधी पांच भैंस और एक गाय में से एक भैंस की जलकर मौत हो गई वहीं दूसरी एक एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई नायब तहसीलदार शिवम सिंह राठौड़ के साथ छेत्री लेखपाल को मौके पर भेज कर हुए नुकसान की रिपोर्ट मंगाई गई है तथा पशु चिकित्सक की टीम द्वारा झुलसी भैंस का उपचार कराया जा रहा है और रिपोर्ट आने पर अनुदान दिया जाएगा।

## साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान चलाया



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा के आंचल को स्वच्छ बनाने के लिए बीते लगभग सात वर्षों से गंगा भक्तों द्वारा अनवरत रूप से चलाए जा रहे साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान के तहत संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज की अगुवाई में रविवार को गंगा तट डलमऊ के विभिन्न स्नान घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्नान घाटों के किनारे पड़ी गंदगी को एकत्रित कर नित्स्तारित किया गया साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को गंगा तट डलमऊ के श्मशान घाट बड़ा मठ घाट महावीरन घाट आदि के साथ कच्चे घाटों पर संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ के स्वामी दिव्यानंद की अगवाई में गुरुकुल कै छात्रों द्वारा स्नान घाट के किनारे पडी गंदगी की साफ सफाई कर एकत्रित कूड़ा को निस्तारित किया गया स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज ने बताया कि श्मशान घाट के पास स्थित स्नान घाट पर शव यात्रियों द्वारा स्नान घाटों पर गंदगी फैला दी जाती है जिसको सफाई कर्मी अनदेखा कर देते हैं जिससे गंदगी का अंबार लग जाता है यही नहीं नगर पंचायत के सफाई कर्मियों द्वारा एकत्रित कूड़े को जलाकर निस्तारित किया जाता हैं जिससे स्नान घाटों पर गंदगी बरकरार रहती है इस मौके पर राम चैतन्य गीतानंद सुशील शास्त्री संदीप पांडे सुधाकर आदि के साथ अन्य गंगा भक्त मौजूद रहे।

## जिम्मेदारों की मिली भगत से हरे वृक्षों पर चल रहा आरा

- 30-40 वृक्षों पर वन माफिया ने चलाया आरा



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्रशासन की मिली भगत से चल रहा है हरे वृक्षों पर आरा क्योंकि ठेकेदार डाल रहे हैं जिम्मेदारों को चारा कोतवाली क्षेत्र के बरी बारा मजरे मऊ ग्राम पंचायत में लगभग 30 से 40 वृक्षों पर वन माफिया द्वारा आरा चला दिया गया और हरे भरे वृक्षों को जमीन पर काटकर गिरा दिया गया। वन विभाग और कोतवाली पुलिस की मिली भगत से इस समय वन माफिया जमकर हरे वृक्षों पर आर चला रहे हैं और हरियाली को तहस-नहस करने पर तुले हुए हैं वही एक तरफ सरकार पेड़ों को लगवाने का काम कर रही है तो दूसरी तरफ वन माफिया हरे वृक्षों को काटने का काम कर रहे आम महुआ सहित प्रतिबंधित पेड़ों सहित प्रतिबंधित पेड़ों पर इस समय जमकर आरा चलाया जा रहा है और जिम्मेदारों से पूछने पर केवल ना समझी वाली बात ही कहीं जा रही है ।एक तरफ गर्मी ने जहां दस्तक देना शुरू कर दिया है तो वही वन माफिया इस समय हरियाली उजाड़ने पर तुले हुए हैं और इनके ऊपर वन विभाग सहित पुलिस प्रशासन का हाथ है अब देखने वाली बात यह है कि क्या इन पर कार्रवाई होती है या इसी तरह क्षेत्र से हरियाली उजड़ती रहेगी।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्नावा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर सेहगो पूरब गांव निवासी अभिनेश कुमार पुत्र संतोष कुमार की ट्रेन से कट कर मौत हो गई है। घटना की जानकारी ट्रेन चालक के द्वारा स्थानीय स्टेशन मास्टर को दी गई। जिसकी सूचना जीआरपी एवं स्थानीय पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी के सिलसिले में अधिकतर बिरला सीमेंट फैक्ट्री के आसपास ही रहता था। कभी-कभार ही उसका घर आना जाना होता थाद्य थाना प्रभारी विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# सांसद अमर ने अखिलेश पर लगाया तुष्टीकरण की राजनीति का आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यज।**

पांचवें चरण के मतदान में अमेठी और रायबरेली में कमल खिलाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोई भी कोर कसर छोड़ने को तैयार नहीं है। भाजपा से राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य का रविवार को लोकसभा क्षेत्र सलोन में एक कार्यक्रम में शामिल होने जाते समय नेताओं ने त्रिपुला चौराहे पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। भाजपा से राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्या ने रायबरेली में अखिलेश यादव पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।



अखिलेश यादव के मुख्तार अंसारी की कब्र पर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के यहां नही गए और अब वहां जाकर वह वोट बैंक की राजनीति कर रहे है।वो किसी के जीवन को भी राजनीति से जोड़कर कार्य करते हैं तो इससे घृणित कार्य नहीं हो सकता। वो हमेशा वोट बैंक की राजनीति करते हैं। चाहे रमजान हो, बिजली हो वो सबमें राजनीति करते थे।

### बंगला बचाने के लिए राज्यसभा गई सोनिया गांधी



सोनिया गाँधी के राज्यसभा जाने के मसले पर उन्होंने कहा कि वे केवल अपना बंगला बचाने के लिए राज्यसभा गई है, जबकि रायबरेली के लोगों ने उन्हें हमेशा सर पर बिठा के रखा। इस बार रायबरेली में भी कमल खिलेगा। रायबरेली में मीडिया को दिए अपने बयान में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जल्द ही रायबरेली में अपना प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन है ही नहीं। यह तो सिर्फ कुछ परिवार के लोगों का गठबंधन है।

### जल्द ही रायबरेली सीट से भाजपा उतारेगी उम्मीदवार

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल, बसपा छोड़कर बीजेपी में शामिल हुईं अंजलि मौर्य ने राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य का स्वागत किया। इस अवसर पर बीजेपी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, शिवेंद्र सिंह और पुष्पेंद्र सिंह समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। गौरतलब है कि अभी तक रायबरेली जैसी सीट पर कांग्रेस और भाजपा ने दोनों ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। ऐसे में अमरपाल मौर्य ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही रायबरेली सीट से भाजपा का उम्मीदवार उतारा जाएगा और 2024 में बीजेपी की भारी मतों से जीत होगी।

# लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

### कई कार्यकर्ताओं ने छोड़ी पार्टी की सदस्यता

कांग्रेस पार्टी छोड़ने वालों में अभिषेक दिवाकर सदस्य कांग्रेस कमेटी, नागेंद्र सिंह महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, राज किशोर सिंह बघेल अध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ कमेटी कांग्रेस , विवेक प्रताप सिंह अध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी, प्रकाश मुरारका सचिव शहर कमेटी, मोहित सिंह महामंत्री यूथ कांग्रेस कमेटी, जितेंद्र द्विवेदी सचिव जिला कांग्रेस कमेटी, धर्मेंद्र सिंह प्रधान बहेरिया विकासखंड डलमऊ, अजीत सिंह उपाध्यक्ष यूथ विधानसभा हरचंदपुर, साहबदीन पासी पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र बछरावां ने पार्टी छोड़ने का फैसला लिया है। पार्टी में पिछले 25 वर्षों से काम करने वाले पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रवींद्र कुमार सिंह ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दिन पार्टी छोड़ दी थी। वहीं शकुंतला यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य जिला कार्यकारिणी सदस्य समाजवादी पार्टी ने भी पार्टी छोड़ने का एलान किया है।

लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के बाद राजनीति पार्टियां अपनी अपनी रणनीति बनाकर चुनावी मैदान में कूद चुकी हैं। चुनाव में चुनाव तो नेता लड़ता है लेकिन उसकी नैया कार्यकर्ता ही पार लगवाते हैं।

कार्यकर्ताओं की बदौलत ही कोई भी नेता बनता है और पार्टी खड़ी होती। ऐसे में कार्यकर्ताओं की उपेक्षा चुनाव परिणामों को बदल सकती है। रायबरेली में ज्यादातर सांसद कांग्रेस पार्टी के रहे हैं। जिनमें गांधी परिवार का ही वर्चस्व रहा है। मौजूदा सांसद सोनिया गांधी इस समय राजस्थान से राज्यसभा की सांसद बन चुकी है। कांग्रेस पार्टी से गांधी परिवार के सदस्य के चुनाव लड़ने के उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन बिना कार्यकर्ताओं के चाहे कितना बड़ा ही नेता क्यों ना हो चुनाव नहीं जीत सकता। कांग्रेस पार्टी से पुराने कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में आज कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी से नाराज होकर सदस्यता त्याग दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की फांसी लगाकर जान देने की कोशिश

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदाखेड़ा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि हिमांशु पुत्र निर्मल उम्र 23 वर्ष जो लखनऊ में एक निजी होटल में काम करता है, दो वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी और उसके एक बेटी भी है। बीते शनिवार वह अपने घर आया था लेकिन रविवार की दोपहर किसी बात से परेशान होकर उसने उस समय फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की जब उसके घर पर कोई भी परिवारीजन मौजूद नहीं था। घटना की आशंका होने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह दरवाजा खोलकर उसे बचाने का प्रयास किया और तत्पश्चात निजी वाहन से इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया। जहां प्रभारी चिकित्सा गणनायक पांडे ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसे दिन अस्पताल रेफर कर दिया हैद्य वहीं थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## कार व बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलटा ट्रक, दो घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा बहराइच राजमार्ग पर कार व बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक एवं खलासी को चोटे आई है। जानकारी के अनुसार आपको बताते थे कि बीते शनिवार की देर रात 10:00 बजे के आसपास बांदा बहराइच मार्ग पर कबरई से गिट्टी लड़कर डंपर गोरखपुर के लिए जा रहा था। जैसे ही डंपर सई नदी का पुल पार कर ग्राम अघौरा के निकट पहुंचा, तभी बछरावां की तरफ से जा रही एक कार तथा सामने से ही आ रही एक बाइक को बचाने के चक्कर में डंपर अनियंत्रित होकर सड़क के बगल में ही एक गड्ढे में पलट गया। परिणाम स्वरुप चालक मदन पुत्र जयंत निवासी बहादुरपुर, एवं खलासी कुलदीप पुत्र गणपति सिंह फतेहपुर घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस के द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया परंतु चालक मदन की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों के द्वारा उन्हे जिला अस्पताल रायबरेली भेज दिया गया है।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में नए सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा संपन्न

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित, प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर लालगंज, में आगामी सत्र

(2024-25) के लिए रविवार को तृतीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय में नर्सरी व कक्षा 11 के लिए हुई प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम में आए हुए अभिभावकों में भी खासा उत्साह दिखा । कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावको व प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए अभिभावकों को विद्यालय में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया और आए हुए छात्रा-छात्राओं के उत्तीर्ण होने एवम् उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रवेश परीक्षा को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। कार्यक्रम के समापन में प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में परीक्षा परिणाम 9 अप्रैल को घोषित होगा। जिसको विद्यालय की वेबसाइट पर या नोटिस बोर्ड पर देख सकते है। परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी अविभावकों ने उत्साह पूर्वक संपूर्ण विद्यालय का भ्रमण किया और अपने पाल्यों को शिक्षा के लिए दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

# साहू समाज का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा द्वारा स्थानीय गणेश पैराडाइज होटल डिडौली रायबरेली में समाज का एक विशाल होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महराजगंज चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, रमाशंकर साहू एडवोकेट लखनऊ, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय अग्रवाल, साहू समाज के जिलाध्यक्ष संतोष साहू कानपुर से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक डा0 वी0के0 साहू भाजपा नेता कानपुर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एवं गायत्री मंत्र उच्चारित शंख ध्वनि के साथ शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने समाज के लोगों को जागरूक, सहयोगी एवं राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र सेवा का संदेश दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर साहू ने समाज के लोगों को विधि व्यवसाय, पत्रकारिता, साहित्य कला, विज्ञान, फिल्म के क्षेत्र में आगे आने की बात कही। डा0 वी0के साहू ने चिकित्सा के माध्यम से , समाजसेवा के क्षेत्र में भागीदारी करने पर बल दिया। प्रतापगढ़ जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी मुन्नालाल साहू समाज को संगठित एवं शिक्षित होने की बात पर प्रकाश डाला। समाज के जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति यदि किसी परेशानी संकट में हो तो वह हमें सूचित करें मैं और मेरा संगठन चौबीस घंटे उसकी सहायता, सहयोग के लिए उपलब्ध रहेंगे। मेरा जीवन साहू समाज कल्याण के लिए अब समर्पित है।

शिक्षक नेता रंजीत साहू ने सभी को शिक्षित संगठित और एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। बहन गिरीश साहू ने महिलाओं को डटकर समस्याओं का सामना करने की बात कही। चेयरमैन महराजगंज सरला साहू ने बालिका शिक्षा व महिलाओं की राजनीति में भागीदारी की बात कही।

शिक्षक नेता सुशील साहू ने समाज को संगठित होने और अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की बात बताई। कार्यक्रम मे मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया, बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, मथुरा से आए कलाकारों द्वारा होली नृत्य प्रस्तुत किया गया सभी को जलपान व भोजन कराया गया।

# चोरियों का पुलिस नहीं कर पा रही है खुलासा केवल दे रही दिलासा

- बीती रात चोरों ने चार से पांच लाख के जेवरात पर किए हाथ साफ और पुलिस को दी खुली चुनौती

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




चोर कर है चोरी पर चोरी और पुलिस केवल दे रही है दिलासा। अपने सामान की रक्षा स्वयं करें क्योंकि महराजगंज कोतवाली सो रही है।

कोतवाली क्षेत्र के शिवप्रसादगंज मंजरे पहरावां में चोरों ने लगभग 4 से 5 लाख रुपए के जेवरात पर हाथ साफ किया शिवप्रसादगंज निवासी शिव बहादुर ने बताया कि हमारे घर में दीवार फांद कर पीछे से अज्ञात चोरों द्वारा कमरे में रखे 4 से 5 लख रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है वहीं इसकी सूचना हमने 112 नंबर पर दी मौके पर पहुंची 112 ने जांच पड़ताल की ।और आशा देवी के नाम से महराजगंज कोतवाली में तहरीर भी दी गई है कोतवाली पुलिस ने जांच कर पड़ताल करने के बाद मामले का जल्द से जल्द खुलासा करने का दावा किया है।

पूर्व में सोना पति की दुकान जो बैंक ऑफ बड़ौदा के नीचे है चोरों ने लाखों का माल दिसंबर माह में पार कर दिया लेकिन पुलिस 3 माह बीत जाने के बाद भी इसका खुलासा करने में नाकाम ही साबित हुई है।

महीने भर की पहले घटना है उचक्कों ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा से रुपये 20000 की टप्पे बाजी कर दी लेकिन आज तक पुलिस खुलासा करने में नाकाम ही साबित हुई

## महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** वादिनी कुल पत्नी भोला निवासी ग्राम रानीखेत मंजरेला थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी के द्वारा दी गई तहरीर पर वाहन संख्या यूपी 33 जी 21 25 के चालक नाम पता अज्ञात द्वारा वादिनी के पुत्र रामकरण के बाइक में पीछे से तेजी से जोरदार टक्कर मार देना जिससे वंदिनी के पुत्र के पैर की हड्डी टूट जाने तथा गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज होने के संबंध में बनाम वाहन संख्या यूपी 32 जी 21 25 चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध अभियुक्त पंजीकृत किया गया है।

# टोल प्लाजा पर फायरिंग करने वाले शातिर गिरफ्तार

- पकड़े गए शातिरों के पास से अवैध तमंचा कारतूस सहित अन्य सामान बरामद, भेजे गए जेल

**सलोन/ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




जिले के सलोन थाना क्षेत्र स्थित करहिया टोल प्लाजा पर बीती 19 फरवरी को फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले तीन इनामिया शातिर अभियुक्तों को एस ओजी व पुलिस कि संयुक्त टीम ने धर दबोचा है पकड़े गए 5000 के इनामी तीनों साथी प्रतापगढ़ जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी हैं। दरअसल पूरा मामला बीती 19 फरवरी की देर रात का है जहां टोल प्लाजा पर टोल पर लगे बुम को तोड़कर दबंग निकलने लगे तभी टोल कर्मियों द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने असलहा निकाल कर ताबड़तोड़ कई फायरिंग कर क्षेत्र में दहशत फैला दिया गया जिसकी घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई टोलकर्मी लवकुश यादव पुत्र राधेश्याम यादव निवासी ग्राम लूता पुर पोस्ट अटवा थाना माखी जनपद उन्नाव द्वारा 19 फरवरी को सलोन थाना में तहरीर देकर दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसके बाद सलोन पुलिस काफी दिनों से दहशत फैलाने वाले शातिर दबंगों की पुलिस को तलाश थी। वहीं सुराग ना मिलने पर आरोपियों पर रु. 5000 का इनाम भी घोषित कर दिया गया था पुलिस व एस ओजी कि टीम ने शनिवार कि रात मोनू उर्फ शकील पुत्र सुंदी निवासी ग्राम पूरे कुरैशी मजरे राहा टीकर थाना उदयपुर, अभय प्रताप सिंह उर्फ राजन निवासी ग्राम बड़ी कटरिया थाना उदयपुर वहीं दुर्गेश सिंह पुत्र नागेंद्र निवासी ग्राम अगई थाना लालगंज अझारा प्रतापगढ़ को अवैध तमंचा जिंदा कारतूस सहित धर दबोचा है इस बाबत एएसपी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों कि सलोन पुलिस व एस ओजी टीम को काफी दिनों से तालाश थी अभियुक्त सलोन थाना में मुकदमा संख्या 71/2024 धारा 307/427/504/506 में वांछित थे इन सबको जेल भेज दिया गया है।

## स्वस्थ्य तन-मन का विकास में अहम योगदान

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है, मनुष्य यदि स्वस्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है, इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता है, मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता है, समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता है, इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है, इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेस भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है, इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगास फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55 प्रतिशत हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं, जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस्य भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है।

# सहकारिता से मिलेगा करोड़ों को स्वरोजगार

**आर.के. सिन्हा**

अगर भारत दुनिया की शीर्ष तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है, तो इसमें सहकारी आंदोलन एक महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। यह एक ऐसी खिड़की है, जहां से सतत आर्थिक विकास की रोशनी लगातार आ सकती है। इसलिए मोदी सरकार भारत में सहकारिता आंदोलन को गति देना चाहती है। सरकार और अर्थशास्त्रियों को पता है कि सहकारिता क्षेत्र के रास्ते भारत संसार की एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। निश्चित रूप से इस सेक्टर को इस लक्ष्य के लिए एक बड़ी भूमिका निभानी पड़ेगी और शायद इस क्षेत्र में छुपी अपार संभावनाओं को देखते हुए ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का ही गठन कर दिया है। ताकि इसके लिए अलग बजट का प्रावधान किया जा सके। चूंकि, यह क्षेत्र बहुत बड़ा है और इस पर करोड़ों लोगों की निर्भरता है, इसलिए इसका पोषण और संरक्षण भी जरूरी है।

देश के 29 राज्यों में लगभग 8,02,639 सहकारी समितियां हैं, और ये अरबों का व्यापार भी कर रही हैं। देश में सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,886 है, जिसमें 1,500 शहरी सहकारी बैंक और 386 ग्रामीण सहकारी बैंक शामिल हैं। ये सहकारी संस्थाएं देश भर में विभिन्न समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेशक, केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। उससे पहले देश में सहकारी समितियों स्थिति अच्छी नहीं थी। यहाँ भी भ्रष्टाचार ने अपने पैर गहरे जमा लिए थे। आपसी मिलीभगत के जरिए वित्तीय लेन-देन में कुछ लोग काफी हेरफेर करते रहे थे।

प्रबंधन के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई भर होती थी। व्यक्तिगत मतभेद और लड़ाई-झगड़ा तो आम बात थी। और अनावश्यक विवाद डालकर समितियां बंद भी कर देते थे। कुछ बड़े भाग्यशाली समूह मनमानी करते थे और किसानों तथा छोटे उद्यमियों तक काम पहुंच ही नहीं पाते थे। लेकिन, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह की निगरानी ने दृश्य बदल कर रख दिया है। कई अहम सुधार किए गए हैं। साथ में जवाबदेही भी तय की जा रही है। बेशक, अमित शाह की इस बात में दम है कि 115 साल पुराने सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने के लिए आजादी के बाद ही एक अलग सहकारिता मंत्रालय बना दिया जाना चाहिए था। लेकिन, यह काम तब हुआ जब 2019 में नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री बने। तब उन्होंने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। सहकारी समितियां आपसी सहयोग से



**देश के 29 राज्यों में लगभग 8,02,639 सहकारी समितियां हैं और ये अरबों का व्यापार भी कर रही हैं। देश में सहकारी बैंकों की कुल संख्या 1,886 है, जिसमें 1,500 शहरी सहकारी बैंक व 386 ग्रामीण सहकारी बैंक शामिल हैं। ये सहकारी संस्थाएं देश भर में विभिन्न समुदायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।**

बनाई गई संस्थाएं होती हैं। यह सामूहिकता के सिद्धांत पर काम करती हैं। पूंजी की जुटान साझेदारी की भावना से होती है और उपयोग में दूसरों की मदद करने की भावना होती है। इसकी विशालता और फैलाव का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि इस समय भारत में करीब 2 लाख सहकारी डेयरी समितियां और 330 सहकारी चीनी मिलें चल रही हैं।

अकेले गुजरात में 81307 सहकारी समितियां काम कर रही हैं। 19 बहु-राज्य सहकारी समितियों को राष्ट्रीय स्तर की सहकारी समितियों का दर्जा प्राप्त है। टर्नओवर के हिसाब से देखे तो वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इफको का टर्नओवर 60,324 करोड़ रुपये का टर्नओवर था और अमूल का 2023-24 के लिए 12,880 करोड़ रुपये था। यही नहीं इफको को दुनिया की 300 सबसे बड़ी सहकारिता समिति की सूची में शामिल किया गया है। पहले सहकारिता विभाग कृषि मंत्रालय के अंतर्गत था, लेकिन जुलाई 2021 में मोदी सरकार ने एक अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया ही और गृहमंत्री अमित शाह देश के पहले सहकारिता मंत्री बने।

मंत्रालय ने 2022 में संसद में बहु-राज्य सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक पेश किया। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य मौजूदा कानून में संशोधन के जरिए एक से अधिक राज्यों में सदस्यों के हितों की सेवा करना और सहकारी समितियों के स्वैच्छिक गठन को और लोकतांत्रिक बनाना था। इसके साथ ही संस्थाओं को और अधिक आर्थिक और सांगठनिक स्वायत्तता देना भी उद्देश्य था। ताकि इसका चहुंमुखी विकास हो सके। इस नीति के तहत सहकारी समितियों को जरूरी सहयोग, प्रोत्साहन और सहायता उपलब्ध कराया जा रहा है। खास कर युवाओं और महिलाओं को मुख्यधारा में लाने में सहकारी समितियाँ बहुत बड़ी भूमिका निभा रही हैं। क्षमता निर्माण, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी को एकीकृत करने वाले समावेशी सहकारी मॉडल तैयार है।

नारी सशक्तिकरण का नारा यदि धरातल पर कहीं उतरता दिखाई दे रहा है, तो वह सहकारिता के क्षेत्र में पूर्ण रूप से दिख रहा है। सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र में महिलाओं की बेहतरी, सशक्तिकरण और आय सृजन के लिए जो प्रयास किये हैं उसका परिणाम अब सामने आने लगा है। बहु राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित कर दिया गया है। बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिला निदेशकों नियुक्ति अनिवार्य कर दिया गया है। इससे देश भर में 1,550 से अधिक बहु-राज्य सहकारी समितियों के बोर्ड में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हुआ है। प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पीएसीएस) में भी महिला सदस्यों को आरक्षण दिया गया है। 1 लाख से अधिक पैक्स में भी महिलाओं का प्रतिनिधित्व और निर्णय में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। महिला सहकारी समितियों के परियोजना निर्माण, सहायता और क्षमता विकास के लिए एक वित्तीय सहायता योजना बनाई गई है, जिसे नंदिनी सहकार योजना का नाम दिया गया है।

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) महिला सहकारी समितियों को 5,714.88 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान कर चुका है और इससे डेढ़ करोड़ से अधिक महिला सदस्यों को सीधे लाभ हुआ है। कुल मिलाकर सहकारिता मंत्रालय ने 54 प्रमुख पहल की हैं जिससे महिलाओं सहित सहकारी क्षेत्र के सभी सदस्यों को सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सहकारिता के जरिए करोड़ों लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की सुदृढ़ व्यवस्था बनाई है। सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए स्वतंत्र सहकारिता नीति पर अमल की जा रही है। मोदी सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) से लेकर राज्यों के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार कार्यालयों और कृषि और ग्रामीण विकास बैंकों के कंप्यूटरीकरण तक पूरी सहकारी प्रणाली का आधुनिकीकरण कर दिया है। इससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

## विचार

# देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक है नवसंवत

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

भारतीय नववर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा ससर्ज प्रथमे अहनि, शुक्ल पक्षे समग्रेतु तु सदा सूर्योदये सति। ब्रह्म पुराण में वर्णित इस श्लोक के अनुसार चैत्र मास के प्रथम सूर्योदय पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इस तिथि को रेवती नक्षत्र में, विष्कुम्भ योग में दिन के समय भगवान् के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव भी माना जाता है। यही वो दिन है जब से भारत वर्ष की कालगणना की जाती है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के अनुसार, ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की रचना चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन की थी।

प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (पड़वा) को मनाया जाना वाला नव संवत्सर पर्व यूं तो हिंदू कैलेंडर के मुताबिक नववर्ष कहलाता है, लेकिन ये दिवस विशेष भारतीय संस्कृति का परिचायक भी है। यही वजह है कि ये दिवस महज एक नया साल का प्रारंभिक दिवस नहीं बल्कि भारतवर्ष की सदियों और युगों की कई ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक घटनाओं का साक्षी भी है। वसंत ऋतु का आरंभ वर्ष प्रतिपदा से ही होता है जो उल्लास, उमंग, खुशी तथा चारों ओर पुष्पों की सुगंध से भरी होती है। फसल पकने का प्रारंभ यानी किसान की मेहनत का फल मिलने का समय भी यही होता है। नक्षत्र शुभ स्थिति में होते हैं। यानी किसी भी कार्य प्रारंभ




करने के लिए शुभ मुहूर्त होता है। युगों में प्रथम सत्य युग का प्रारम्भ भी इस तिथि को हुआ था।

कहा जाता है कि नवसंवत्सर कई मायनों में विशेष है, क्योंकि इससे कई ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं। जैसे कि भगवान राम का राज्याभिषेक दिवस, शक्ति की आराधना वाले नवरात्र का आरंभ, शौर्य पर्व वाले विक्रम संवत का प्रारंभ तथा द्वापर युग में प्रारंभ हुए युधिष्ठर संवत् का समापन सतयुग में इसी दिन किया गया था, ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ, आर्य समाज की स्थापना का दिवस सहित भगवान झूलेलाल तथा महर्षि गौतम जी का जन्म भी इस विशेष नववर्ष के दिन ही हुआ है। वहीं गुरु अमरदास को भी गुरु गद्दी इसी दिन प्राप्त हुई तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। संघ संस्थापक डॉ. केश्वराव बलिराम हेडगेवार का जन्म विक्रमी संवत पर हुआ था। यही वजह है कि इस दिवस का जनमानस में विशेष महत्व है,क्योंकि ये त्योहार किसी एक वर्ग, संप्रदाय या धर्म का नहीं बल्कि हर भारतीय का है।यह तिथि ऐतिहासिक महत्त्व की भी है।

**कहा जाता है कि नवसंवत्सर कई मायनों में विशेष है, क्योंकि इससे कई ऐतिहासिक संदर्भ जुड़े हुए हैं। जैसे कि भगवान राम का राज्याभिषेक दिवस, शक्ति की आराधना वाले नवरात्र का आरंभ, शौर्य पर्व वाले विक्रम संवत का प्रारंभ तथा द्वापर युग में प्रारंभ हुए युधिष्ठर संवत् का समापन सतयुग में इसी दिन किया गया था, ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ, आर्य समाज की स्थापना का दिवस सहित भगवान झूलेलाल तथा महर्षि गौतम जी का जन्म भी इस विशेष नववर्ष के दिन ही हुआ है। वहीं गुरु अमरदास को भी गुरु गद्दी इसी दिन प्राप्त हुई तो स्वामी दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी।**

इतिहास के अनुसार शकों ने (शक जाति) उज्जैनी पर आक्रमण करके अपना साम्राज्य विदिशा और मथुरा तक फैला लिया था। उनके अत्याचारों से पीड़ित होकर जनता भयभीत हो उठी थी। तब तत्कालीन मालवा के प्रमुख नायक विक्रमादित्य ने आक्रमणकारियों को खदेड़ दिया था। विक्रम संवत को सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित करने के उपलक्ष्य में 57 ईसा पूर्व शुरू किया था। इसी दिन से चारों ओर प्राकृतिक वातावरण में नूतनता और मादकता आ जाती है, इसलिए इसे नया संवत कहना उचित है। नवसंवत को हम देश की समृद्धि तथा प्रगति का सूचक भी मानते हैं।

भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार विक्रम संवत है। वर्ष का पर्यायवाची है संवत। विद्वान कहते हैं कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सांस्कृतिक कारणों से भी नवसंवत का महत्व है। आज भले ही ग्रेगेरियन कैलेंडर के अनुसार एक जनवरी को मनाया जाने वाला नववर्ष ज्यादा चर्चित हो, लेकिन इससे कहीं पहले से अस्तित्व में आर्या हिंदू विक्रमी संवत आज भी धार्मिक अनुष्ठानों और मांगलिक कार्यों में तिथि व काल की गणना का आधार बना हुआ है।

विक्रमी संवत का संबंध सारे विश्व की प्रकृति, खगोल सिद्धांत और ब्रह्मांड के ग्रहों एवं नक्षत्रों से है। इसलिए भारतीय काल गणना पंथ निरपेक्ष होने के साथ सृष्टि की रचना को दर्शाती है। ब्रह्मांड के सबसे पुरातन ग्रंथ वेदों में भी इसका वर्णन है। नवसंवत यानी संवत्सरों का वर्णन यजुर्वेद के 27वें एवं 30वें अध्याय के मंत्र क्रमांक क्रमशः 45 व 15 में दिया गया है। सौर मंडल के ग्रहों एवं नक्षत्रों के चाल, उनकी निरंतर बदलती स्थिति पर भी हमारे दिन, महीने, साल और उनके सूक्ष्मतम भाग आधारित होते हैं। इस समय शीतकाल की शीतलता एवं ग्रीष्म काल की आतपता का मध्यबिन्दु होता है। वसंत के आगमन के साथ ही पतझड़ की कटु स्मृति को भुलाकर नूतन किसलय एवं पुष्पों से युक्त पादप वृंद इस समय प्रकृति का अद्भुत शृंगार करते हुए दिखलाई देते हैं। पशु-पक्षी, कीट-पतंग, स्थावर- जंगम सभी प्राणी नई आशा के साथ उत्साहपूर्वक अपने-अपने कार्यों में लगे दिखाई देते है। ऐसे उत्साहयुक्त समय में वार्षिक काल गणना का श्रीगणेश करते हुए नूतनवर्ष का स्वागत सहज ही प्रतीत होता है।

विक्रम संवत आज तक भारतीय पंचांग और काल निर्धारण का आधार बना हुआ है। सबसे बड़ी विशेषता इस कैलेंडर की यह है कि यह वैज्ञानिक रूप से कालगणना के आधार पर बना हुआ है। यही नहीं यूनानियों ने नकल कर भारत के इस हिंदू कैलेंडर को दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में फैलाया।

भले ही आज दुनिया भर में अंग्रेजी कैलेंडर का प्रचलन बहुत अधिक हो गया हो लेकिन भारतीय कैलेंडर की महत्ता कम नहीं हुई। आज भी हम अपने व्रत-त्योहार, महापुरुषों की जयंती-पुण्यतिथि, विवाह व अन्य सभी शुभ कार्यों को करने के मुहूर्त आदि भारतीय कैलेंडर के अनुसार ही देखते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से ही वासंती नवरात्र भी प्रारंभ होते हैं। सबसे खास बात इसी दिन ही सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी। ताज्जुब होता है जिस भारतीय कैलेंडर ने दुनिया भर के कैलेंडर को वैज्ञानिक राह दिखाई आज हम उसे ही भूलने लग गए हैं।

## मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय


लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। बड़ी बात यह कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। पिछला लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए।

एक बार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशनखोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस शासनकाल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की ओर से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोतरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय हो रहे हैं। लेकिन कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

कांग्रेस की ओर से जारी घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात में पूरा संदेह है कि इस मुद्दे पर देश की जनता आँख बंद करके उसका समर्थन करे। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने का प्रयास कर रही है, उनको कांग्रेस का वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है।

इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में महंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह राजनीति की दशा और दिशा को बदलने वाला दृश्य कहा जा सकता है। यह पहला चुनाव कहा जा सकता है, जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, वे उनके साथी उनके साथ हैं। इससे यह भी साफ संकेत जाता है कि भ्रष्टाचार के विरोध में विपक्ष की कोई योजना नहीं है।

मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, जबकि विपक्ष पर आज भी आरोप लग रहे हैं। कई तो जमानत पर बाहर हैं। अब जब लोकसभा चुनाव का मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने बयानों में पैनापन ला रहे हैं। इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। जो राजनीतिक दल सत्ता सुख से लम्बे समय से दूर हैं, वे बेचैन से हो रहे हैं। हालांकि यह भी एक बड़ा सच है कि सत्ता पक्ष को निरंकुश होने से बचाने के लिए मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है, लेकिन यह भी सत्य है कि विपक्ष को मजबूत करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से प्रयास नहीं किए जाते। इसके लिए स्वयं विपक्ष को ही प्रयास करना होगा। विपक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष को कमजोर कर रही है, ऐसा आरोप लगाना विपक्ष की कमजोरी को ही दर्शाता है।



## राशिफल

**मेष:-** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

**वृषभ:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मिथुन:-** नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**कर्क:-** सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**सिंह:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

**कन्या:-** मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बनें। अपने सुख-दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

**तुला:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृश्चिक:-** भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**धनु:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं।

**मकर:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ:-** किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें।

**मीन:-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# ओपीएस को लेकर सभी दलों की चुप्पी

**प्रेम शर्मा**

लगभग दस करोड़ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष वोटरों का एक बड़े मुद्दे को लेकर सत्तारूढ़ दल पर लगातार दबाव बनाने वाले केन्द्र एवं राज्य के कार्मिकों को प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस से इस लोकसभा चुनाव में बड़ी उम्मीद थी। लेकिन सत्तारूढ़ दल ने तो इस मुद्दे को पहले ही एक सिरे से नकार रखा है। अब कांग्रेस भी इस मुद्दे पर बगले झाकती नजर आ रही है। महंगाई और बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दे के बीच पुरानी पेंशन बहाली एक बड़ा मुद्दा था जो अब लगभग हाशिये पर नजर आने लगा है।

कांग्रेस ने जहॉ जातिगत जनगणना,विकास, रोजगार आदि को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है वही भाजपा ने पिछले दस वर्षो की सौ उपलब्धियों में राम मंदिर, कश्मीर आदि सहित वैश्विक शाख को केन्द्रित किया है। कुल मिलाकर इन दोनों दलों के साथ क्षेत्रीय दलों ने भी पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर कोई दावा नही किया है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणापत्र जारी कर उन प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया, जहां उसके मुताबिक सत्ता पक्ष का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है और अगर मतदाताओं ने मौका दिया तो सत्ता में आने पर वह उन पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस लिहाज से कांग्रेस के इस 'न्याय पत्र' की कुछ बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं। जातिगत जनगणना इस घोषणापत्र का अहम हिस्सा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी परीक्षा होनी है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि 10 वर्षो का एनडीए शासन 10 साल के यूपीए राज के मुकाबले विकास दर की कसौटी पर कमजोर साबित हुआ है। यह केंद्र की भाजपा सरकार के डिवेलपमेंट के नैरेटिव को चुनौती है। इन परस्पर विरोधी दावों की प्रामाणिकता के सवाल में उलझे बगैर यह देखना ज्यादा दिलचस्प होगा कि मतदाता किसके दावे पर अपनी मुहर लगाते हैं। जबकि पिछले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही ओर से लोकलुभावन वादे हुए थे।

**कांग्रेस ने जहॉ जातिगत जनगणना,विकास, रोजगार आदि को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है वही भाजपा ने पिछले दस वर्षो की सौ उपलब्धियों में राम मंदिर, कश्मीर आदि सहित वैश्विक शाख को केन्द्रित किया है। कुल मिलाकर इन दोनों दलों के साथ क्षेत्रीय दलों ने भी पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर कोई दावा नही किया है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणापत्र जारी कर उन प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया, जहां उसके मुताबिक सत्ता पक्ष का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है और अगर मतदाताओं ने मौका दिया तो सत्ता में आने पर वह उन पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस लिहाज से कांग्रेस के इस 'न्याय पत्र' की कुछ बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं।**

तब अधिक लोगों का झुकाव केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की ओर दिखा।कल्याणकारी घोषणाओं पर जोर देने के बावजूद कांग्रेस का यह घोषणापत्र ओल्ड पेंशन स्कीम पर चुप्पी साधे हुए है। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का इस पर जोर था। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में मिली कामयाबी के पीछे इस वादे की भी भूमिका बताई गई थी। लेकिन आर्थिक विशेषज्ञों की राय थी कि यह वित्तीय समझदारी के खिलाफ है। ऐसे में कांग्रेस ने अगर सोच-समझे ढंग से इस मुद्दे पर कदम पीछे खींचने का जोखिम उठाया है तो इसकी सराहना होनी चाहिए। हालाकि कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा की नीतियों से खुद को अलग दिखाने के प्रयास में पार्टी ने उन विवादित मुद्दों से भी परहेज नहीं किया है, जो खास तौर पर हाल के वर्षों में राजनीतिक और चुनावी लिहाज से हानिकारक करार दिए जाने लगे हैं। उदाहरण के लिए पार्टी ने खानपान, वेशभूषा, भाषा और पर्सनल लॉ के मामले में अल्पसंख्यकों समेत सभी नागरिकों के लिए चयन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की बात खास तौर पर कही है।

बहरहाल अभी भाजपा का घोषण पत्र नही आया फिर भी भाजपा से पुरानी पेंशन बहाली पर कुछ उम्मीद करना बेकार है। इसके बावजूद भाजपा के लोकसभा चुनाव के घोषणा पत्र में गरीब, युवा,किसान और महिलाओं के लिए बड़े वादे कर सकती है। आम आदमी की सेहत की सुरक्षा और महंगे इलाज से राहत दिलाने के लिए आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने का वादा भी हो सकता है। इसमें 5 लाख रुपए की लिमिट से लेकर अन्य क्राइटेरिया बढ़ाया जा सकता है। पिछली बार भाजपा ने देरी से पहले चरण के मतदान से ठीक पहले घोषणा पत्र जारी किया था लेकिन इस बार पार्टी समय पर इसे जारी करने की तैयारी में है। यह बताया जा रहा है कि इसी सप्ताह घोषणा पत्र को मूर्तरूप दे दिया जाएगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



> पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम

पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कनकुआ में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ ही विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया गया। संस्था के सतीश मिश्रा ने बताया कि कॉलेज की स्थापना की छठवीं वर्षगांठ पर प्रधानाचार्य भानुप्रताप (पीईएस) की उपस्थिति में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। छात्र छात्राओं के नामांकन एवं प्रवेश के साथ ही विशेष संचारी रोग नियंत्रण माह एवं उप्र स्टेट हीट एक्शन प्लान के अंतर्गत छात्र छात्राओं को संचारी रोगों एवं लू-तापघात से बचाव के उपायों की जानकारी दी। आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। डॉ सुनैना ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और साफ सफाई सौ बीमारियों की दवाई है।

शिक्षिका दुर्गेश ने कहा कि वर्तमान में बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए आमजन को लू तापघात से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। लू तापघात से बचाव के लिए तेज धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। यदि निकलना आवश्यक हो तो ताजा भोजन करके उचित मात्रा में ठंडे जल का सेवन करके ही बाहर निकलना चाहिए। स्वीप प्रभारी पूनम यादव ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। संचालन प्रवक्ता प्रीती कन्नौजिया ने किया। इस दौरान प्रवक्ता शिखा राणा, प्रवक्ता रानी हिर्देश, शिक्षिका ज्योति राजपूत, अंकित विशाल, अक्षत, ओमप्रकाश, सुरेश समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने की संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जिले के महत्वपूर्ण स्थानों में वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया। यातायात पुलिस टीम ने आमजनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता को बढ़ाने, सड़क सुरक्षा को अपनाने के लिए बिना हेलमेट वाहन चला रहे वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

यातायात पुलिस टीम ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया। साथ ही अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कई वाहनों से काली फिल्म उतरवाई गई। बता दें कि जिले में एसपी के निर्देशन में लगातार यह अभियान चलाया जा रहा है।

# ब्रह्माकुमारीज महोबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सांसद व जिलाध्यक्ष ने की भागीदारी

> संस्था भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अपना विशेष योगदान दे रही : पुष्पेंद्र सिंह चंदेल
>
> रक्षाबंधन के अवसर पर कोई भी भाई की कलाई सूनी नहीं रहती

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



**महोबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय महोबा के हैप्पीनेस सेंटर बीके पाठशाला में आयोजित कार्यक्रम में सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने भागीदारी की। सुधा बहन ने उनका स्वागत किया।

सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कहा कि मैं अपने को बहुत सौभाग्यशाली अनुभव कर रहा हूं जो मुझे यहां आने का अवसर मिला। यह संस्था भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अपना विशेष योगदान दे रही है। इन बहनों के श्वेत धवल वस्त्रों में एक ऐसा तेज है, एक ऐसी शक्ति है जो जाति - पाती भेदभाव को ना देखते हुए इस तेज और शक्ति से खींचा चला आता है। हम अपने कार्य में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि हमें त्योहारों एवं भाईचारे की भावनाओं को भूल जाते हैं परंतु श्वेत धवल धारणी बहने कोई भी त्यौहार व अवसर इनकी शुभकामनाओं के बिना वंचित नहीं रहता। रक्षाबंधन के अवसर पर कोई भी भाई की कलाई सूनी नहीं रहती। इसके साथी ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने मेडिटेशन के माध्यम से सभी को आत्म अनुभूति कराया। हम सभी आत्माएं शरीर रूपी चोला धारण करके यहां कर्मभूमि पर अपना अपना पार्ट बजा रही है। इसके बाद सांसद सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता को ईश्वरीय सौगात देकर उनका सम्मान किया।

## खबरें एक नजर में

### भगवान को प्रेम सबसे प्रिय : महंत हरभजन दास

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सिद्धपीठ पिलुआ हनुमान मंदिर पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा एवं मारूति यज्ञ में प्रवचन करते हुए भागवत कथा व्यास पिलुआ महावीर मंदिर के पीठाधीश्वर महंत हरभजन दास महाराज ने कहा कि ज्ञान से भी प्रेम का स्थान ऊंचा है, इसीलिए जब कृष्ण का संदेशा लेकर उनके ज्ञानी मित्र ऊधौ ब्रज में गोपियों के पास गए तो गोपियों की प्रेमाभक्ति के आगे उनकी एक न चली और उनका ज्ञान पराजित हुआ, गोपियों का प्रेम जीत गया। उद्धव गोपी प्रसंग की चर्चा करते हुए महंत हरभजनदास महाराज ने कहा कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए भक्ति ज्ञान और वैराग्य की त्रिवेणी का महत्व है लेकिन भगवान को प्रेम सबसे प्रिय है, मानस में गोस्वामीजी भी लिखते हैं, रामहि केवल प्रेम पियारा। जान लेहु जो जाननि हारा। यह प्रेम भक्ति से प्रकट होता है। ऊधौ जी केवल ज्ञान के बल पर गोपियों को समझाने गए थे, पर गोपियों की कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेमाभक्ति के आगे उनकी एक न चली और उन्होंने उनसे साफ साफ कह दिया कि ऊधौ मन न भए दस बीस, एक हतो सो गयो श्याम संग को अवराधे ईश। फिर क्या वे उनके सामने नतमस्तक हो गए। इसके बाद उन्होंने रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई जिस पर भक्त श्रद्धालु झूमकर नृत्य कर उठे। इस अवसर पर श्री नीलकंठ मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार वाजपेई, श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, प्रेम किशोर द्विवेदी, रघुवीर यादव, नवल किशोर शुक्ला, सुधीर मिश्र ने महाराजश्री का व्यास गद्दी पर माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मान किया।

### सुप्रीम फैसले से मदरसों में कार्यरत शिक्षक-कर्मचारी खुश

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया के उपाध्यक्ष और मदरसा अरबिया कुरानिया इटावा के प्रधानाचार्य मौलाना तारिक शम्सी ने कहा कि हमारा मानना था कि उच्च न्यायालय का निर्णय तथ्यों की अनदेखी करते हुए किया गया है, मदरसों के उद्देश्य को समझने में मा0 उच्च न्यायालय से चूक हुई है। सुप्रीम कोर्ट में यह निर्णय चैलेंज किया गया जहां से इस पर मदरसों में कार्यरत शिक्षक कर्मचारीयों तथा छात्रों को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने मदरसा बोर्ड एक्ट 2004 को असंवैधानिक कह कर मदरसा छात्रों को अन्य विद्यालयों में प्रवेश कराने के निर्देश दिए थे, जो तर्क संगत नहीं थे। हमारा पहले भी कहना था कि प्रदेश में मदरसे इस एक्ट से पहले भी चलते और ग्रांट पाते थे। मदरसे शिक्षा संहिता 1908 के अन्तर्गत प्राच्य भाषा अरबी फारसी के संरक्षण के लिए चलते हैं जिस तरह संस्कृत पाठशालाएं संस्कृत भाषा के संरक्षण के लिए संचालित होती आ रही हैं। इसलिए मदरसा शिक्षा को धर्म निरपेक्षता के खिलाफ कहना सही नहीं है। बहरहाल हमारे विद्वान अधिवक्ताओं के तर्कों से सर्वोच्च न्यायालय ने सहमति जताई और हाई कोर्ट के आदेश को स्टे कर दिया हमें आशा है कि सर्वोच्च न्यायालय से अंतिम निर्णय भी हमारे पक्ष में होगा। मदरसा संगठनों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ अभिषेक मनु सिंघवी, मुकुल रोहतगी, एस पी पटवालिया, सलमान खुर्शीद तथा हुज़ैफ़ा अहमदी ने बहस की। जिन्हें एओआर रोहित स्थालेकर, संकल्प नारायण,एमएऔसाफ एडवोकेट ने सहयोग किया।

### अनिल परशुराम सेवा समिति संरक्षक मण्डल के सदस्य मनोनीत

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** परशुराम सेवा समिति उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट ने कुशगवां बादशाहपुर इकदिल निवासी प्रमुख समाजसेवी अनिल कुमार दुबे को परशुराम सेवा समिति का संरक्षक मण्डल का सदस्य मनोनीत किया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश महामन्त्री जयशिव मिश्रा ने बताया कि समिति को और अधिक सक्रियता प्रदान करने में श्री दुबे अपनी अहम भूमिका निभायेगें। श्री दुबे जी को संरक्षक मण्डल का सदस्य मनोनीत किये जाने पर परशुराम सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### बदलते मौसम व गर्मी से रोगियों की तादाद में बढ़ोत्तरी



**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** बदलते मौसम तथा गर्मी की दस्तक शुरू होते ही जुखाम, बुखार, खांसी के अलावा उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या में वृद्धि होने लगी है। निजी तथा सरकारी अस्पताल में रोगियों की तादाद में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रोगों से बचाव करने के लिए डॉक्टरों ने लोगों को सचेत रहने की सलाह दी है। विदित हो कि इस साल ठंडक बहुत ही तेज रही, ठंडक के बाद गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी है। इस वजह से जुखाम, बुखार, खांसी तथा उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्साधिकारी डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने रोगियों तथा लोगों को सचेत करते हुए कहा कि अपने आसपास पानी का जमाव न होने दे, जहां पानी का जमाव होता है वहां मच्छर पनपते हैं। सादा पानी का प्रयोग करें तथा ठंडी चीजें खाने से बचाव करें, मसालेदार व भारी भोजन न करें। अप्रैल का महीना शुरू होते ही भीषण गर्मी का प्रकोप दिखने लगा है। चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने बताया कि हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए खान-पान पर विशेष ध्यान दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, बाहरी चीजों को खाने से बचें, सलाद का भरपूर उपयोग करें। स्वास्थ्य खराब होने पर डॉक्टरों की सलाह पर ही दवाइयां को उपयोग करें। चकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि रोगियों के इलाज के लिए अस्पताल में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध हैं तथा वार्डों की भी व्यवस्था है। ओपीडी के अलावा 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं चल रही हैं।

# डीएम की मौजूदगी में हुई क्राप कटिंग



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यालय तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मामना मौजा में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की उपस्थिति में गेहूं की फसल की क्रॉप कटिंग कराई गई। जिसकी उपज 14 किलो 430 ग्राम प्रति डिसमिल प्राप्त हुई। जिसका औसत एक हेक्टेयर पर 35 कुंटल प्राप्त होगा। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, तहसीलदार सदर शरामानंद मिश्रा, नायब तहसीलदार प्रमित सचान, अपर सांख्यिकी अधिकारी रोहित गुप्ता, राजस्व निरीक्षक अच्छे लाल पटेल, लेखपाल अशोक कुमार, ग्राम प्रधान सीताराम अहिरवार, सचिव श्रीमती आरती गुप्ता, सम्बंधित किसान कौशल किशोर, इफको टोकियो बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि रवि नागाईच व शिवम तिवारी, शिव प्रसाद राजपूत, रूबी वर्मा,राजू, मनोज कुमार एवं अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# संवेदनशील मतदान केंद्र व स्थलों पर पुलिस ने किया गश्त

> मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिये किया जागरुक

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



**महोबा।** एसपी अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के साथ ही जिले में निष्पक्ष चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसके साथ ही अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम तथा क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में थाना श्रीनगर एवं थाना अजनर की पुलिस टीम द्वारा केंद्रीय पुलिस बल व असम पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न संवेदशील मोहल्लों, ग्रामों, वल्नरेबिल, क्रिटिकल ग्रामों, मतदेय स्थलों में संयुक्त रुप से फ्लैगमार्च कर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थानाक्षेत्र की जनता से संवाद स्थापित कर आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध मे निर्वाचन आयोग के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराया गया तथा क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बार कोड किया जारी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** लू, हीट वेव से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बार कोड जारी किया। इस बार कोड के माध्यम से हीट वेव की स्तिथि में क्या करें क्या ना करें एवं उपचार की जानकारी मिल सकेगी।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जनअभियान चलाकर भी लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

अपर जिला अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार कोड को किसी भी मोबाइल फोन से स्कैन करते ही हीट वेव से बचाव की जानकारी तुरंत मिलेगी। बार कोड को सोशल मीडिया के माध्यम से भी जनमानस तक पहुंचाया जा रहा है।

# समरसता का प्रतीक है होली मिलन समारोह : शिवाकांत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




हमें किसी भी कार्य में सफलता तभी मिलेगी जब हम संगठन के प्रति एकजुट होकर आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। होली मिलन समारोह एकता समरसता का प्रतीक है जिसमें हम सभी लोग एक दूसरे से मिलकर शुभावनाओं को व्यक्त करते हैं।

उक्त उद्गार मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत से पधारे शिवाकांत त्रिपाठी प्रांतीय संयुक्त मंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन बाराबंकी के तत्वाधान में आयोजित होली मिलन समारोह में व्यक्त किए गए। समारोह में केके शर्मा महामंत्री द्वारा संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष एस सी बैसवार द्वारा नई कार्यकारिणी के गठन का प्रस्ताव मांगा गया जिस पर लोगों ने सर्वसम्मति से पूर्व गठित कार्यकारिणी को ही आगामी एक वर्ष के लिए पुनः मनोनीत किया गया। प्राथमिक संचालन लल्लूराम वर्मा द्वारा किया गया। समारोह में काव्य गोष्ठी भी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सुरेश चंद बैसवार एवं सफल संचालन व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू द्वारा किया गया। समारोह में एसोसिएशन द्वारा सभी साहित्यकारों का अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। काव्य समारोह में अनिल श्रीवास्तव लल्लू, साहब नारायण शर्मा, श्री कृष्ण वर्मा सुखद, सनत कुमार अनाड़ी, कमल किशोर धीमान, रामबालक मिश्रा, नींबू लाल गुप्ता, वीरेंद्र श्रीवास्तव द्वारा हास्य व्यंग्य, गीत गजल प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगाए गए ?। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ बलराम वर्मा, आनंद श्रीवास्तव, होली प्रसाद शुक्ला, कौशल प्रसाद शुक्ला, श्याम कुमार सिंह, राजदेव सिंह, हरिलाल वर्मा, उदय शंकर, शरद पत्रकार सहित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सुरेश चंद्र बैसवार द्वारा आए हुए अतिथियों, साहित्यकारों एवं उपस्थित श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### बीहड़ पट्टी के अति संवेदनशील बूथों का सुरक्षा बलों ने लिया जायजा

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज एवं अर्ध सैनिक बलों के साथ बीहड़ पट्टी एवं अति संवेदनशील स्थानों पर लगातार रूट मार्च करके आम जनमानस को सुरक्षा को भरोसा दिया जा रहा है थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज के द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराए जाने की दृष्टिगत अर्द्ध सैनिक बल व थाना कूठौंद पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्चध् फुट पेट्रोलिंग कर क्रिटिकल एवं वर्नेबल मतदान केंद्रों पर जाकर आमजन में सुरक्षा का एहसास कराया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण पाल सरोज के द्वारा आम जनमानस से सीधा संवाद करके उनको बताया जा रहा है कि आप लोक निर्भीक होकर अपना मतदान करें पुलिस हर समय आप लोगों की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है उन्होंने बताया की शासन की मनसा के अनुरूप चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराना कुठौंद थाना पुलिस की पहली प्राथमिकता है।

# बबूल के पेड़ों में लगी आग पर पाया काबू

> अग्निशमन विभाग की टीम ने सूचना पर दिखाई सक्रियता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




अग्निशमन टीम महोबा को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कबरई क्षेत्र के ग्राम ऊटिया की ग्राम पंचायत के पास बबूल के पेड़ों में आग लग गई है जो विकराल रुप धारण कर गांव की ओर बढ़ रही है। इस सूचना पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी के नेतृत्व में अग्निशमन टीम तत्काल तैयारियों से सुसज्जित होकर फायर टेंडर के साथ घटना स्थल के लिये रवाना हुई। वहां पहुंचकर देखा तो पाया गया कि आग बबूल के पेड़ो में लगी थी जो ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत गांव तक पहुंच रही थी। इस पर त्वारित कार्यवाही करते हुए फायर टेंडर से पंपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया एवं आग को गांव के घरों तक पहुंचने से रोक लिया गया, किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हो पायी। स्थानीय लोगो ने अग्निशमन टीम महोबा की तत्परता पूर्ण की गई इस त्वरित कार्यवाही की जमकर प्रशंसा की है।इसके पूर्व भी हुए अग्निकांडों में अग्निशमन विभाग की टीमों की सक्रियता देखने को मिली।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के सपने हो रहे साकार : सुनील सिंह

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस प्रदेश व जिला कार्यालय के साथ-साथ सभी बूथों पर मनाया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सिंह द्वारा ककरी स्थित मां पीतांबरा पेट्रोल पंप पर स्थापना दिवस कार्यक्रम की शुरुआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख त्रिवेदीगंज सुनील सिंह ने कहा कि 44 वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई पंडित दीनदयाल ने अंत्योदय का जो सपना देखा था उनके अनुसार समाज के अंतिम व्यक्ति तक जन कल्याणकारी योजनाएं पहुंच रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने ही आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म करने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत फिर विश्व गुरु बनने की राह पर अग्रसर है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू हितेंद्र विजय सिंह अभय प्रताप सिंह पूर्व प्रधान प्रेम नारायण दीक्षित प्रधान कुंवर रामानंद सिंह भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान मनोज सिंह सतीश सिंह चौहान प्रधानभानू बाजपेई सहित सैकड़ो की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेसिक लाइफ सपोर्ट जन जागरूकता का शुभारंभ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




यूपीयूएमएस सैंफई में माननीय कुलपति प्रो .डॉ प्रभात कुमार सिंह ने बेसिक लाइफ सपोर्ट जन जागरूकता अभियान का शुभारंभ रैली को हरी झंडी दिखाकर किया।

उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि समाज या हमारे परिवेश में कई बार आपात परिस्थितियां हमारे सामने आती हैं जब हमारे पास कोई मेडिकल उपकरण नहीं होता और किसी को अचानक हार्ट अटैक आ गया तो आप बिना उपकरणों के मरीज की जान बचा सकते हैं जैसे -यदि कार्डियोपल्मोनरी रेसेसेटेशन (सीपीआर) आपको सही जानकारी है इसीलिए समाज में जीवन रक्षा हेतु बेसिक लाइफ सपोर्ट के संदर्भ में सही जानकारी होनी जरूरी है।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने बताया कि अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) के अनुसार, अस्पताल के बाहर कार्डियक अरेस्ट के लिए कुल मिलाकर मरीजों की बचने की दर लगभग 10त्न है। हालाँकि, अगर तुरंत सीपीआर शुरू कर दिया जाए तो बचने की दर में सुधार किया जा सकता है इसीलिए जन-जागरुकता जरूरी। इस कार्यक्रम का आयोजन एनेस्थीसिया विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ उषा शुक्ला के नेतृत्व में किया गया उन्होंने बताया कि कभी भी दुर्घटना होने पर या कोई हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर या बेहोश हो जाने पर बेसिक लाइफ सपोर्ट बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ विक्रम राठौर,डॉ शिप्रा, डॉ पंकज सिंह ने किया।कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो .डॉ रमाकांत, डीन प्रो .डा आदेश कुमार,सहित एनेस्थीसिया विभाग से डॉक्टर मनोज कुमार,डॉ प्रशांत मिश्रा,डॉ उर्वशी व अन्य विभागों के चिकित्सक मौजूद रहे।

### सपा के पूर्व सांसद सैकड़ों साथियों सहित भाजपा में शामिल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया और उनके बेटे पूर्व लोकसभा और भरथना विधानसभा प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, विवेक भदौरिया, डॉक्टर जयचंद भदौरिया के बेटे व सचिन यादव जिला पंचायत सदस्य इटावा ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली हैं। यह कार्यक्रम भाजपा नेता, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार तथा राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया के अथक प्रयासों से प्रदेश भर में कार्यकर्ताओं का भारतीय जनता पार्टी में जॉइनिंग का अभियान चल रहा है। इसी श्रृंखला में आज इन चार कद्दावर नेताओं की भारतीय जनता पार्टी में जॉइनिंग हुई, उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक व परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और प्रदेश संगठन के प्रमुख लोगों के बीच सदस्य ग्रहण कराई गई।

# सफारी पार्क में प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



विश्व आर्द्रभूमि दिवस इटावा सफारी पार्क, में आर्द्रभूमि संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया था, छात्र-छात्राओं के लिये निबन्ध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

पूर्व में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं क्रमशः निबन्ध प्रतियोगिता में सुदिती ग्लोबल एकेडमी, इटावा से कु. हंसिका प्रथम, रियांश यादव द्वितीय व कु. शिवानी गुप्ता तृतीय, निबन्ध प्रतियोगिता में ही सेन्ट मेरी इन्टर कालेज से कु. आरोही दुबे तृतीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में संत विवेकानन्द सीसे पब्लिक स्कूल से कु. भाग्यश्री मीना प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल से दृष्टि धांगर व आदित्य यादव द्वितीय, नारायण कालेज आफ साइंस एण्ड आर्टस, से कु. पलक तृतीय को प्रमाण पत्र वितरित किये गये तथा निदेशक, इटावा सफारी पार्क, इटावा के राजकीय वाहन से इटावा सफारी पार्क के विभिन्न सफारियों वियर सफारी, एण्टीलोप सफारी, डियर सफारी, लायन सफारी एवं लेपर्ड सफारी का भ्रमण कराया गया। साथ ही मनन सभागार कक्ष में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों एवं अध्यापकों के साथ सफारी भ्रमण के पश्चात् उनके अनुभवांको साझा किया गया एवं उनको प्राप्त कराये गये नवीन जानकारी के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया। छात्र-छात्राओं को वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने एवं सफारी में वास कर रहे वन्यजीवों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने के लिए यह प्रयास किया गया। सफारी का भ्रमण कर वापस आने के पश्चात् अभिभावको, अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं के मध्य बहुत ही ज्यादा उत्साह दिखा। इस अवसर पर इटावा सफारी पार्क के उपनिदेशक डा. विनय कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, बायोलाजिस्ट बीएन सिंह व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# युवक को गोली मारकर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने सेल्समैन को गोली मारकर घायल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी की निशादेही पर अवैध तमंचा, जिन्दा व खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया।

वादी मंजीत पुत्र कमलेश कुमार निवासी ग्राम चन्द्रपुरा शाला थाना बकेवर द्वारा थाना बकेवर पर सूचना दी गयी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के पिता कमलेश कुमार पर जान से मारने की नियत से फायर करके घायल कर दिया गया है। थाना बकेवर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नागरी लोलपुर पर भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि आरोपी नौधना ग्राम की पुलिया के पास कहीं जाने की फिराक में खड़ा है, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना बकेवर पुलिस ने आरोपी सूर्यभान पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम नौधना थाना बकेवर को नौधना ग्राम पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि मैंने अपने भाई चन्द्रभान की नौकरी लगवाने के लालच में आकर अपने 2 अन्य साथियों के साथ योजना बनाकर कमलेश के ऊपर गोली चलवाकर उसे घायल कर दिया था। इस सफलता में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना बकेवर, उ.नि. रविन्द्र कुमार निषाद, हे.का. राम सनेही, का. रविन्द्र चौहान का सराहनीय योगदान रहा।

# विद्यालय निरीक्षण के नाम पर बीएसए अपना रहे दोहरा मापदंड

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**बेसिक शिक्षा** अधिकारी विद्यालयों के निरीक्षण उपरांत किस तरह से शिक्षकों के शोषण करने का खेल खेलते इसके एक नहीं अनेकों प्रकरण प्रकाश में आया है। सूत्रों की मानें तो जिस विद्यालय के निरीक्षण उपरांत वहां के प्रधानाध्यापक व शिक्षक बाबा विश्वनाथ की शरण में पहुंचा क्षमा याचना के बाद कथित चढ़ौती का फंडा अपना लेता है उन पर कार्यवाही के नाम पर महज खानापूर्ति कर छोड़ दिया जाता है तो वहीं जिस विद्यालय के शिक्षक पूजा अर्चना में कंजूसी करने का दुस्साहस दिखाते हैं तो उनके प्रकरणों की पत्रावलियां एडी बेसिक के भेज दी जाती है जबकि ऐसे अनेकों प्रकरणों की पत्रावलियां बीएसए कार्यालय में आज भी धूल फांक रही है।

कार्यालय सूत्रों से मिली जानकारी की मानें तो बीएसए द्वारा 20 जुलाई 2023 को डकोर विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय सेषा निरीक्षण किया गया था जहां दौरान निरीक्षण छात्रों के नामांकन व छात्र उपस्थिति न्यूनतम, कम्पोजिट धन का दोहन के साथ मध्यान्ह भोजन न बनने आदि की कमियां पाए जाने पर बीएसए द्वारा पत्रांक संख्या 4142 दिनांक 7 अगस्त 2023 के द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था जिसमें बीईओ माधौगढ़, डकोर के साथ ही जिला समन्वयक एमडीएम अजात शत्रु शामिल थे। इस मामले में हैरान करने वाली बात तो यह है कि मामूली प्रकरण के आरोपों में तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन करना हास्यापद ही कहा जा सकता है। इस मामले में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अपने स्पष्टीकरण में गांव की जनसंख्या कम होना, एमडीएम न बनने का कारण रसोइया को कैंसर पीड़ित होना तथा कम्पोजिट ग्रांट के प्रयोग का बिल बाउचर प्रस्तुत करने के बाद भी बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक प्रदीप निरंजन की एक स्थाई वेतन वृद्धि रोकना, शिक्षक चंद्रकुमारी वर्मा, मोहिनी पटेल, दीपक निरंजन व बृजेंद्र सिंह आदि को प्रतिकूल प्रविष्ट 5 अक्टूबर 2023 को दी गयी। इस प्रकरण में सोचनीय विषय यह है कि शिक्षक बृजेंद्र सिंह राजपूत को दस वर्ष की संतोषजनक सेवा पर 4 अक्टूबर 2023 के आदेश संख्या 255 के तहत संतोषजनक सेवा पर चयन वेतनमान स्वीकार किया गया था। हो सकता है कि उक्त शिक्षक द्वारा बाबा विश्वनाथ की पूजा करने में असफल रहने पर प्रतिकूल प्रविष्ट का आदेश जारी कर दिया गया हो। ताज्जुब की बात तो यह है कि अब शिक्षक का चयन वेतनमान जहां लटक गया तो वहीं प्रतिकूल प्रविष्ट का झंझट अलग से पीछे लगा दिया गया। बताया जाता है कि सेषा विद्यालय के तीन अन्य शिक्षकों की पत्रावलियां को एडी बेसिक के पास किन कारणों के चलते बीएसए द्वारा भेजने में बरती गयी कंजूसी के पीछे क्या रहस्य छिपा हुआ है यह किसी के भी समझ से परे है। फ्रि शिक्षक बृजेंद्र सिंह राजपूत का प्रकरण अकेले एडी बेसिक के पास भेजना क्या संदेश दे रहा यह बताने की जरूरत नहीं है। अब विद्यालयों के निरीक्षण में बीएसए के दोहरे मापदंड अपनाने का जो प्रकरण प्रकाश में आया है उसमें 27 मार्च 2024 को बेसिक शिक्षा अधिकारी ने डकोर विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय कुइया का 12 बजे निरीक्षण किया जहां 13 बच्चे उपस्थित मिले जबकि शिक्षामित्र प्रीति राजपूत गायब मिली थी। इसीक्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय का 12.25 पर निरीक्षण किया तो वहां पर अनुचर विकास भोपाली अनुपस्थित मिला जबकि 77 में से 55 बच्चे उपस्थित मिले थे। प्राथमिक विद्यालय ऐर का 12.35 बजे निरीक्षण करने पर 243 पंजीकृत बच्चों में कोई भी छात्र विद्यालय में मौजूद नहीं मिला था जबकि उस दिन वार्षिक परीक्षायें संपादित हो रही यहां फर्जी छात्रांकन करने की बात भी बीएसए द्वारा कही गयी थी। वहीं कम्पोजिट विद्यालय टीकर का 12.53 मिनट पर निरीक्षण किया वहां पर भी शिक्षामित्र सरला प्रजापति गायब मिली। प्राथमिक विद्यालय खरका का 1.30 बजे निरीक्षण किया तो यहां पर 82 पंजीकृत बच्चों में महज 7 बच्चे उपस्थित मिले थे। इसके बाद बीएसए द्वारा उक्त सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगकर कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री इस कारण से की कि उन्हें बाबा विश्वनाथ ने ग्रीन सिग्नल दे दिया था।

- अनेकों शिक्षकों की पत्रावलियां कार्यालय में फंक रही धूल
- शिक्षकों की आधी अधूरी पत्रावलियां एडी बेसिक के पास भेजने के पीछे कौन सा स्वार्थ छिपा चर्चा जोरों पर
- बाबा विश्वनाथ के पास दंडमोक्षाधिकार का अधिकार सुरक्षित

# शरीर में पानी की कमी न होने पाए इसका ध्यान जरूर देना चाहिए: डा0 चन्द्र प्रकाश सिंह

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**मौसम** में आए एकाएक परिवर्तन और बढ़ रहे तापमान के कारण न केवल फसलों को नुकसान हो रहा है, बल्कि आम जनमानस पर इसका काफी असर पड़ रहा है गर्मी व धूप के चलते बुखार, जी मिचलाना, उल्टी दस्त, सर्दी खांसी, जुकाम की शिकायत व डीहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर गांव के लोगों में इसकी शिकायतें अधिक देखने को मिल रही हैं। गांव के लोगों का कहना है कि गर्मी यकायक तेजी से बढ़ रही है और तेज धूप के कारण ऐसा हो रहा है। अभी तो फिलहाल अस्पताल व डॉक्टर के पास बुखार ,सर्दी, खांसी, जुकाम के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। ऐसा बदलते मौसम के कारण ही हो रहा है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के अधीक्षक डॉक्टर सीपी सिंह का कहना है कि अभी तो यहां हीट स्ट्रोक की शिकायत नहीं आ रही है लेकिन यदि ऐसे ही तापमान बढ़ता रहा तो लोग इसके शिकार हो सकते हैं। खासकर मजदूर जो धूप में काम करते हैं। उनको ज्यादा परेशानी होती है। उनका यह भी कहना है कि पश्चिमी जिलों की अपेक्षा तराई का तापमान नम है। बढ़ते गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, पेट का खराब होना, उल्टी दस्त और टाइफाइड की शिकायतें बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को सिर पर टोपी या गमछा बांधकर चलना चाहिए, खासकर मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग काफी लाभदायक माना गया है। डॉ सीपी सिंह ने बताया कि लोगों को घरों से निकलते समय पानी अवश्य पीना चाहिए अथवा शरीर में पानी की कमी न होने पाए इसका ध्यान जरूर देना चाहिए इस समय तमाम ऐसे हाल जैसे खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा, नींबू बाजार में उपलब्ध हैं जो कि शरीर के पानी की कमी को पूरा करते हैं और भूख भी समाप्त करते हैं इनका प्रयोग अधिक करना चाहिए। बढ़ते तापमान को देखते हुए शरीर को ठंडा रखने का प्रयास करना चाहिए इसके लिए ठंडी चीजें जैसे दही, मट्ठा, पानी का प्रयोग लाभदायक है।

## खबरें एक नजर में

### छत्रसाल इंटर कॉलेज के मैदान में दंगा नियंत्रण रिहर्सल का किया अभ्यास

**जालौन (उरई)**। लोकसभा चुनाव और आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। अराजक तत्वों और दंगा बलवा आदि से निपटने के लिए छत्रसाल इंटर कॉलेज के मैदान में दंगा नियंत्रण रिहर्सल का अभ्यास किया। अगले कुछ दिनों में ईद, नवरात्र, रामनवमी आदि पर्व के साथ ही लोकसभा चुनाव संपन्न होना है। ऐसे में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस लगातार अभ्यास कर रही है। छत्रसाल मैदान में दंगा नियंत्रण रिहर्सल में एक ओर से पुलिस कर्मियों ने दंगाइयों की भूमिका निभाई तो दूसरी ओर से दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस तैयार थी। मैदान के एक छोर से बलवाई घुस आए और माहौल खराब करते हुए नारेबाजी करने लगे। उन्हें समझाने का प्रयास किया गया तो पत्थरबाजी शुरू हो गई। इसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया और उन पर पानी की बौछारें और लाठियां चटकाकर तितर बितर करने का प्रयास किया गया। इससे भी बाती नहीं बनी तक उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। इसके बाद भी भीड़ के तितर बितर न होने पर उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद भीड़ पर हवाई फायरिंग की गई। जिसमें कुछ बलवाई घायल हो गए। बलवाइयों को घायल होते देख भीड़ मौके से भाग गई। पुलिस ने घायल बलवाइयों को अस्पताल पहुंचाया। सीओ रामसिंह के नेतृत्व में कोतवाल विमलेश कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे, एसएसआई शीलवंत सिंह, एसआई अमर सिंह, अनिल कुमार राणा, गोविंद सक्सेना आदि ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया।

### डीएम के आदेश पर अस्थाई दुकानों को एसडीएम ने हटवाया

**जालौन (उरई)**। बंगरा मार्ग पर स्थित थोक सब्जी मंडी में व्यापारियों ने बिना आवंटन के अस्थाई रूप से दुकानें बना ली हैं। डीएम के निर्देश के बाद एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बनी अस्थाई दुकानों को हटवा दिया है। गर्मी के मौसम में तरबूज, खरबूजा, ककड़ी आदि फलों का सेवन लगभग सभी घरों में होता है। ऐसे में नगर की थोक सब्जी मंडी में इन फलों की आमद काफी बढ़ जाती है। इन फलों को धूप से बचाने के नाम पर थोक सब्जी मंडी में एक दर्जन से अधिक अवैध रूप से अस्थायी टट्टर से बनी दुकानों का निर्माण हो गया था। सब्जी मंडी में पीछे के हिस्से में टट्टर लगाकर दुकानें बना ली गई थीं। इसके साथ ही मुख्य दरवाजे के दाहिनी ओर छोटी सी दुकान भी बढ़ाकर लगा ली गई थी। मंडी में अवैध कब्जा होने की शिकायत किसी ने डीएम से कर दी थी। अवैध कब्जा की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम अतुल कुमार को मौके पर जाकर निरीक्षण कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण में बिना लिखित अनुमति के लकड़ी के टट्टर लगे हुए पाए गए। जिन्हें उन्होंने हटाने के निर्देश दिए। साथ ही जब तक टट्टर हटाने का कार्य पूरा नहीं हुआ तब तक वह मौके पर ही मौजूद रहे। एसडीएम अतुल कुमार ने बताया कि डीएम के निर्देश पर जांच के उपरांत दुकानदारों द्वारा लगाए गए टट्टरों को हटवा दिया गया है।

### चोरी से फसल काटने पर आधा दर्जन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)**। बीते एक महीने पहले खेत से लाही की फसल को काटने के मामले में पीड़ित के द्वारा न्यायालय के आदेश पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी छैलू उर्फखैलू पुत्र मनीराम ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी की घाटा संख्या 90.3 क्षेत्रफल 0120 हेक्टेयर में लाही की फसल बोई थी, जब फसल पककर तैयार हुई तो 6-3-2024 की शाम 7 बजे 5-6 अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा खेत से प्रार्थी की लाही की फसल को काटकर ले गए। फसल की चोरी का कोई पता नहीं चल सका। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कालपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने 5-6 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्म धारा 379 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले की विवेचना अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफको सौंप गई है, पुलिस प्रकरण की जांच करने में जुट गई है।

### पत्नी ने महिला मित्र से बात करने से रोका को पति ने पी डाई

**कालपी (जालौन)**। पत्नी ने प्रेमिका से फोन पर बात करने से मना किया तो युवक ने डाई पी ली। परिजनो ने उसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया है। सूत्रों के नगर के मुहल्ला आलमपुर निवासी राम सिंह पुत्र चरन सिंह उम्र 30 वर्ष रविवार को किसी महिला मित्र से मोबाइल पर बात कर रहा था इसी दौरान उसकी पत्नी आ गयी तो पत्नी ने नाराजगी प्रकट कर ऐसा न करने की हिदायत दी थी लेकिन यह बात उसकी पत्नी को नागवार गुजरी थी और और उसने शराब के साथ डाई का सेवन कर लिया था जिससे उसकी हालत खराब होते लगी थी। मामले की जानकारी होने पर परिजनो ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया था लेकिन हालत गंभीर देख डाक्टर गोपालजी ने उसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया है।

### रंजिशन युवक से दो युवकों ने मारपीट

**जालौन (उरई)**। रंजिश के चलते दो लोगों ने मिलकर युवक के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काशीपुरा निवासी सियाशरण ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही शिवम उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते आए दिन उसे परेशान करते हैं। पीड़ित का आरोप है कि वह अपने गांव में जा रहा था। तभी उक्त शिवम अपने साथी अरूण कुंमार निवासी उरई को लेकर आ धमके और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की है।

### पति, सास से प्रताड़ित महिला ने पुलिस से की शिकायत

**जालौन (उरई)**। पति व सास द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी मालती देवी पत्नी अजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लगभग आठ वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद कुछ साल तक तो सब ठीक रहा। अब पति अजीत सिंह व सास विमला ने अकारण ही उसे किसी न किसी बात को लेकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। उसे बात बात पर ताने दिए जाते हैं। इतना ही नहीं ताने देने के साथ ही गाली, गलौज भी की जाती है। जब कभी वह समझाने का प्रयास करती है तो दोनों मिलकर मारपीट कर देते हैं। जिसके चलते वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़िता का आरोप है कि शनिवार को पति व सास ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं घर वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी भी दी है।

# हर साल अमन चैन और मुल्क की सलामती के लिए होता है रोज़ा इफ्तारी का आयोजन

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**जनपद सोनभद्र** के मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित उरमौरा में रोज़ेदारों के लिए सामूहिक रोज़ा इफ्तारी का आयोजन किया गया। हर साल की तरह इस साल भी

जय हिंद फाऊंडेशन व अल इमान फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फाउंडर एवं जिला संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के हाजी सलीम हुसैन ने इफ्तारी का आयोजन किया। समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार हाजी सलीम हुसैन ने अपने गरीब खाने पर रोजा इफ्तार का इंतेज़ाम निहायत ही एहतराम और अक़ीदत के साथ किया। रोज़ेदारों को इफ्तारी कराना इस्लाम मज़हब में सुन्नत माना जाता है। लोग सवाब हासिल करने के लिए रमज़ानुल मुबारक के पाक मौके पर रोज़ेदारों को इफ्तारी करवाते हैं। सलीम हुसैन के द्वारा अपने ही मैरिज गार्डन में हर साल पुर एखलाक के साथ रोज़ेदारों के लिए सामूहिक इफ्तारी का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर शाम को इफ्तारी के वक्त रोज़ेदारों को मोहब्बत ए शर्बत, खजूर और फल के साथ रोज़ा खुलवाया गया। रोज़ा खोलने के बाद रोज़ेदारों ने सामूहिक रूप में जमात के साथ पेश इमाम की इमामत में नमाज़ अदा की। नमाज़ पढ़ने के बाद रोज़ेदारों को लज़ीज़ बिरयानी पेश की गई। इस मौके पर बच्चों और महिलाओं के लिए भी अलग हाल में रोज़ा इफ्तारी और बिरयानी का इंतेज़ाम किया गया। सलीम हुसैन लगातार भाईचारे और दिनियाती ख़िदमत को अंजाम देने में मशगूल हैं। सलीम हुसैन की पेशवाई में मैरिज गार्डन रोज़ेदारों से गुलज़ार रहा। लज़ीज़ दावत ए बिरयानी के बाद चाय की मेज़बानी अदब और अक़ीदत के साथ सलीम हुसैन ने पेश की। इस मौके पर उनकी मेहमान नवाजी और हुस्न ओ इकलाख की सभी ने गर्मजोशी के साथ तारीफ़ की। इफ्तारी के बाद रोज़ेदारों को मस्जिद ए उरमौरा रावटसगंज के पेश इमाम बशारत ए इस्लाम जनाब मजहर साहब ने नमाज पढ़ाई। इस मौके पर शहर के मौजूद अज़ीम शख्सियातों में इल्म के मेहराब मौलाना हिफाजत हुसैन, दीन ए इस्लाम के गौहर हाजी इसरार हुसैन, इल्म के रोशन सितारे हाजी अब्दुल वाली, गुलाम ए मुस्तफा का जाँनिसार हाजी शमशेर अंसारी, नूर ए पैकर शमसुद्दीन खान, गुलशन ए इस्लाम हाजी नूरुद्दीन खान, दीन ए अज़मत हाफिज जाबिर अख्तर, पूर्व पार्षद सैय्यद मिंटू के साथ साथ सैकड़ो दानिशवर जलवा अफ़रोज़ रहे। इस मौके पर नमाज़ के बाद सामुहिकरूप में रोज़ेदारों ने मादरे वतन हिंदुस्तान की सलामती के लिए हाथ उठाकर परवदिगार से दुआएं मांगी। साथ ही दुनिया में इंसानियत, अमन और भाईचारे को क़ायम करने के लिए रोज़ेदारों ने अल्लाह रब्बुल इज़्ज़त की बारगाह में हाज़िरी पेश की। समाजसेवी एहतराम ए आला गुलाम ए मुस्तुफा हरदिल अज़ीज़ जनाब सलीम हुसैन के इस रोज़ा इफ्तारी का मक़सद अमन चैन और भाईचारा की सलामती के लिए है।

# शांति भंग में दो गिरफ्तार




उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**बीते रविवार** को थाना रेहराबाजार बलरामपुर द्वारा शांति भंग के मामले में 02 व्यक्तियों दंगली सोनी पुत्र हनुमान प्रसाद सोनी निवासी अचलपुर रूप थाना रेहराबाजार जनपद बलरामपुर उम्र- 40 वर्ष व राजाबाबू पुत्र हनुमान प्रसाद सोनी निवासी अचलपुर रूप थाना रेहराबाजार जनपद बलरामपुर उम्र- 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुद्ध थाना रेहराबाजार पर धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर न्यायालय उतरौला रवाना गया।

# नवरात्रि ईद को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न



सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**रॉबर्ट्सगंज** कोतवाली में नवरात्र और ईद को लेकर धर्म गुरुओं के साथ पुलिस ने की बैठक । नवरात्र और ईद को लेकर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में रविवार को बैठक की गई । अध्यक्षता कर रहे स्स्क कालू सिंह ने कहा कि सभी लोग धूमधाम से त्योहार मनाए। चेतावनी देते हुए कहा कि कोई व्यक्ति अशांति का माहौल पैदा करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वहीं सीओ सिटी राहुल पाण्डेय ने कहा कि नगर पालिका के कर्मी नगर में घूमते रहे और छुट्टे मवेशियों को गौशाला में ले जाकर रखेंगे । बैठक में मौजूद नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन विजय जैन सहित अन्य लोगों ने शीतला मंदिर के आसपास से अतिक्रमण को हटवाने के साथ ही नगर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की मांग किया। वहीं एसपी मुख्यालय- कालू सिंह ने बताया कि नवरात्र और ईद को लेकर धर्म गुरुओं के साथ पुलिस की बैठक, रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में की बैठक, अतिक्रमण को हटवाने के साथ नगर में साफ सफाई पर ध्यान दिए जाने की मांग।

# इफ्तारी से पहले सभी रोजेदारों ने मुल्क की अमनचैन के लिए मांगी दुआएं

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज



**उतरौला तहसील** क्षेत्र के ग्राम बेलई बुजुर्ग के प्रधान सलमान रब्बानी खान द्वार अपने आवास पर रोजा इफ्तार का आयोजन कराया गया। जिसमें सैकड़ों रोजेदारों ने शिरकत कर रोजा इफ्तार किया। रोजा इफ्तारी से पहले सभी रोजेदारों ने अल्लाह तबारक व ताला के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क की अमनचैन के लिए दुआएं मांगी। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। प्रधान सलमान रब्बानी खान ने कहा कि इस्लाम धर्म के मानने वाले लोग अपने रब की इबादत के लिए भूखे प्यासे रहकर रोजा रख रहे हैं। रमजान-उल-मुबारक का यह पाक महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर है। जो शख्स रोजेदार को इफ्तार कराता है। अल्लाह तबारक व ताला उस शख्स को रोजेदार के बराबर सवाब अता फरमाता है। कहा कि रोजेदार को रोजा इफ्तार कराना सवाब है। कहा कि हदीस में है कि अगर कोई शख्स किसी के साथ इफ्तार में शामिल होता है, तो उसे भी उतना ही सवाब मिलता है। एक हदीस में आया है है कि ÷जिस शख्स ने किसी रोजेदार को भरपेट खाना खिलाया, अल्लाह पाक कयामत के दिन उसे ऐसा शरबत पिलाएगा कि उसे कभी प्यास नहीं लगेगी। एक सहाबी ने पैगम्बर मोहम्मद सल्ल. से पूछा कि ÷या रसूलल्लाह! अगर किसी शख्स के पास इतना माल या खाना न हो जिससे वह किसी को अच्छे से रोजा इफ्तार न करवा सके उस सूरत में क्या वह भी उतने ही सवाब का हकदार होगा? आप स0 ने फरमाया यह सवाब तो उसे भी मिलेगा जिसने एक खजूर या एक घूंट पानी से किसी रोजेदार को रोजा इफ्तार करवाया हो। श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के इफ्तार आयोजन से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। रोजा इफ्तार आयोजन कर्ता प्रधान सलमान रब्बानी खान की तरफ से लकी खान,परवेज खान जुनेद खान सद्दाम, आसिफ, साकिर, संजय वर्मा, अरमान,शादाब, अनस, नावेद, एहसान आदि रोजेदारों की खिदमत में लग रहे। संसाद श्रावस्ती राम शिरोमणि वर्मा, डॉ एहसान खान, साकिब महमूद खान ,अयाज़ मुस्तफा खान, अतीक खान समेत सैकड़ों रोजेदारों ने रोजा इफ्तार किया।

### ईदुल फित्र त्योहार को लेकर तैयारियां पूरी

**उतरौला(बलरामपुर)।** ईदुल फित्र त्योहार को लेकर जहां सब तैयारियां पूरी कर ली ग?ई हैं वहीं नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईदुल फित्र नमाज की भी समय निर्धारित की जा चुकी है। नगर के बड़ी ईदगाह में ईद की नमाज चांद रात्रि की सुबह 8-30बजे अदा की जाएगी जिसकी इमामत मौलाना अख्तर रजा करेंगे। अल जामेतुल गौशिया अरबी कालेज में ईद की नमाज सुबह 7-30बजे पढ़ी जाएगी जिसकी इमामत मौलाना बैतुल्लाह साहब करेंगे।जामिया अहले सुन्नत अली हसन बरदही बाजार में ईद की नमाज 8-30बजे अदा की जाएगी जिसकी इमामत मौलाना कारी नसीमुल कादिरी करेंगे। इसी तरह श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर स्थित रजा मस्जिद मे ईद की नमाज चांद रात्रि की सुबह 7-05बजे पढ़ी जाएगी।जिसकी इमामत हाफिज शाह आलम करेंगे।चांद मस्जिद में ईद की नमाज चांद रात्रि की सुबह 8-00बजे पढ़ी जाएगी, ईमामत मौलाना अतीबुर्रहमान कादिरी करेंगे।

### हरीपुरा में बैंडबाजों से धार्मिक धुनों के बीच निकाली शोभा यात्रा

**जालौन (उरई)।** श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन क्षेत्रीय ग्राम हरीपुरा में स्थित माता मंदिर पर किया जा रहा है। साप्ताहिक धार्मिक आयोजन के पहले दिन गांव में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। डीजे व बैंड बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति से ओतप्रोत होकर झूमे। ग्राम हरीपुरा में देवेंद्र मिश्रा द्वारा स्थापित कराए गए श्रीदुर्गा माता परिसर में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन मंदिर परिसर से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। एकत्रित महिलाओं ने विधि विधान से कलश में जल भरा और उन्होंने सिर पर कलश धारण कर यात्रा का शुभारंभ किया। कथाव्यास पंडित राजेश मिश्रा पैलावर की अगुवाई में कलश यात्रा गांव के विभिन्न मंदिरों से होकर कथा स्थल पर पहुंची। कलश यात्रा में डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुनों पर श्रद्धालु नाचते थिरकते हुए आगे बढ़ रहे थे।

**क्रिकेट मैच** | स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने की मंशा से हुआ मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

# जिला प्रशासन ने मैत्री मैच में मेडिकल कालेज टीम को किया परास्त

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**लोकसभा** सामान्य निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए, जिला प्रशासन व राजकीय मेडिकल कॉलेज के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का शुभारम्भ जिला जज लल्लू सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा ने पुलिस लाइन में किया। स्वीप कार्यक्रम के तहत इस रोमांचक मुकाबले में जिला प्रशासन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, 20 ओवर में 292 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। राजकीय मेडिकल की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 109 रन पर ऑल आउट हो गई। आज के मैत्री मैच में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिला प्रशासन और राजकीय मेडिकल कॉलेज के बीच खेला गया, जिला प्रशासन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 291 रन बनाए, जिसके जवाब में राजकीय मेडिकल कॉलेज की टीम ने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए सिर्फ109 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जिला प्रशासन टीम की ओर से जिलाधिकारी ने महत्वपूर्ण 8 रन व पुलिस अधीक्षक ने 11 का योगदान दिया, पुलिस अधीक्षक ने एक विकेट भी लिया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने 1 रन व 2 विकेट, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे 1 रन 1 विकेट, अपर पुलिस अधीक्षक 0, क्षेत्राधिकारी जालौन ने 10 रन 1 विकेट, संदीप ने 144 रन, रवि ने 12 रन, विपिन ने 33 रन, पंकज तिवारी 33 रन और 4 विकेट लिए। राजकीय मेडिकल कॉलेज की ओर से सर्वाधिक उबेद ने 46 रन की पारी खेली, मनोज 2 रन, सुमित 0, अजय 11, कमल 0, अनुराग 14 रन, प्रशांत 4, मुख्य चिकित्सा अधिकारी 7 रन, ताहिर 0, श्रीकांत 0 रन ही बना सके। इस प्रकार जिला प्रशासन ने 183 रन से जीत हासिल कर चुनाव का पर्व, देश का गर्व के तहत मतदाताओं को मतदान हेतु संदेश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी पत्नी मंजुला पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक पत्नी कल्यानी, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रशिक्षु आरती साहू आदि अधिकारी सहित आदि मतदाताओं ने मैत्री मैच का लुफ्त उठाया।

### सैनिक स्कूल के छात्र चिराग ने दिलाई मतदाता शपथ

उरई। इस अवसर पर उपस्थित खिलाड़ियों व जनपद के मतदाताओं को ऑल इंडिया सैनिक स्कूल के कक्षा 6 के छात्र चिराग मिश्रा ने मतदाता शपथ दिलाई, हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### जालौन हमारी शान, 20 मई को बढ़ चढ़कर करें मतदानः डीएम

उरई। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान के इस महापर्व में जनपद वासी पूरे उत्साह के साथ सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने की व वोट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों से चुनावी महापर्व में पूरे जोश व उत्साह के साथ भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व राजकीय मेडिकल कॉलेज की टीम ने जनपद वासियों को बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर मतदान हेतु जागरूकता का संदेश दिया।

# अग्निकांड जैसी अप्रिय घटनाओं पर काबू पाने के लिए पूर्व से ही समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंः सीडीओ

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

> कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में लू-प्रकोप (हीट वेब) प्रबंधन के संबंध में सीडीओ व एडीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**आगामी दिनों** में भीषण गर्मी एवं लू-प्रकोप की संभावनाओं के मद्देनजर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी एवं अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में लू - प्रकोप (हीट वेब) प्रबंधन के संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं तहसीलदारों तथा लेखपालों समेत अन्य सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में लू-प्रकोप काफ़ी बढ़ता हुआ नजर आने वाला हैं। अग्निशमन विभाग बढते तापमान के दृष्टिगत अग्निकांड की संभावित घटनाओं के समुचित उपाय किये जाने तथा अग्निकांड की संभावना के दृष्टिगत संभावित स्थानों का चिन्हीकरण एवं अग्निशमन उपकरणों को चालू हालत में रखा जाना सुनिश्चित करेगा। इसी के साथ उन्होंने समस्त तहसीलदार को निर्देश दिए कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के फेन नंबर स्वयं रखें तथा लेखपालों को उपलब्ध कराएं ताकि अग्निकांड जैसी अप्रिय घटनाओं पर काबू पाने के लिए समय से सूचित किया जा सकें। कहा कि पुलिस विभाग अग्निकांड की घटनाओं के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा कड़ी धूप में लोगों को एकत्रित कर सभा न किये जाने तथा कड़ी धूप में सुचारु ट्रैफिक्र व्यवस्था सुनिश्चित करेगा। परिवहन विभाग बस स्टैण्डो टर्मिनलों पर छाया एवं पेयजल की व्यवस्था करेगा। नगर पालिका एवं नगर पंचायत प्रमुख स्थानों पर प्याऊ लगाने की व्यवस्था करेगा। कहा कि प्याऊ वाले स्थानों पर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था होनी चाहिए। अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि कार्यस्थलों एवं निर्माण स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास विभाग मनरेगा कामगारों की कार्य अवधि में परिवर्तन तथा कार्यस्थल पर छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु निर्देशित करेगा। वन विभाग लोक स्थानों पर हरियाली सुनिश्चित करने के साथ ही वन अस्ति से बचाव हेतु निरन्तर पर्यवेक्षण, वन क्षेत्रों में पशु-पक्षियों हेतु पेयजल आपूर्ति हेतु तालाब व झीलों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जनपद के नागरिकों को लू से बचाव हेतु अतिरिक्त स्टॉफको प्रशिक्षित कर जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जाये तथा अस्पतालों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ओआरएस के पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रम विभाग औद्योगिक एवं अन्य श्रमिकों के लिए गर्मी संबंधित बीमारियों हेतु जागरुकता कैम्प का आयोजन करेगा या कार्यो हेतु कार्य घण्टों में परिवर्तन किए जाने हेतु नियोक्ता को निर्देशित करेगा। इसी प्रकार पशुधन विभाग पशुओं की सुरक्षा हेतु एक्शन प्लान तैयार कर उसका प्रभावी पशुपालक कृषको को हीट-वेब की स्थिति में पशुओं की सुरक्षा हेतु जागरुक करने हेतु ग्राम स्तर पर क्षेत्रीय स्टॉफ एवं गौपालको को निर्देशित करेगा। गो आश्रय स्थलो/समुचित वेटनरी मेडिसिन एवं पीने हेतु पेय जल की समुचित व्यवस्था की कार्यवाही करेगा।

# पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, जेवर व नगदी बरामद

> सिखवापुर गांव में शुक्रवार की मध्य रात्रि हुई थी चोरी, गांव का शिवम निकाला आरोपी

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी शिवम — समृद्धि न्यूज

**ठठिया थाना** क्षेत्र के सिखवापुर गांव में शुक्रवार की रात एक घर में सेंध लगाकर लाखों के जेवरात व नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने मामला का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी गया माल बरामद कर लिया। उक्त चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ.प्रियंका बाजपेई ने बताया कि शुक्रवार की मध्य रात्रि को सिखवापुर गांव में रमेश चन्द्र व उसके भाई के घर में सेंध लगाकर चोरो ने लाखों के जेवरात व नगदी पार कर दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की, तब पता चला कि उक्त घटना में गांव का ही शिवम राजपूत शामिल है। इसपर पुलिस ने युवक के घर दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया। ठठिया थाने लाकर जब कड़ाई से पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हो गया। शिवम की निशानदेही पर उसके घर से ही चोरी किया गया माल पुलिस ने बरामद कर लिया। मामले में गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिवम को जेल भेज दिया।

# जहरीला पदार्थ खाने वालों के लिए इमरजेंसी वार्ड बन रहा वरदान

> - तीन माह में भर्ती हुए 35 मरीजों में 31 की बचाई गई जान
> - इनमें 19 महिलाएं व 16 पुरुष मरीज थे शामिल

**सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भी बचाई जा रही जान**

तिर्वा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि मेडिकल कॉलेज का इमरजेंसी वार्ड अब आधुनिक तकनीकी से सुसज्जित है। सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में भी अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा रही है। इमरजेंसी में ही ओटी शुरू हो जाने से घायल मरीजों का तत्काल आपरेशन संभव हो रहा है।

-डॉ. सीपी पाल, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

जहरीला पदार्थ खाकर आने वाले मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज का इमरजेंसी वार्ड उनकी जान बचाने के लिए अपनी पहचान बना चुका है। पिछले तीन माह के दौरान 35 मरीज जहरीला पदार्थ खाकर भर्ती हुए हैं। इनमें 31 मरीजों की जान मेडिकल कॉलेज ने बचाई है। सिर्फ चार लोगों की ही मौत हुई है। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में जनवरी से 31 मार्च तक 35 मरीज भर्ती किए है। जिनमें 19 महिलाएं व 16 पुरूष शामिल हैं। इनमें अधिकांश की उम्र 16 से 40 बर्ष तक की रही है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की तत्परता के चलते इनका तुरंत उपचार शुरू किया गया। जिस बजह से 31 मरीजों को स्वस्थ कर घर भेजा गया। जिन चार मरीजों की उपचार के दौरान मौत हुई है। वह सभी काफी विलंब से मेडिकल कॉलेज लाए गए थे। जिनकी हालत चिंताजनक होने पर उन्हे रेफर कर दिया गया था। रेफर होने के पश्चात कुछ ने रास्ते में और कुछ ने हायर सेंटर में जाकर दम तोड़ा। सीएमएस ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में जहरीला पदार्थ खाकर आने वाले मरीजों के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। जिस बजह से अधिकांश लोगों की जान बचा ली जाती है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट में दो लोग हुये घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडों के बीच दो लोग घायल हो गए। पीडितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम खुदलापुर निवासी मुंशीलाल पुत्र छोटेलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम वह अपने घर की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही इंद्रपाल ने रास्ते में घेर कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष के इंद्रपाल का कहना है कि वह अपने घर के बाहर बैठा था तभी गांव के ही मुंशलाल आये और गालीगलौज करते हुये डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने धमकी दी। पीड़ितों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सामान्य ज्ञानप्रतियोगिता नें विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**विद्यालय के** छात्र छात्राओं में छिपी प्रतिभाओं को निखारनें के उददेश्य से प्रबन्धक व शिक्षकों की देखरेख में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रविवार को क्षेत्र के ग्राम डम्मरपुर्वा अमोलर स्थित राजकुमारी मेवाराम हायर सेकेन्डरी स्कूल में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में करीब 886 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान प्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को जीवन पथ पर आगे बढकर लक्ष्य को हासिल करनें मौका मिलता हे। इस दौरान विद्यालय के संचालक दीपक यादव ने बताया कि 22 अप्रैल को परीक्षा फल एवं 25 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा। इस अवसर पर सुनील सर, सत्यप्रकाश यादव, मूलचंद्र सर, बिपिन सर, नवीन सर, शालू मैम, रूबी मैम आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## प्लाजा मार्केट से कल निकलेगी विशाल कलश यात्रा

> - वृद्धावंन से पधारे आचार्य श्रीराम सखा जू महाराज सुनाएंगे भागवत कथा
> - राम नवमी को दौलेश्वर धाम से निकलेगी मां दुर्गा की विशाल शोभायात्रा

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कस्बे के प्लाजा मार्केट में नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर 21वें विशाल दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को समिति द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसके उपरांत श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। नवदुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह बघेल व महासचिव प्रभात कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 21वें दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 09 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें क्षेत्र की 108 महिलाएं सिर पर कलश रखकर शामिल होगीं। इसके बाद प्लाजा मार्केट परिसर में ही वृंद्वावन से पधारे श्रीराम सखा जू महाराज के मुखारबिन्दु से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। राम नवमी को बाबा दौलेश्वर धाम से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बाहरी जनपदों से आए कलाकार शामिल होगें।


## 05 अपराधियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3/5 गुण्डा निवारण अधिनियम पंजीकृत कर कार्रवाई की गयी

**छिबरामऊ तालग्राम।** कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संसार सिंह के मार्ग निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष पारुल चौधरी के कुशल नेतृत्व में05 अपराधियों के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 3/5 गुण्डा निवारण अधिनियम पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी । राहुल पुत्र भूप सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम तिसौली थाना तालग्राम।विजय पुत्र रूपलाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम भुइयन नगला थाना तालग्राम।बादाम सिंह पुत्र रूपलाल उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम भुइयन नगला भगवान सिंह पुत्र रूपलाल उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम भुइयन नगला ।रामकिशोर पुत्र विशेश्वर दयाल उम्र करीब 27 वर्ष नि0 ग्राम भुइयन नगला।

## किशोरी को भगाने पर तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम से तीन महीने पहले किशोरी को भगा ले जाने पर पीड़ित पिता की शिकायत पर तीन नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मसगांव निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में अभियोग दर्ज करते हुए बताया कि दिनांक 14-1-2024 को प्रार्थी मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ था तथा प्रार्थी की पत्नी भी काम करने चली गई थी। प्रार्थी की 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री घर में थी। लेकिन प्रार्थी की पत्नी जब घर वापस लौटी तो पुत्री घर में नहीं मिली। पुत्री को काफी ढूंढा लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। गांव के लोगों ने बताया कि तुम्हारी पुत्री को गांव के हीं तीन आरोपियों बुद्धप्रकाश, सियाराम, तथा सुनीता निवासीगण गर्रेही थाना कदौरा बहला फुसलाकर गए हैं। पुलिस ने इस प्रकरण को लेकर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ जुर्म धारा 363, 366 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मुकदमे की विवेचना ज्ञान भारती चौक इंचार्ज जितेंद्र सिंह को सौंपी गई है। किशोरी को सकुशल बरामद करने के लिए पुलिस टीम के द्वारा संभावित ठिकानों में छापा मारा जा रहा है।

# शॉर्ट सर्किट होने के कारण ऑटो में लगी आग



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**एक** ऑटो छिबरामऊ से सकरावा के लिए सवारी लेकर जा रहा था शॉर्ट सर्किट होने के कारण ऑटो में लगी आग। छिबरामऊ बाईपास से सकरावा के लिए यात्रियों द्वारा ऑटो बुक किया गया सवारी लेकर ऑटो सकरावा के लिए जा रहा था तभी सौरिख रोड स्थित द्य ह्ल द्य के पास अचानक ऑटो में शर्ट सर्किट हो गया जिस ऑटो धू धू कर जलने लगा ऑटो में लगी आग देखकर यात्री उतरकर प्राण बचाकर भागे घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई घटनास्थल पर सौरिख रोड चौकी प्रभारी राजेश रावत पुलिसवाला के साथ घटना स्थल पर पहुंचे यात्री वाचालक सुरक्षित रहे।

# पुलिस व असम बटालियन ने रूट मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराया

> अराजक तत्वों की सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें: कोतवाल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**आगामी त्योहारों** एवं लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए कोतवाली पुलिस ने असम बटालियन जबानों के साथ मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनानें की अपील की।

शनिवार को प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने भारी पुलिस बल एवं असम बटालियन के जबानों के साथ क्षेत्र के कस्बा समधन के मुख्य मार्ग सहित संकरी गलियों में पैदल मार्च कर निरीक्षण किया और आगामी त्योहारों एवं 2024 लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान उन्होनें नागरिकों से वार्ता कर गैरकानूनी कार्य करनें बाले लोगों की सूचना देनें की अपील की है। इस दौरान उपनिरीक्षक रोबिन सिंह, राजेश प्रताप सिंह, विनय शर्मा, राहुल पाल सिंह, ओम सिंह चौहान, चन्द्रभान सिंह सहित कांस्टेवल अमन सिंह, जितेन्द्र कुमार, विनीत कुमार, गजेन्द्र सिंह, दीपांशु गंगवार सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



कस्बा समधन में रूट मार्च करती पुलिस व असम बटालियन

## पुलिस ने तीन जुआरियों को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**अपराध** नियंत्रण हेतु शांति व्यवस्था में हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चित्तरपुर्वा स्थित चेतराम की बगिया में छापेमारी की जहां से तीन लोगों को उस समय रंगे हाथ हिरासत में ले लिया जब वह ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से 400 रुपये एवं जामा तलाशी में 220 रुपये बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपियों ने अपना नाम नसीम खान पुत्र मकबूल खान, मुशीर खान पुत्र वहीद खान निवासीगण ग्राम मझपुर्वा, फुंद्दन खान पुत्र लतीफ खान निवासी ग्राम गैसनपुर थाना जसरथपुर जिला एटा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# एनजीओं ने सराहनीय कार्यो से प्राप्त की उपलब्धिः संतोष चतुर्वेदी

> क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष नें एनजीओ के दो वर्षपूर्ण होनें पर किया शुभ कन्यादान योजना का शुभारम्भ




वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते संतोष चतुर्वेदी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सावरकर हेल्प फाउन्डेसन के पदाधिकारियों द्वारा कडी मेहनत कर एनजीओ को आगे बढानें का कार्य किया है। एनजीओ द्वारा गरीब एवं मेधाबी बच्चों के हित में चलाये जा रहे निशुल्क शिक्षा एवं कम्प्यूटर शिक्षा सहित समाज सेवा के कार्य को नगर सहित क्षेत्रीय लोगों द्वारा सराहना भी की जा रही है। कहा कि मैं ऐसे ऊर्जावान पदाधिकारियों सहित एनजीओं के उत्कृष्ट कार्यो से प्रभावित हूं। यह बात बीती शाम क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुर मे सावरकर हेल्प फाउंडेशन के दो वर्ष पूर्ण होने पर शुभ कन्यादान योजना का प्रारंभ करनें के उपरान्त क्रय बिक्रय समिति अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने कही। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजकों ने क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष का फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान एनजीओ संचालक संदीप चतुर्वेदी, अध्यक्ष सचिन द्विवेदी, उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा, संयोजक मंजुल द्विवेदी, सचिव अमर पांडेय, कोषाध्यक्ष अमन कुशवाहा, उपसचिव सुनील पाल, महासचिव अनुराग पटेल, सुशील कुमार सक्सेना व एनजीओ के सदस्य सहित एनजीओ के बच्चे और सभी ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोरी के माल समेत चोर को धर दबोचा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** थाना ठठिया क्षेत्र के ग्राम सिखवापुर में एक घर मे सेंध लगाकर चोरी करने शातिर चोर को पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गये चोर के पास से पुलिस ने चोरी के जेवरात समेत नकदी बरामद कर ली है। पुलिस ने उक्त चोर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बीते दिवस 06 अप्रैल को थाना ठठिया क्षेत्र के ग्राम सिखवापुर मौजा जैनपुर निवासी रमेशचन्द्र वर्मा पुत्र लाखन वर्मा के मकान में रात्रि लगभग 01 बजे सेंध लगाकर चोर मकान के अन्दर घुस गये। यहां चोर ने कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर उसके अन्दर रखे जेवरात व चार हजार की नकदी चुरा ली और फरार हो गया। जब सुबह गृह स्वामी रमेश चन्द्र वर्मा और उनके परिजनों को घर में चोरी की जानकारी हुई तो उनमें हड़कम्प मच गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को चोरी की घटना की तहरीर देते हुए गांव के ही एक युवक शिवम लोधी के खिलाफचोरी का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त युवक की तलाश शुरु कर दी। पुलिस ने घटना के करीब 12 घंटे बाद उक्त युवक को धर दबोचा।

**चयन** — शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश (विद्यालय बने आनंदघर) में शिक्षक का हुआ चयन

# आलोक प्रताप सिंह को गिजूभाई बधेका सम्मान से किया गया सम्मानित







**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**विकासखण्ड** कन्नौज के उदैतापुर स्थित कंपोजिट विद्यालय के सहायक अध्यापक आलोक प्रताप सिंह चौहान को लखनऊ में सम्मानित किया। शिक्षक को यह सम्मान स्कूल में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के लिए दिया गया। उन्हें गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान 2024 से नवाजा गया।

शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षिक अनुभव समीक्षा पर आधारित 6 पुस्तकों का विमोचन लखनऊ चारबाग में किया गया। जिसमें जनपद से आलोक प्रताप सिंह चौहान को गिजूभाई बधेका सम्मान से सम्मानित किया गया।

विद्यालय को आनंदघर बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील शैक्षिक संवाद मंच द्वारा रचनाकारों को समय- समय पर विभिन्न विधाओं में लेखन का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अतरिक्त शैक्षिक अनुभवों पर आधारित लेखों के संग्रह ÷शब्द कसौटी पर÷ का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश प्रताप सिंह (शिक्षाविद एव कहानीकार) जिला सुल्तानपुर, विशिष्ट अतिथि विजय कुमार उपाध्याय संपादक प्रखर विकास लखनऊ, अध्यक्ष डॉ. रामप्यारे प्रजापति (लेखक एव शिक्षाविद), संयोजक प्रमोद दीक्षित (लेखक एवं संपादक) सहित गणमान्यजन मौजूद रहे।









## लोहिया वाहिनी व छात्रसभा की जिला कमेटी घोषित

# छात्र राजनीति ही शीर्ष राजनीति का मार्ग प्रशस्त करती है: डा. जितेन्द्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** कार्यालय पर छात्रसभा व लोहिया वाहिनी की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष व लोकसभा प्रभारी विनीत कुशवाहा, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह गौर, इलियास मंसूरी, शशांक सक्सेना, भोला यादव, बृजेश पाल, नगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, सयुस जिलाध्यक्ष शिवम यादव, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, छात्रसभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार, आनन्द यादव, गौरव यादव मौजूद रहे। संचालन सौरव कटियार ने किया। प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि लोहिया वाहिनी एक अनुशासित संगठन है। इसमें काम करने वाले कार्यकर्ता ही आगे शीर्ष तक पहुंचते है। छात्रसभा में रहकर जो लोग राजनीति करते हैं उनकी आगे की राजनीति लम्बी दूरी तय करती है। मैंने भी छात्र राजनीति से शुरुआत की थी। सच्चाई यह है कि लोग लोहिया वाहिनी छात्रसभा में काम करते है। धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए जिलाध्यक्ष और मंत्री तक बनते है। राजनीति में रहकर लोग समाजसेवा करते है। छात्र राजनीति आगे के जीवन का निर्माण करती है। सभी युवा आगे बढ़े। हम सभी लोग एकजुट होकर रात दिन मेहनत करें। जिससे पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को भारी बहुमत से जिताया जा सकें।




बैठक को संबोधित करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव व मौजूद सपा नेता — समृद्धि न्यूज

छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने कहा कि हमने संघर्ष किया तो आज हम यहां तक पहुंचे है। मैंने मुख्यमंत्री को काले झण्डे दिखाये और मुझे गिरफ्तार किया गया। आज यह परिणाम है कि मैं छात्रसभा का प्रदेश अध्यक्ष बना हूं। प्रत्येक युवा को जीवन में संघर्ष करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जनपद के एक-एक युवा का वोट सपा को दिलाने के लिए कार्यकर्ता जुट जायें। यही सच्ची राजनीति है। महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ता मेहनत करें और अपना बूथ जितायें। पार्टी के लिए जी जान से लग जाये और प्रत्याशी को जिताये। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने सभी कार्यकर्ताओं का हौसला आफजाई करते हुए धन्यवाद दिया। मंचासीन पदाधिकारियों का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें त्यौहार: एसडीएम



बैठक लेते एसडीएम तथा सीओ व मौजूद संभ्रांत लोग — समृद्धि न्यूज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**आगामी** त्यौहारों व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसडीएम व सीओ ने संभ्रांत नागरिकों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार रविवार को कायमगंज कोतवाली में कायमगंज उपजिलाधिकारी यदुवश वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों की बैठक ली। अधिकारियों ने कहा कि आगामी ईद व नवदुर्गा के त्यौहार आ रहे हैं। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव भी होना है। इसलिए आप लोग त्यौहारों को शांतिपूर्ण माहौल में मनायें। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे पुलिस को आपके खिलाफ कार्यवाही करनी पड़े। इसके साथ ही साथ चुनाव में भी शांति का सहयोग दें और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपना मतदान करें। मतदान के दौरान कोई गड़बड़ी न करें। किसी के प्रलोभन व बहकावे में न आयें। मतदान करने के बाद अपने-अपने घरों पर बैठें। सड़क पर इधर उधर भीड़ लगाते नजर न आयें, क्योंकि आचार संहिता का लग गयी है। उसका उल्लंघन कदापि न करें। वहीं त्यौहारों पर हर धार्मिक स्थलों के बाहर पुलिस तैनात रहेगी। इसलिए आप लोगों से अपील है कि आप लोग त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनायें।

## खबरें चलते-चलते

### रामनवमी पर शोभायात्रा के सम्बन्ध में रामलीला परिषद की बैठक सम्पन्न



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्री रामलीला परिषद की ओर से 17 अप्रैल को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा फतेहगढ़ में निकाली जायेगी। शोभायात्रा एवं श्रीराम जन्मोत्सव के सम्बन्ध में रामलीला परिषद फतेहगढ़ की रविवार को अध्यक्ष रवीश द्विवेदी के निवास पर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने कहा दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम श्रीराम निवास मंदिर सब्जी मंडी में होगा तथा सायंकाल 4 बजे भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसमें लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन की झांकियां सम्मिलित रहेंगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा वनखड़िया मंदिर में शुरु होगी। जो कोतवाली चौराहे, गाड़ीखाना मोहल्ले से होते हुये श्री रामनिवास सब्जी मंडी में सम्पन्न होगी। बैठक चमन टण्डन, राजीव बाजपेयी, सभासद अनिल तिवारी, अवनींद्र सक्सेना, अभय गोस्वामी, राजू मिश्रा, शिवम द्विवेदी, अवधेश दीक्षित, सोनू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### सीडीओ की अध्यक्षता में हुई ब्रीफिंग बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपादित कराने के लिए आज 4.00 बजे सेंट एंथोनी स्कूल के प्रांगण में एक ब्रीफिग बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बुलाई गई। उक्त बैठक में दोनो सुपर मास्टर ट्रेनर्स, सभी मास्टर ट्रेनर्स, रिजर्व मास्टर ट्रेनर्स, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं संबंधित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभी मास्टर ट्रेनर एवम् कर्मचारी को प्रशिक्षण सही तरह से कराने के निर्देश दिए गए।

### मार्ग दुर्घटनाओं में 4 घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव हरियलपुर निवासी आशीष (25), थाना राजेपुर के गांव कुम्हरौर निवासी अर्जुन (23) व अंकित (24), नगर से सटे गांव पितौरा निवासी उवैस (18) मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद आशीष व उवैस को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ऊंचाई से गिरकर बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव कोठी नगला निवासी विनोद का 6 वर्षीय पुत्र निशांत ऊंचाई से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

### दो लोगों ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव मुड़ौल निवासी गुड्डू (40) व रायपुर निवासी जशवीर (32) ने संदिग्ध हालत मे कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत मे दोनों के परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### तमंचा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने आरोपी को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज पुलिस द्वारा अभियुक्त शैलेंद्र उर्फ चेला पुत्र कश्मीर यादव निवासी ग्राम कुंडपुरा थाना कमालगंज को 01 तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया है।

# सिटी गार्डन के निकट मिला पालीथिन में लिपटा नवजात शिशु का शव

- लोगों में चर्चाएं कहीं किसी कलयुगी मां का कारनामा तो नहीं
- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इसे नवजात** शिशु का दुर्भाग्य कहें तो ज्यादा बेहतर होगा, क्योंकि ऊपर वाले ने नवजात शिशु को एक मां की कोख से दुनिया में भेजा, लेकिन कलयुगी मां ने नवजात शिशु को दुनिया में आंखें खोलने से पहले ही उसे मौत की नींद सुलाकर पॉलिथीन के सहारे फेंक दिया। आखिरकार भगवान द्वारा भेजा गया एक नवजात शिशु दुनिया देखने से पहले ही कलयुगी मां के हाथों कॉल के गाल में समा गया, जो नगर क्षेत्र में आम लोगों की जुबान पर दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। घटना के संबंध में बताया गया शमशाबाद थाना चौराहे के निकट स्थित सिटी गार्डन जहां रविवार की सुबह गुजरने वाले लोगों को एक काली पन्नी संदिग्ध परिस्थितियों में नजर आई, तो लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगीं। यह सूचना नगर में जंगल में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते मौके पर दर्जनों लोगों की भीड़ लग गयी। भीड़ में कुछ संभ्रांत लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब घटना की जांच पड़ताल की तो पता चला उक्त काली पन्नी में लिपटा नवजात शिशु का शव है। जो किसी अभागन मां ने सामाजिक बदनामी से बचते हुए रात के अंधेरे में फेंककर फरार हो गई। मौके पर उमड़ी लोगों की भीड़ में तरह-तरह की चर्चाये थीं।



मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने आठ वारंटी किये गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों व वारण्टियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 08 वारण्टी अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया है। इन वारंटियों में मोहम्मद कामिल पुत्र सलीम निवासी 2/7 सुतहट्टी निकट घुमना बाजार, रीतेश पुत्र देवेन्द्र कुमार निवासी रेशमा कलर निवासी कम्पनी के सामने गली सदवाड़ा, अनिल कुमार गुप्ता पुत्र शिवशंकर निवासी चीनीग्राम, कौशल किशोर उर्फ प प्पू पुत्र जुगल किशोर निवासी बागरूस्तम, देवेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 रामसिंह निवासी सिन्धी कालोनी सरदार खां, दिलीप कुमार पुत्र श्री मुन्नालाल निवासी दरीबा पश्चिम, सुखवासी पुत्र भजनलाल निवासी अंगूरीबाग, इन्तिजार अली पुत्र इश्तियार अली निवासी जंगबाज खां कोतवाली फर्रुखाबाद को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विजय कुमार, उप निरीक्षक यतेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक आशु कुमार, उप निरीक्षक राजेश कुमार गौतम, उप निरीक्षक राहुल कुमार, कांस्टेविल अंकित पवांर, कांस्टेविल वीरेन्द्र सिंह, कांस्टेविल सुनील कुमार, कांस्टेविल अनिल शामिल है।

# पुलिस ने अलग-अलग चार वांछितों को दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली मोहम्मदाबाद** पुलिस द्वारा 03 वारंटी अभियुक्तगण पुष्पेंद्र उर्फ पंछी पुत्र सुरेश उम्र 35 वर्ष निवासी रविदास नगर रोहिल्ला, कुलदीप सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम नगरिया, अवनीश दीक्षित पुत्र कृष्ण राज दीक्षित निवासी कान्हेपुर कोतवाली मोहम्मदाबाद को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 77/2024 धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट में नामजद/वांछित अभियुक्त आशीष यादव पुत्र शेर सिंह यादव निवासी मोहल्ला जाफरी कोतवाली फतेहगढ़ को मुखविर की सूचना पर जिला जेल चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त आशीष यादव द्वारा अतिरिक्त दहेज मांग करते हुए वादिनी की पुत्री को प्रताणित करना व मारपीट कर हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना हाजा पर वादिया अनुराधा देवी पत्नी स्व0 मलिखान सिंह उर्फ सुलखान सिंह निवासी कुण्डपुरा थाना कमालगंज के प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 9 मार्च को उपरोक्त मुकदमा आशीष यादव पुत्र शेर सिंह यादव, ससुर शेर सिंह यादव पुत्र जगदीश सिंह यादव, सास मीना देवी पत्नी शेर सिंह यादव, देवर अतुल यादव पुत्र शेर सिंह यादव निवासीगण मोहल्ला जाफरी कोतवाली फतेहगढ़ के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा ग्रहण कर संपादित की जा रही है। विवेचना के क्रममें दिनांक 07 अप्रैल को अभियोग में नामजद अभियुक्त आशीष यादव पुत्र शेर सिंह यादव निवासी मोहल्ला जाफरी कोतवाली फतेहगढ़ को मुखविर की सूचना पर जिला जेल चौराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस द्वारा पकड़े गये वांछित आरोपी — समृद्धि न्यूज

# नगर पालिका की लापरवाही आयी सामने छह घंटे नाले में तड़पड़ी रही गाय

- डीएम को सूचना देने के बाद मौके पर पहुंची जेसीबी, गाय को निकाला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर पालिका** के अधिकारियों की लापरवाही एक बार फिर सामने आयी। एक गाय नाले में करीब 6 घंटे फंसी रही। सूचना देने के बाद भी कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। तब डीएम को सूचना देने के बाद आनन फानन में जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची और गायब को बाहर निकाला जा सका। फतेहगढ़ पुलिस लाइन के सामने गहरे नाले में एक गाय 6 घंटे तक फांसी रही, लेकिन गाय को बचाने के लिए कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। पुलिस लाइन के पास विनोद गुप्ता की दुकान है। उन्होंने कई समाज सेवकों को सूचना दी, लेकिन गाय को बचाने के लिए कोई नहीं पहुंचा। तब विनोद गुप्ता ने भाजपा के फतेहगढ़ मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को सूचना दी। राहुल राठौर तुरंत वहां पर पहुंचकर जिला अधिकारी वी0के0 सिंह को सूचना दी। तब कहीं जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची। उसके बाद गाय को नाले से बाहर निकाला गया। राहुल राठौर ने कहा कि हमने 2 घंटे पहले नाले में गाय गिर जाने की सूचना नगर पालिका अधिकारियों को दी गई थी, लेकिन अधिकारी गाय को निकालने के लिए नहीं पहुंचे। तब राहुल राठौर ने डीएम वी0के0 सिंह को सूचना दी। तब कहीं जाकर अधिकारी जेसीबी मशीन लेकर पहुंचे और गाय के प्राणों की रक्षा की। राहुल राठौर ने कहा की नगर पालिका की लापरवाही की सूचना मुख्यमंत्री से करेंगे।




नाले से निकाली गयी गाय — समृद्धि न्यूज

# आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी धड़ल्ले से बिक रही कच्ची शराब



क्षेत्र में उतारी जा रही कच्ची शराब — समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज थाना** क्षेत्र के ग्राम अलाउद्दीनपुर निवासी सरिता पत्नी शमीनुल ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कल अवैध दारू की सूचना पर थाना पुलिस ने मेरे गांव में पड़ोसी निजामुद्दीन के घर छापा मारा था। जिस पर पड़ोसी द्वारा अवैध दारू छुपा दी गई और पुलिस को बरामदगी में दारू नहीं मिली। जिस पर आज सुबह पड़ोसी निजामुद्दीन के द्वारा दारू पकड़वाने का इल्जाम मेरे व मेरे परिजनों के ऊपर लगाकर लगभग 2.00 गाली-गलौज करने लगा। जब मैंने विरोध किया, तो निजामुद्दीन एवं नौशाद, सावन, राजा पुत्रगण निजामुद्दीन एवं रूबी पत्नी निजामुद्दीन उपरोक्त लोगों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट की गई। बचाने आए मेरे भाई सोनम के साथ भी उपरोक्त लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर जांच कर कार्रवाई को कहा।

वहीं नाम छापने की शर्त पर लोगों ने बताया कमालगंज के ग्राम मकू नगला, कमालगंज के मोहल्ला अंबेडकर नगर एवं इंदिरा नगर में भी धड़ल्ले से कच्ची शराब की बिक्री की जा रही है।

### मड़ैयन घाट के पीपे का पुल बंद होने से सक्रिय हुए अवैध वसूली करने वाले लोग

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज नगर** गंगा पार को जोड़ने वाले पीपों का पुल पानी बढ़ने से बंद होने के कारण दबंग लोग वसूली करने के लिए सक्रिय हो गये हैं। जो नाव से उस पार उतारने के एवज में प्रति व्यक्ति 40 रुपये वसूल रहे हैं। जिससे उनकी कमाई प्रतिदिन 10 से 12 हजार रुपये हो रही है। पैसे न देने पर उपरोक्त लोग मारपीट पर उतारु हो जाते हैं। मजबूरी बस लोगों को पैसे देने पड़ रहे हैं। जिला प्रशासन इस मामले पर खामोश है। गंगा पार जाने के लिए रोजाना सैकड़ो लोग आते जाते हैं। बहुत से लोग गंगा पार क्षेत्र में अपनी-अपने दुकान किए हैं। कोई खेती किए हैं, तो कोई कमालगंज नगर में व्यापार एवं किसान अपनी फसलों को बेचने एवं मजदूरी करने के लिए आता है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों से इस मामले को गंभीरता से लेने एवं अवैध रूप से हो रही वसूली रुकवाने की मांग की है।

# धर्मांतरण करा रहे शिक्षक समेत तीन गिरफ्तार 12 महिलायें व सात पुरुष मिले

**मेरापुर/फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**घर में** धर्मांतरण करा रहे शिक्षक समेत तीन लोगों को आरएसएस के धर्म जागरण प्रमुख ने पकड़ लिया। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कुरार में आरएसएस के धर्म जागरण प्रमुख ने एक घर में धर्मांतरण करा रहे शिक्षक समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। घर में धर्म परिवर्तन के लिए लाई गई गरीब परिवारों की 12 महिलाएं और सात पुरुष भी मिले। मौके से दो बाइबिल व तीन खाली चेक बरामद हुए। पुलिस ने तीनों लोगों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। आरएसएस जिला धर्म जागरण प्रमुख दिनेश सिंह तोमर व सह धार्मिक प्रमुख सर्वेश शुक्ला अन्य सहयोगियों के साथ रविवार सुबह करीब 11 बजे गांव कुरार पहुंचे।यहां मकान में महिलाएं, उनके साथ बच्चे, पुरुष के अलावा तीन बाहरी लोग मिले। यह तीनों लोग महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को बाइबिल का पाठ करा रहे थे। इस दौरान ढोलक पर संकीर्तन हो रहा था। टीम के मौके पर पहुंचते ही गांव के लोग इधर उधर हो गए। पकड़े गए लोगों में कौशांबी निवासी मेरापुर इंटर कॉलेज का शिक्षक भी शामिल है। दिनेश सिंह तोमर ने तहरीर में बताया कि मकान में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। आरोपी एक साल में कई गरीब हिंदू परिवारों का धर्म परिवर्तन करवा चुके हैं। आर्थिक लोभ में फंसकर गांव के भी दो लोग धर्म बदलवाने में सहयोग कर रहे हैं। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह ने बताया कि वह गांव गए थे। यहां मौजूद महिलाओं ने झाड़ फूंक कराने की बात कही। मामले की जांच की जा रही है। सीओ कायमगंज ने बताया कि शिक्षक समेत हिरासत में लिए गए तीनों लोगों से पूछताछ की जा रही है।




मौके पर मौजूद महिलायें — समृद्धि न्यूज

# सपा छात्रसभा की जिला कमेटी के पदाधिकारियों को दिये गये मनोनयन पत्र

▸ कार्यक्रम में विनीत कुशवाहा, डा0 जितेन्द्र सिंह यादव रहे मौजूद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



कार्यक्रम में मनोनयन पत्र के साथ मौजूद छात्रसभा की नवीन कार्यकारिणी

**समाजवादी पार्टी** कार्यालय आवास विकास पर छात्रसभा के हर्ष गंगवार ने अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की। छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, प्रदेश सचिव डा0 जितेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में कार्यकारिणी की घोषणा के साथ-साथ पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किये गये। छात्रसभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार ने आये सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद करते हुए मंचासीन अतिथि विनीत कुशवाहा, डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, चन्द्रपाल सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह गौर, भोला यादव, शशांक सक्सेना, सौरभ कटियार, बृजेश पाल, इलियास मंसूरी, राघव दत्त मिश्रा आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। सभी कार्यकारिणी के सदस्यों को जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने बधाई दी और आने वाले लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य के लिए जी जान लगाकर मेहनत करने के लिए कहा। डॉक्टर जितेंद्र यादव ने सभी सदस्यों को सपा के पक्ष में लग जाने के लिए कहा। हर्ष गंगवार ने अपनी कमेटी में जिला महासचिव राहुल यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवम यादव, अंशुल यादव, अनुराग कुमार, सारिक खान, प्रिंस कटियार, सूर्या यदुवंशी, आयुष कुमार, शिवम गंगवार, रतनेश कुमार को उपाध्यक्ष बनाया है। मीडिया प्रभारी साकिब खान बने। जिला सचिव सुबोध यादव, मनोज गंगवार, विपुल गंगवार, मयंक गंगवार, विक्रम यादव, नीलेश शाक्य, आकाश शाक्य, मगन शाक्य, कुलश्रेष्ठ, सचिन यादव, डा0 विवेक, दुर्वेश यादव, आकाश राजपूत, अवनीश जाटव, सोनू गौतम, दीपक माथुर, विकास सूर्यवंशी, योगेन्द्र सिंह, अजय कुमार, दीपेन्द्र पाल, राजा पाण्डेय, आकाश पाठक, विशाल यदुवंशी, अभिनव यादव, अंशुल कुमार, गुलफाम अहमद, सुखवीर, राजीव कुमार को जिम्मेदारी दी है। साथ ही 12 कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाया है।

# मोहन गंगवार बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने शमशाबाद निवासी मोहन गंगवार को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घोषित किया गया। मोहन गंगवार ने कहा कि वह पूर्ण निष्ठा के साथ समाजवादी पार्टी में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

अब यह जिम्मेदारी मिली है वह राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने मोहन गंगवार दी। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पूरी दमदारी से पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का काम करूंगा। जिला मीडिया


सिद्धार्थ सिंह के साथ मोहन गंगवार समृद्धि न्यूज

प्रभारी विवेक यादव ने मोहन गंगवार को बधाई दी है।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ किया जन सम्पर्क

▸ कमालगंज में बैठक कर पदाधिकारियों को दिया गुरुमंत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरन सरन समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सरन के नेतृत्व में केके यादव ने अपनी जिला टीम के साथ कमालगंज में बैठक कर क्षेत्र के विभिन्न गांव में पार्टी प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के लिए प्रचार-प्रसार किया। ग्राम भड़ौसा, फतेहउल्लापुर गांव में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी को जिताने के लिए कर्नल शरद सरन ने गुरुमंत्र दिया। साथ ही जिला सचिव मदन पाल निवासी वेनी नगला के ताऊ के निधन पर गांव पहुंचकर सभी ने शोक संवेदना व्यक्त की। भीड़ देखकर कर्नल शरद सरन गदगद हुए और जिलाध्यक्ष केके यादव की प्रसंशा की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष केके यादव, कश्मीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, अनिल यादव, श्रीपाल सिंह, भूपेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह, बेंचेलाल यादव, यशभान सिंह, अमित कुमार, छोटे सिंह, बृजेश सिंह, महेन्द्र सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, सर्वेश कुमार, बहादुर सिंह, मदन पाल, ओमसरन वर्मा, हरिनाम वर्मा, रामसेवक वर्मा, अनुज वर्मा, देव सिंह वर्मा, रंजीत राजपूत, अखिलेश वर्मा, रामनिवास वर्मा, विवेक वर्मा, प्रमोद वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, अतुल वर्मा, अजय वर्मा, जगत सिंह वर्मा, अनुज कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फोटो प्रदर्शनी की कार्यशाला का हुआ आयोजन

▸ बदलते परिवेश में फोटोग्राफी की गुणवत्ता ही सबकुछः सुरेन्द्र सिंह बिष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


कार्यशाला का अवलोकन करते सुरेन्द्र सिंह बिष्ट समृद्धि न्यूज

**फोटोग्राफी उपकरणों** की प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का आयोजन ठंडी सड़क स्थित एक होटल के सभागार में सम्पन्न हुई। आधुनिक युग में बदलते परिवेश में जनपद फोटोग्राफी में उपकरण कैमरा, प्रिंटर, फोटो फ्रेम, एलवम आदि की प्रदर्शनी लगायी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विभिन्न कम्पनियों के सोनी, निकोन आदि कैमरों की प्रदर्शनी एवं एलवमो के काउंटरों का अवलोकन कर फोटो व्यवसाय में कुशलता एवं निपुणता के गुर दिये। कार्यशाला में फोटो क्वालिटी एवं गुणवत्ता, कार्यशैली के बारे में चर्चा करते हुए टिप्स दिये गये। वर्तमान में परिवेश में फोटोग्राफी एक कला ही नहीं बल्कि जरुरत है। इसको सजोय रखने के लिए तरह-तरह के कैमरों व मोबाइल कैमरों का प्रचलन हावी है। अब आसानी से हर व्यक्ति अपनी मन चाही फोटो मोबाइल में कैद कर सकता है। कुछ फोटोग्राफी का महत्व शादी एवं उत्सव एवं पारिवारिक कार्यक्रमों तक ही सीमित होता जा रहा है। ऐसे में फोटो की पारदर्शिता को सक्षम बनाये रखने के लिए कार्यशालाओं का समय-समय पर होना अति आवश्यक है। सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने सभी से अपील की है कि समय के साथ बदलाव आया है। इसलिए लोग गुणवत्ता पर ध्यान पर दे। इस अवसर पर फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला, समाजसेवी संजय गर्ग ने अवलोकन किया। संजय गर्ग ने अध्यक्ष मुकेश शुक्ला को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान जनपद के विभिन्न फोटोग्राफर व स्टूडियो संचालक, अनुराग पाण्डेय रिन्कू, अमित राठौर, अवधेश पाल, नरेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने हस्ताक्षर अभियान कर ली मतदाता जागरुकता की शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 वी0के0 सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रविवार को महिला मतदाता जागरूकता अभियान प्रभारी भारती मिश्रा ने ग्राम चांदपुर में महिला मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया। भारती मिश्रा ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण में सदैव अपना योगदान दिया है, एक बार पुनः उनके योगदान की महती आवश्यकता है। सभी महिला मतदाताओं से अपील है कि इस बार 13 मई को होने वाले चुनाव में अपने परिवार के तथा अपने समस्त रिश्तेदारों के शत-प्रतिशत वोट करने का संकल्प



महिलाओं को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाती भारती मिश्रा

लेते हुए हस्ताक्षर करें। इसके साथ ही उन सभी को मतदाता शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर पूनम रानी, चांदनी, दिव्यांशी, लाली देवी, सीता, चंद्रकला, राम देवी, बसंती, शीला, सुरेखा, चंद्रिका, मनोरमा देवी, माला देवी, पुष्पा देवी, सुमन, चांदनी, चांदनी कटियार, सविता, शालिनी, कनका कुमारी, प्रेमलता, श्रीदेवी, कुसुमा आदि मौजूद रही।

# करणी सेना के नेतृत्व में आधा दर्जन सगठनों ने सांसद का किया गया विरोध

▸ क्षत्रिय जन चेतना अभियान के तहत गांव-गांव संगठन करेगा बैठक
▸ सभी ने मिलकर एक सुर में जिला बचाओ का दिया नारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद करणी सेना सहित क्षत्रिय समाज के लोग

**राष्ट्रीय राजपूत** करणी सेना के नेतृत्व में पांचाल घाट स्थित एक विद्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें सांसद मुकेश राजपूत के विरोध करने का ऐलान किया गया। पिछले दस वर्षों में सांसद द्वारा विकास नहीं कराने की बात कही गई। करणी सेना जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर ने बताया कि बैठक में क्षत्रिय जन चेतना अभियान चलाया जायेगा। राजेपुर ब्लॉक में रामलीला मैदान में पहली बैठक तय की गई। जिसके बाद गांव-गांव जाकर समाज के लोगों से मिला जायेगा। बैठक में तय किया गया कि जिले में समाज का एक तरीके से राजनैतिक बहिष्कार किया जा चुका है। इसलिए लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी पार्टी को वोट की ताकत का अहसास कराना आवश्यक है। सभी ने मिलकर जिला बचाओ का नारा दिया। करणी सेना जिला महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़ ने कहा कि समाज के वोट की शक्ति दिखाने का सही समय आ गया है। क्षत्रिय समाज अब किसी एक पार्टी का गुलाम नहीं है। जनपद में महाराणा प्रताप मूर्ति लगवाने का भाजपा का वायदा भी पूरा नहीं हुआ। राजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह गौर ने कहा कि जनपद में क्षत्रिय समाज निर्याणक भूमिका में है। समाज को नकारने वालों को यह महंगा पड़ेगा। भाकियू भानु गुट जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी ने कहा कि भाजपा सांसद न ही किसान हितैषी है और न उन्हे जिले की जनता की फ्रिक है। वह सिर्फखुद का भला करना चाहते है। वह अपनी कही हुई बातों पर भी कायम नहीं रख सकते है। इसलिए इस बार बदलाव आवश्यक है। बैठक में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की बैठक में विश्व क्षत्रिय परिषद जिलाध्यक्ष विक्की ठाकुर, क्षत्रीय समाज सेवा संस्थान राजपा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह गौर, भाकियू भानु गुट जिलाध्यक्ष नरेंद्र सोमवंशी, हिमांशु सोमवंशी, राहुल परिहार, राहुल चौहान, जीतेन्द्र चौहान, शिव प्रताप सिंह, जानू राठौर, अमन राठौर आदि लोग मौजूद रहे।

# सरकारी जमीनों पर चल रही कबाड़ दुकानों पर गिरेगी ध्वस्तीकरण गाज

**कालपी (जालौन)।** सरकारी जमीन पर संचालित कबाड़ की दुकान पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हो सकती है। इसके लिए उचित मौका देख हाईवे अथॉरिटी के साथ वन विभाग ने भी सरगर्मी बढ़ा दी है। सूत्रों से मिली जानकारी की मानें तो जल्द ही वन विभाग या फिर हाइवे किनारे संचालित होने वाली कबाड़ दुकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी जा सकती हैं। विदित हो कि लगभग दो दशक से चौरासी गुम्बद के आगे हाईवे पर कबाड़ की दुकान संचालित है जहां पर अधिकांश समय लोहा लदे ट्रकों के साथ पेट्रोलियम कम्पनी के टैंकरों की भी मौजूदगी रहती थी हालाकि हाईवे और वन विभाग की जमीन पर चल रही इस कबाड़ की दुकान पर न तो संबंधित विभागों ने और न ही प्रशासनिक जिम्मेदारों ने सज्ञान लिया जिसके चलते यहा पर व्यवसायिक गतिविधि और तेज हो गई थी। हालांकि स्थानीय प्रशासन ने इसको कोई तबज्जो नहीं दी थी पर यहां पर चल डीजल पेट्रोल के अवैध कारोबार की भनक एसटीएफ कानपुर यूनिट को लग गयी थी और उन्होंने गुरुवार शाम वहां पर छापेमारी कर डीजल और पेट्रोल के अवैध कारोबार का खुलासा कर दिया था। इस दौरान टीम ने 3240 लीटर डीजल पेट्रोल के साथ पेट्रोलियम कम्पनी की गाड़ी भी बरामद की थी। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था। लेकिन इस खुलासे के बाद सरकारी जमीन पर संचालित हो रही दुकान का मामला सुर्खियों में है और मामले में स्थानीय प्रशासन के साथ वन विभाग और हाईवे अथारिटी पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# 17 अप्रैल को नगर में भव्यता के साथ निकाली जायेगी श्रीराम नवमी शोभायात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीराम विविध कला केंद्र की बैठक नाला मछरट्टा स्थित सूर्य प्रकाश भारद्वाज के निवास पर शोभा यात्रा निकालने हेतु विचार विमर्श हुआ। बैठक का संचालन आदित्य दीक्षित ने किया। विविध कला केंद्र के संस्थापक विजय दुबे मटर लाल ने कहा कि 17 अप्रैल को रामनवमी शोभा यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली जायेगी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम का अभिषेक होगा। मंगलवार को नारायण गेट चौक पर पूजन व मण्डप नेहरु रोड, घुमना तक चारद्वार बनाये जाये। शहर को भगवामय बनाकर ध्वज पताका लहराये जायेगी। श्रीराम की भव्य झांकी के साथ लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन की मनमोहक झांकिया भी निकलेगी। भगवान के आगे राममय कीर्तन करते हुए बैण्डबाजा व आदी शक्ति मां दुर्गा का रथ अपनी छवि प्रकट करते हुए आकर्षक का केंद्र रहेगा। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने बताया कि शोभा यात्रा को सभी सनातनी भव्य बनाये और अयोध्या की तरह हमारे नगर को भी सजाये, जो अयोध्या सा लगे। मंत्री दीपक मिश्रा ने कहा कि सभी रामभक्त अपने घरों पर दीप जलाये व झंडो से अपने द्वार को सजाये। सूर्यप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि सभी से सम्पर्क कर शोभायात्रा को भव्य बनाया जायेगा। सागर भारद्वाज ने कहा कि यात्रा को भव्यता प्रदान की जायेगी। इस मौके पर आनंद प्रकाश गुप्ता, शक्ति सिंह कुशवाहा, प्रबल त्रिपाठी, रामजी दीक्षित, रवि बाजपेयी, गोपाल मिश्रा, नारायण दत्त द्विवेदी, लकी, ईशू, मदनलाल बृजवासी, छवि मिश्रा, शिवओम पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद विविध कला केंद्र के पदाधिकारी

# सामान्य ज्ञान परीक्षा में 251 बच्चों ने लिया भाग

▸ डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में परीक्षा का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**


सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लेते बच्चे समृद्धि न्यूज

**डा0 भीमराव** अम्बेडकर का 133वां जन्मदिवस समारोह एवं विशाल धम्म यात्रा 14 अप्रैल को धूमधाम से निकाली जायेगी। जिसके तहत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन नेकपुर स्थित एक विद्यालय में सम्पन्न हुआ। डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति फतेहगढ़ के तत्वाधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगित सम्पन्न हुई। अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, महासचिव सुरेन्द्र सिंह राणा सहित प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर, श्रीकृष्ण गौतम, संतोष दिवाकर, अशोक कुमार कठेरिया, रमेश दिवाकर, जितेन्द्र कुमार, प्रभाकर वर्धन, सुनील कुमार, बृजेश, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार, अमित गौतम, रामरतन गौतम सहित बड़ी संख्या में पहुंचकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में 251 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्नातक के 22 छात्र, कक्षा 9 से 12 तक के 89 छात्र-छात्रायें, कक्षा 6 से 8 तक के 89 छात्र-छात्रायें, कक्षा 3 से 5 तक 48 बच्चे, कक्षा 1 से 2 तक के 13 बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर भगवान दास कश्यप, अमृता आर्या, गौरव, दिनेश, मुकेश, अतेंद्र, प्रभु दयाल, विनोद कुमार, सुरेन्द्र सिंह राणा, सुधा, सुनीता, गीता, ओमशांति, उपासना, सोनी बौद्ध, भावना आदि शिक्षिकायें भी मौजूद रही।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर बाइक दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत दूसरा घायल

**जालौन (उरई)।** ईद के पर्व पर हैदराबाद से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे होकर बाइक से घर जा रहे युवकों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसे बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ जबकि दूसरे युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अगले कुछ दिनों में ईद का पर्व आने वाला है। ऐसे में मुस्लिम समाज के लोग जो बाहर काम कर रहे हैं। अक्सर अपने घर पहुंचकर अपनों के बीच ईद का पर्व मनाते हैं। ऐसे ही बरेली निवासी युवक मुजफ्फर (28) पुत्र शकील व अकबर (30) भी काम धंधे के लिए हैदराबाद गए थे। ईद के पर्व को देखते हुए वह दोनों हैदराबाद से वापस बरेली बाइक से आ रहे थे। जब उनकी बाइक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 208 के करीब पहुंची तभी अचानक साइड रेलिंग से टकराकर उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें तेज रफ्तार बाइक सवार दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस दोंनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने अकबर को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल मुजफ्फर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

**कार्यकारिणी** — समाजवादी लोहिया वाहिनी की 51 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित

# लोहिया वाहिनी डा. नवल किशोर शाक्य को जिताने के लिए रात-दिन करेगी कामः अनुराग यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** कार्यालय आवास विकास पर लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव/अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर व जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना एवं महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा, अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष भोला यादव मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष सौरव कटियार ने किया। लोहिया वाहिनी की 51 सदस्यीय कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए अनुराग यादव ने कमेटी में जिला उपाध्यक्ष रजनेश कुमार, रवि यादव, पवन कठेरिया, विपिन सिंह, वीनेश पाल, इरफान खां, मोहित कुमार, हेमंत सिंह, नितिन यादव को बनाया है। जिला महासचिव राजेश कुमार चतुर्वेदी बने। जिला कोषाध्यक्ष व सोशल मीडिया प्रभारी गोपाल यदुवंशी बनाये गये। जिला सचिव सुनील दिवाकर, अजय यादव, डा0 कमलेश माथुर, प्रवीण यादव, साबिर मंसूरी, अमन शाक्य, पवन सिंह, सनी कनौजिया, अतुल यादव, मोहम्मद शरीफ, पुष्पेन्द्र सिंह, आशीष पाल, छविराम सिंह, अखिलेश यादव, सुरजीत पाल, शिवपाल सिंह यादव, नवाब सिंह, अनमोल सिंह, नवनीत सोलंकी, संजीव यादव, ऋषिपाल यादव, अमन बाल्मीकि, अनिरुद्ध प्रताप सिंह, अभिषेक यादव को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य आसिफ सिद्दीकी, नितिन राजपूत, सितन शाक्य, पंकज यादव, महिपाल कश्यप, अभिषेक सोनी, रेशम पाल, अर्जुन सिंह, विनय दिवाकर, संदीप राजपूत, धीरेन्द्र सिंह, कुलदीप यादव, राजगब्बर सिंह, रामेश्वर चौहान, आशीष मसीह को बनाया गया है। साथ ही कायमगंज विधानसभा अध्यक्ष योगेश यादव, सिन्टू बाथम, मोहसीन बादशाह, रामभान जोशी बने। ब्लाक अध्यक्ष कायमगंज केतन गौतम, शमशाबाद ब्लाक अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, राजेपुर ब्लाक अध्यक्ष आदेश कुशवाहा, नवाबगंज ब्लाक अध्यक्ष गौरव ठाकुर, मोहम्मदाबाद ब्लाक अध्यक्ष श्रवण सिंह, बढ़पुर ब्लाक अध्यक्ष श्रीकांत दिवाकर, जहानगंज ब्लाक अध्यक्ष रीतेश यादव बने है। कायमगंज नगर अध्यक्ष सचिन श्रीवास्तव, कम्पिल नगर अध्यक्ष अवनीश गौतम, नवाबगंज अध्यक्ष पंकज कश्यप, संकिसा नगर अध्यक्ष रक्षपाल यादव, कमालगंज नगर अध्यक्ष रामू यादव, मोहम्मदाबाद नगर अध्यक्ष अभिषेक यादव, खिमसेपुर नगर अध्यक्ष शिवम सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाध्यक्ष अनुराग यादव ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी का प्रचार-प्रसार कर पार्टी प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताने का काम करें।


कार्यक्रम में मौजूद लोहिया वाहिनी के पदाधिकारी

### सीएम धामी ने चंबा में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा

# 140 करोड़ लोगों के विकास के लिए मोदी जरूरी

**टिहरी के विकास के लिए मोदी के जेहन में हैं योजनाएं**

समृद्धि न्यूज



**नई टिहरी।** चंबा में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जहां कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए जमकर बरसे वहीं प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड का हितैषी बताते हुए कहा कि टिहरी में जी-20 के दो-दो सम्मेलन करवाने का मौका दिया। इससे देश-विदेश के लोगों के बीच टिहरी की पहचान बनी। मुख्यमंत्री धामी चंबा में टिहरी से लोकसभा सीट की उम्मीदवार माला राज्य लक्ष्मी शाह के पक्ष में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उत्तराखंड से विशेष लगाव है। इसका परिणाम है कि टिहरी का मास्टर प्लानिंग भी प्रधानमंत्री के दिलोदिमाग में है।

टिहरी के लिए टनल की डीपीआर पर तेजी से कार्य हो रहा है। टिहरी के 7800 करोड़ के प्रोजेक्टों के तहत रिंग रोड़ का काम शुरू किया जा रहा है। टिहरी झील के विकास के लिए एडीबी की मदद से 1300 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। चुनाव से पहले 8 हजार करोड़ की घोषणाओं में टिहरी के लिए करोड़ों की योजनाओं की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री मोदी गरीबी को जड़ से उखाड़कर फेंकने की योजना पर काम कर रहे हैं। इसके तहत युवाओं, महिलाओं व किसानों को लखपति दीदी, किसान सम्मान, उज्ज्वला योजना, हर घर नल, गरीब कल्याण योजना के तहत लाभ पहुंचाया जा रहा है। कांग्रेस को विकास के साथ ही महिला विरोध करार देते हुए धामी ने कहा कि

**कांग्रेस ने परिवार वाद व भ्रष्टाचार को दिया बढ़ावा**

कांग्रेस पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस परिवार वाद, भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार को हमेशा बढ़ावा देती आई है। जबकि प्रधानमंत्री मोदी देश के विकास के विकास की बात करते हैं। देश के 140 करोड़ लोगों के जीवन स्तर को बढ़ाने की बात करते हैं। इसलिए इस बार का चुनाव देश के विकास का चुनाव, देश के सशक्तिकरण का चुनाव और देश के विश्व पटल पर स्थापित करने का चुनाव है। इसके लिए मोदी सरकार को 400 सीटें पार करवाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी की सरकार बनने की बात हो रही है। ऐसे में टिहरी का योगदान अहम होना चाहिए। टिहरी सीट पांच लाख से अधिक वोटों से विजयी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से देश का विकास हुआ है। उससे भारत को सपेरों का देश कहने वाले अमेरिका व यूरोप के लोग भी अचंभित हैं। देश में स्किल इंडिया व मेक इन इंडिया कार्यक्रमों देश के विकास को चरम पर पहुंचाने का काम किया है।

**पीएम ने शरणार्थियों को दी नागरिकता**

140 करोड़ लोगों के लिए समर्पित मोदी ने देश में 370 खत्म करने के साथ ही उत्पीड़ित शरणार्थियों को नागरिकता देने का काम किया है। उन्होंने देश में राम मंदिर का निर्माण कर राम को लेकर सवाल करने वालों का मुंह बंद करने का काम किया है। राज्य सरकार अब अयोध्या में उत्तराखंड के लोगों के लिए गेस्ट हाउस बनाने का काम करेगी। सेना का मनोबल बढ़ाने का काम पीएम मोदी ने किया है। आज दुश्मन को मुंहतोड़ जबाब देने के लिए किसी परमिशन की जरूरत नहीं है। गोली का जवाब गोले से देने को आदेश हैं।

# राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने रामलला के दर्शन कर लिया आर्शीवाद

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सपरिवार रविवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मंदिर के पुजारी ने अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। इससे पूर्व उन्हें सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचने पर जिले के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

दर्शन के बाद कलराज मिश्रा ने पत्रकारों से कहा कि वे भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार अयोध्या पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक है जिस मंदिर के निर्माण के लिए कोटि-कोटि लोग लगे रहे, आंदोलनरत रहे, हम सब लोग भी आंदोलन में सहभागी थे। जब मंदिर बन गया तो मन को इतनी प्रसन्नता हुई है कि इसको प्रकट नहीं किया जा सकता। राज्यपाल मिश्र ने कहा, अयोध्या पहुंचकर मैं अपने को धन्य महसूस कर रहा हूं। यह कभी कल्पना नहीं की थी कि हम लोगों के काल में राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। भगवान राम की कृपा से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है।

संत महात्माओं के सामूहिक प्रयास से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, अयोध्या में बहुत परिवर्तन हो चुका है। मैं अयोध्या पहुंचकर देख रहा हूं क्या मैं उस अयोध्या में पहुंचा हूं जहां मैं बार-बार आता था या किसी और नगरी में पहुंच गया हूं। अयोध्या में जबरदस्त विकास हुआ है। मिश्र ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भव्य बना है। इसने अयोध्या का स्वरूप ही बदल दिया है। यहां आने के बाद एक अद्भुत प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। यहां के विकास को देखकर लगा कि विश्वभर के सर्वाधिक लोग रामलला का दर्शन करें।

## समुद्री डकैती विरोधी अभियानों के लिए जहाज आईएनएस शारदा सम्मानित

**डाकुओं से ईरानी जहाज की कराई थी सुरक्षित रिहाई**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार ने सफल समुद्री डकैती विरोधी अभियान चलाने के लिए आईएनएस शारदा को 'ऑन द स्पॉट यूनिट प्रशस्ति पत्र' से सम्मानित किया।

यह जहाज ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी के सभी 19 चालक दल के सदस्यों की सुरक्षित रिहाई में शामिल था, जिसमें 11 ईरानी और 08 पाकिस्तानी नागरिक थे। इस जहाज को सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डाकुओं ने बंधक बना लिया था। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस शारदा को अपहृत ईरानी मछली पकड़ने वाले जहाज ओमारी को समुद्री लुटेरों के कब्जे से मुक्त कराने का जिम्मा सौंपा गया था। भारतीय जहाज ने रातभर गोपनीय खोज जारी रखने के बाद 01 फरवरी की रात में ईरानी जहाज को रोक लिया और 02 फरवरी को सुबह हेलीकॉप्टर और उसके बाद प्रहार टीम को उतारा गया। भारतीय टीम की आक्रामकता से समुद्री डाकू चालक दल और ईरानी जहाज को सुरक्षित रूप से छोड़ने के लिए मजबूर हुए। इसके बाद अपहृत मछली पकड़ने वाले जहाज और उसके चालक दल को सोमाली समुद्री डाकुओं से छुड़ा लिया गया। भारतीय नौसेना की ओर से समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए तैनात जहाज और मिशन के अथक प्रयास ने हिंद महासागर क्षेत्र में नाविकों की सुरक्षा बढ़ाने के भारतीय नौसेना के संकल्प को बरकरार रखते हुए समुद्र में बहुमूल्य जिंदगियां बचाईं। नौसेना प्रमुख ने कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान टीम शारदा के साथ बातचीत की।

### पूरा मध्यप्रदेश मोदीमय हो गया है : यादव

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज मध्यप्रदेश की धरती में आगमन हो रहा है, जिसके चलते पूरा प्रदेश मोदीमय हो गया है। डॉ यादव ने यहां एक बयान में कहा कि आज मध्यप्रदेश की धरती पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का आगमन हो रहा है। वे आज अपने महाकौशल और संस्कारधानी जबलपुर में रोड शो से चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। पहले चरण में चुनाव महाकौशल और गोंडवाना में क्षेत्र है। ये श्री मोदी का प्रेम है कि रानी दुर्गावती के समाधि स्थल जबलपुर में आकर मध्यप्रदेश के विकास का एक नया संकल्प लेकर चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे, जो तीसरी पारी की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरा मध्यप्रदेश मोदी मय हो चुका है। चारों तरफ जनता का अपार स्नेह और समर्थन भाजपा के पक्ष में आ रहा है। मध्यप्रदेश की धरती पर एक बार फिर वे श्री मोदी का अभिनंदन और स्वागत करते हैं।

## आईआईएम बोधगया के छठे दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**सामाजिक परिवर्तन लाने में शिक्षा की शक्ति के बारे में चर्चा**

**पटना।** आईआईएम बोधगया के छठे वार्षिक दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी सुदेश धनखड़ के साथ भाग लिया। रविवार को गया में आयोजित दीक्षांत समारोह में 245 स्नातक छात्रों को स्कोलस्टिक पदक और डिग्री देकर सम्मानित किया। यह सम्मान अध्यक्ष स्वर्ण पदक, निदेशक स्वर्ण पदक और आईआईएम बोधगया के सर्वश्रेष्ठ छात्र स्वर्ण पदकों को क्रमशः अमरद्युति बासु, दीपक शर्मा और सुजीत अनिल चौबे ने ओर से प्राप्त किये गये। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ग्रेजुएट्स से लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाए रखने के महत्व और सामाजिक परिवर्तन लाने में शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में चर्चा की।

समारोह की शुरुआत आईआईएम बोधगया के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष उदय कोटक के स्वागत भाषण से हुई। कोटक ने वर्ष 2015 में आईआईएम बोधगया की स्थापना और परिसर में छात्रों की संख्या के मामले में देश के शीर्ष पांच आईआईएम में शामिल होने तक की यात्रा का संक्षेप में वर्णन किया। कोटक ने कहा कि हमें एक चुनौती और एक अवसर दिया गया था और हमने इसे बोर्ड के सभी सदस्यों के साथ मिलकर लिया और सरकार के दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदल दिया। आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता सिंह सहाय ने शैक्षणिक वर्ष 2022-2023 के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया, जिसमें संस्थान की उपलब्धियों और नए इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं भारत के जी 20 शेरपा एवं नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत भी मौजूद रहे।

### कर्नाटक के लोगों को भ्रमित कर रहा केंद्र : सिद्दारामैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष फंड के में देरी को लेकर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। साथ ही उन्होंने केंद्रीय मंत्री अमित शाह और निर्मला सीतारमण पर समय पर निर्णय लेने से बचने और भ्रामक बयानों से जनता को भ्रमित करने का आरोप भी लगाया है। श्री सिद्दारामैया ने एक्स पर कहा,÷केंद्र सरकार को कर्नाटक की कोई परवाह नहीं है। केंद्र सरकार उच्च स्तरीय समिति की बैठक आयोजित करने और हमारे एनडीआरएफ दावों पर निर्णय लेने में विफल रहने के कारण केंद्रीय मंत्रियों को बेंगलुरु में आकर जनता को भ्रमितकरने और आधे अधूरे सच को बताने के लिये तैनात कर रहे हैं। श्री सिद्दारामैया ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के बीच अंतर को समझाते हुये तर्क दिया कि एसडीआरएफ आवंटन वित्त आयोग की सिफारिश पर आधारित है और राज्य का अधिकार है, जबकि एनडीआरएफ से अभूतपूर्व आपदा स्थितियों में अतिरिक्त समर्थन की जरूरत होती है।

## खबरें एक नजर में

**अग्निबाण रॉकेट लॉन्चिंग की तीसरी कोशिश भी नाकाम**

**श्रीहरिकोटा।** चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने अग्निबाण रॉकेट के प्रक्षेपण को रद्द कर दिया। यह प्रक्षेपण उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले रद्द किया गया। इसके पीछे अग्निकुल कॉसमॉस ने तकनीक खामियों का हवाला दिया है। बता दें कि अग्निबाण एक सेमी क्रायोजेनिक रॉकेट है और 22 मार्च से अब तक इसके परीक्षण का यह तीसरा प्रयास था। यह परीक्षण उड़ान श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में अग्निकुल लॉन्च पैड पर आयोजित होने वाला था। इससे पहले शनिवार सुबह 7.45 बजे भी प्रक्षेपण की कोशिश की गई थी। यह दूसरा प्रयास था और यह भी सफल नहीं हो पाया था। इसके बाद रविवार को सुबह 5.30 बजे पलॉन्चिंग का समय निर्धारित किया गया था लेकिन इसे भी सुबह 7.45 बजे के लिए टाल दिया गया। आईआईटी चेन्नई इनक्यूबेटेड स्टार्ट-अप का कहना है कि अग्निबाण के प्रक्षेपण को उड़ान के 92 सेकंड पर रद्द कर दिया गया। बता दें कि स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने नवंबर 2022 में विक्रम-एस सब-ऑर्बिटल रॉकेट को लॉन्च किया था। कंपनी का इरादा इसके बाद अग्निकुल को लॉन्च करने का था, जो कि भारत का दूसरा निजी रॉकेट है।

**मेघालय में एक करोड़ की हेरोइन व 45 लाख नकद बरामद**

**शिलांग।** मेघालय पुलिस ने एक करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन तथा चार लाख रुपये नकद बरामद करने के साथ ही चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। मेघालय के पुलिस महानिदेशक डॉक्टर एलआर बिश्नोई ने रविवार को बताया कि शिलांग में रात भर चली कार्रवाई में मादक पदार्थ तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। इस दौरान 4 तस्करों को पकड़ने में कामयाबी मिली। अभियान में एक करोड़ रुपये कीमत की हेरोइन और 45 लाख रुपये नकद जब्त किये गए। डीजीपी ने बताया की हेरोइन आपूर्ति करने वाले गिरोह का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

**महबूबा अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में**

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेगीं। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि पीडीपी ने श्री मुफ्ती को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से उतारने का फैसला किया है जबकि पार्टी की युवा शाखा के अध्यक्ष वहीद पारा को श्रीनगर और राज्य सभा के पूर्व सांसद मीर फयाज को बारामूला लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।

**जनता को पांच न्याय, 25 गारंटी पर भरोसा : कांग्रेस**

**नयी दिल्ली ।** कांग्रेस ने कहा है कि आम जनता को पार्टी की पांच न्याय 25 गारंटी पर पूरा भरोसा है और यह उनमें एक नई उम्मीद जगा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय, पच्चीस गारंटी भारत के लोगों में 10 साल के कथित अन्याय-काल के बाद एक नई उम्मीद जगा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गारंटी वक्त की मांग है। यह देश की पीड़ित जनता की आवाज़ है।

**फिल्ममेकर गंगू रामसे का 83 साल की उम्र में निधन**

**मुंबई।** वेटरन फिल्ममेकर, डायरेक्टर और सिनेमैटोग्राफर गंगू रामसे का 7 अप्रैल को निधन हो गया। 83 साल के गंगू रामसे पिछले 1 महीने से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में चल रहा था। रामसे ब्रदर्स हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर थे। गंगू रामसे के निधन की खबर उनके परिवार ने एक आधिकारिक स्टेटमेंट से कन्फर्म की। परिवार ने स्टेटमेंट में लिखा, अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि रामसे ब्रदर्स में से एक लीजेंड्री सिनेमैटोग्राफर, फिल्ममेकर, प्रोड्यूसर और एफ.यू. रामसे के दूसरे बेटे गंगू रामसे का निधन हो चुका है। 83 साल की उम्र में पिछले एक महीने से स्वास्थ्य संबंधी समस्या से परेशान रहे गंगू रामसे आज सुबह 8 बजे हमें छोड़कर चले गए।

**प्रधानमंत्री का हमें सनातन विरोधी कहना अनुचित : तेजस्वी**

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर भड़ास निकाली। दरअसल, पीएम ने नवादा में हुई रैली में कहा कि विपक्ष सनातन विरोधी है। इस पर तेजस्वी ने कहा कि यह लोग भगवान से अपने आप को ऊपर मान रहे हैं। भगवान सब देख रहा है, जब भगवान फैसला करेगा तो इन लोगों को समझ में आ जाएगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कैसे कह दिया कि हम लोग सनातन विरोधी है। क्या हम लोग पूजा नहीं करते हैं? क्या हमारे घर में मंदिर नहीं है? मेरे घर में मंदिर है हम पूजा करते है, क्या यह दिखाने वाली है? क्या भाजपा के नेता खुद को भगवान समझ रहे हैं? भाजपा अपनी तुलना भगवान के साथ न करें। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। जब हमारे साथ थे तो बीजेपी को क्या-क्या नहीं बोलते थे और अब उधर चले गए हैं तो क्या-क्या बोलते हैं, मुद्दे इनके पास नहीं है। राजद नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री से हमने सवाल पूछा है भ्रष्टाचार पर उम्मीद है कि वह इस पूरे मामले पर कुछ बोलेंगे।

## भारत का बाजू, अल्लूरी सीताराम राजू का मंचन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था जनता टेक्निकल एजुकेशनल सोसायटी, लखनऊ के तत्वावधान में देशभक्ति का गुणगान जन जन तक गाने हेतु ही रंगमंच पर पहली बार वरिष्ठ नौटंकी विशेषज्ञ व नाट्य निर्देशक अमित दीक्षित रामजी द्वारा संवाद लेखन, परिकल्पना, संगीत व निर्देशन में देश के महान क्रांतिकारी अल्लूरी सीताराम राजू की संघर्ष गाथा को नौटंकी शैली पर आधारित प्रस्तुति भारत का बाजू, अल्लूरी सीताराम राजू का मंचन सांस्कृतिक दल के 60 कलाकारों द्वारा संत गाडगे प्रेक्षागृह, उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में भव्यता से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि नीरज कुमार सिंह, चेयरमैन, फिक्की यूपी चैप्टर, ब्रज बहादुर, बीजेपी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुराग मिश्रा अन्नू पार्षद, चौक, डॉ.अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ रंगकर्मी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर संगीतमय नौटंकी - नाट्य प्रस्तुति में देशभक्ति की धारा को अलग ढंग से परिभाषित व प्रस्तुत किया गया है। इस प्रस्तुति की कहानी प्रमुख पात्र अल्लूरी सीताराम राजू के बचपन से प्रारंभ होकर आदिवासी समाज के लिए संघर्ष से प्रारंभ होती है। नट - नटी द्वारा मनोरंजन के साथ उनकी कथा का वर्णन संगीतमय ढंग से प्रस्तुत किया गया। बारह वर्ष की अवस्था में उन्होंने गृह त्याग हिमालय की ओर प्रस्थान किया व सन्यास धर्म स्वीकार कर अपना सम्पूर्ण जीवन समाज हित में समर्पित कर दिया। हिमालय पर्वत जाकर उन्होंने जो ज्योतिष और आयुर्वेद का ज्ञान अर्जित किया, गांव आकर उस ज्ञान से ही समाज को लाभान्वित किया। उस समय अंग्रेजों का बोलबाला था, हर तरफ उनका ही शासन था, पर कुछ क्रांतिकारी बहादुर इनके खिलाफ आंदोलन में कूद पड़े। पूज्य अल्लुरी अंग्रेजों के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया और असलहे, गोले बारूद के भंडार लूटकर, थाने बर्बाद कर ब्रिटिश सरकार की नींद हराम कर दी। अंग्रेज भी उनसे परेशान होकर उन्हें कैद में डालने के लिए तरह तरह के यत्न करने लगे। दूसरी तरफ क्रांतिकारी बिरैयादौरा भी अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की जंग लड़ने के लिए अपनी अलग सेना तैयार कर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर रहे थे। जल, जंगल और जमीन के संघर्ष ने दोनो बहादुर लड़ाकों को एक कर दिया और इस तरह उनकी शक्ति दोगुनी हो गई। रंपा घाटी को आजाद कराने के लिए दोनो संघर्ष करते हैं और अंत में अपने साथियों सहित कुर्बान हो जाते हैं। लोगों को अल्लुरी का चरित्र प्रेरित करता है कि वो भी समाज के लिए प्रेरणा बनें और समाज को सत्कर्मों पर चलने की सीख दें। इस कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग के बौद्धिक, सामाजिक व राजनैतिक गणमान्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

### बस्तर लोकसभा सीट से सर्वाधिक 11 उम्मीदवार के चुनाव लड़ने का बना रिकार्ड

**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा सीट का रिकॉर्ड हमेशा से रोचक रहा है। कभी यहां सबसे ज्यादा बार निर्दलीय उम्मीदवार सांसद बनते हैं तो कभी सबसे कम उम्मीदवारों के बीच मुकाबले का रिकॉर्ड बनता है। वर्ष 2024 के मौजूदा चुनाव में नया रिकॉर्ड बना है। पहली बार ऐसा हो रहा है जब बस्तर लोकसभा सीट से सर्वाधिक 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। इससे पहले साल 1970 में हुए लोकसभा चुनाव में 10 उम्मीदवार मैदान में थे, तब नौ उम्मीदवार निर्दलीय और एक मात्र उम्मीदवार जनसंघ से बलीराम कश्यप अकेले दलीय उम्मीदवार थे। उस चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार लंबोदर बलीहार लोकसभा का चुनाव जीते थे। बस्तर लोकसभा सीट में सर्वाधिक 11 लोकसभा के उम्मीदवार का नया इतिहास दर्ज हो गया है। इस बार के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, भाकपा समेत अन्य क्षेत्रीय दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं, वहीं दो निर्दलीय सहित 11 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

## लालू-राबड़ी के शासन में बिहार में नहीं हुआ कोई काम : सीएम नीतीश

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी (लालू यादव और राबड़ी देवी) ने 15 साल तक शासन किया लेकिन कोई काम नहीं हुआ। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में विकास तेज गति से हो रहा है। 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी? आप शाम के बाद अपने घर से बाहर नहीं निकल सकते थे। आज आप घूम सकते हैं स्वतंत्र रूप से पति-पत्नी (लालू यादव और राबड़ी देवी) ने 15 साल तक शासन किया लेकिन कोई काम नहीं हुआ।

उन्होंने कहा कि लोगों को पहले की स्थिति मालूम होनी चाहिए थी। नीतीश कुमार ने कहा कि कम उम्र के जो लोग हैं वह पुरानी बात को नहीं जानते हैं। हम चाहेंगे कि सभी लोग अपने बाल बच्चों को भी याद करा दीजिए । 2005 के पहले क्या स्थिति थी। तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए सीएम ने कहा कि जो लोग कुछ नहीं किए थे। हम गलती से उनको अपने साथ ले लाए, लेकिन अब वह सब जगह घूम-घूमकर कह रहा है कि सारा काम हम किए। वो क्या करेगा 15 साल से सब क्या किया? मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 लाख लोगों को नौकरी देंगे और 10 लाख रोजगार देंगे।

चार लाख लोगों को नौकरी दे दिए हैं। विस चुनाव से पहले हमलोग 10 लाख या उससे भी अधिक सरकारी नौकरी दे देंगे। अभी तक पांच लाख लोगों को रोजगार दे दिए हैं, विस चुनाव तक 10 लाख से अधिक रोजगार दे देंगे। इसके साथ ही नीतीश कुमार ने कई योजनाओं का जिक्र कर बिहार सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले बिजली और शौचालय की क्या स्थिति थी? इसके बाद हम लोग आए तो सब ठीक करवाए। हम लोग आए तो कितनी नौकरी दिए।

# सुबह घंटों बाथरुम में बैठने के बाद भी साफ नहीं होता पेट तो आजमाएं ये नुस्खे



गलत खान-पान और खराब लाइफस्टाइल के कारण आजकल कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इन सब का असर सिर्फशरीर ही नहीं बल्कि पाचन क्रिया पर भी होता है। गलत खान-पान के कारण अक्सर कुछ लोगों को अपच, एसिडिटी और कब्ज का सामना करना पड़ता है। पेट संबंधी समस्याओं के चलते कुछ लोगों का सुबह उठकर पेट भी साफनहीं हो पाता। सुबह घंटों तक बाथरुम में बैठने के बाद भी कब्ज रहती है ऐसे में वह परेशान हो जाते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा ही होता है और सुबह उठकर पेट साफनहीं हो पाता तो आज आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताते हैं जिन्हें आजमाकर आप समस्या से राहत पा सकते हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में।

**नींबू पानी**

सुबह उठकर पेट साफकरने के लिए आप नींबू पानी का सेवन कर सकते हैं। एक गिलास गुनगुना पानी लें और उसमें नींबू का रस निचौड़ लें। अब इसमें थोड़ा सा काला नमक मिलाएं। इस पानी को सुबह खाली पेट धीरे-धीरे करके पिएं। नींबू पानी पीने से आपका पेट आसानी से साफ होने लगेगा। खाली पेट नींबू पानी का सेवन करने से आपको कब्ज की समस्या से राहत मिलेगी।

**अंजीर**

पोषक तत्वों से भरपूर अंजीर का सेवन करके भी आप पेट को साफकर सकते हैं। इसमें फाइबर काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। रातभर अंजीर को गर्म पानी में भिगोकर रखें और अगले दिन सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। अंजीर खाने से आपकी कब्ज दूर होगी और पेट अच्छे से साफ हो जाएगा।

**सेब का सिरका**

यह भी स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। पेट साफ करने के लिए आप इसका सेवन कर सकते हैं। यदि सुबह उठकर आपका पेट जल्दी साफनहीं होता तो सेब का सिरका आपके काम आएगा। एक गिलास गुनगुना पानी लें फिर इसमें 2 चम्मच सेब का सिरका मिलाएं। फिर इस पानी का सेवन करें। इस पानी को पीने के 5 मिनट बाद ही आपका पेट पूरी तरह से साफहोने लगेगा। सेब का सिरका पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा यह कब्ज में भी बहुत फायदेमंद माना जाता है।

**मुलेठी और गुड़**

सुबह उठकर यदि आपका पेट साफ नहीं होता तो मुलेठी पाउडर आप गुड़ के साथ मिलाकर खा सकते हैं। एक गिलास गुनगुना पानी लें और फिर इसमें मुलेठी पाउडर और गुड़ मिलाकर पिएं। मुलेठी और गुड़ से बना पानी पीने से आंतों और पेट का मल आसानी से साफहो सकता है। यदि आप रोज इस पानी का सेवन करते हैं तो इसके 5 मिनट बाद ही आपका पेट अच्छी तरह से साफहो जाएगा।

**सौंफ और जीरा पानी**

पेट साफकरने के लिए सौंफ और जीरा भी लाभकारी साबित हो सकता है। इससे बना पानी पीने से आपका पेट साफ होने लगेगा। रात को एक गिलास पानी में सौंफ और जीरा भिगोकर रखें। फिर अगले दिन इस पानी को उबालकर और छानकर पिएं। सौंफ और जीरे से बना पानी पीने के कुछ देर बाद ही आपका पेट साफहोने लगेगा। गुनगुने पानी के साथ सौंफऔर जीरा पाउडर भी मिलाकर आप पी सकते हैं।

## खून की कमी दूर करेगा खजूर, खाली पेट खाने के जान लें ये फायदे

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अच्छा खान-पान जरुरी है। डाइट में पोषक तत्वों से भरपूर सब्जियां, ड्राई फ्रूट्स शामिल करने से शरीर कई तरह की बीमारियों से दूर रहता है।

ड्राई फ्रूट्स की बात करें तो खजूर का सेवन भी सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इसमें ऐसे कई सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचाते हैं। खजूर में आयरन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पौटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, शुगर, विटामिन-बी6 मौजूद होता है। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर के कई तरह के फायदे मिलते हैं। आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। ऐसे में इस खास दिन पर आपको बताते हैं कि खजूर खाने से शरीर को क्या-क्या फायदे होंगे। आइए जानते हैं।

**खून की कमी होगी दूर** : खजूर में आयरन बहुत अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ती है। यह शरीर में से खून की कमी दूर करने में मदद करता है। रोज सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में आयरन मिलता है और खून की कमी दूर होती है।

**कमजोरी होगी दूर** : इसका सेवन करने से थकान और कमजोरी भी दूर होती है। इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को एनर्जी देने में मदद करते हैं। सुबह के समय इसका सेवन करने से शरीर सारा दिन एनर्जेटिक और दुरुस्त रहता है।

**मांसपेशियां बनेगी मजबूत** : खजूर में प्रोटीन पाया जाता है ऐसे में इसका सेवन करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह हड्डियों को मजबूती देने में मदद करता है। बढ़ती उम्र में होने वाली हड्डियों से जुड़ी समस्याओं को दूर रखने के लिए आप खजूर को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**कोलेस्ट्रॉल रहेगा कंट्रोल** : इसमें मिनरल्स और पौटेशियम पाया जाता है ऐसे में इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। इसमें पौटेशियम बाकी ड्राई फ्रूट्स की मुकाबले ज्यादा होता है ऐसे में यह ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद करता है।

**दिल रहेगा स्वस्थ** : खजूर हार्ट के लिए भी बेहद फायदेमंद होता है। इसमें ऐसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो दिल को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। नियमित इसका सेवन करने से हार्ट मजबूत बनता है और दिल संबंधी बीमारियों का जोखिम भी कम होता है।

**कब्ज से मिलेगी राहत** : इसमें मौजूद फाइबर पाचन को स्वस्थ रखने में मदद करता है। यदि आपको पेट संबंधी कोई समस्या है तो आप इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। रोजाना सुबह इसका सेवन करने से आपको कब्ज से राहत मिलेगी।